# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-30-09-2024

# शादी का झांसा देकर विवाहिता से दुष्कर्म करने का आरोपित गिरफ्तार

**भटहट (एसएनबी)।** पीपीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली विवाहिता ने एक युवक के प्रेम जाल में आकर पति व बच्चे को छोड़ दिया। प्रेमी ने शादी का झांसा देकर शारिरीक संबंध बनाता रहा। महिला ने शादी का दबाव बनाया तो, उसने इंकार कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर गुलरिहा पुलिस ने आरोपित युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया।

■ पहले विवाहिता को प्रेमजाल में फंसाकर उसके पति व बच्चों का छुड़वाया था

■ आरोपित बाद में विवाहिता से शादी करने से कर दिया इनकार

पीड़िता के मुताबिक पीपीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में उसका मायका है । उसकी शादी 3 जुलाई, 2021 को सहजनवा थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई थी। दम्पति से से एक डेढ़ साल का बच्चा है। पिछले कुछ माह से पीड़िता का उसके पति से रिश्ते खराब हो गए। पीड़िता के मुताबिक उसका पति रोज मारता पीटता था, जिससे परेशान होकर उसके भाई व बहन विवाहिता को मायके लेकर चले आए। इसी दौरान रिश्तेदार का एक लड़का गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल एकला नंबर दो निवासी अमित सिंह विवाहिता को अपने प्रेम जाल में फंसा कर शादी करने का वादा किया और शारिरिक संबन्ध बनाता रहा । इस दौरान उसने विवाहिता से कहा कि तुम अपने पति व बच्चे को छोड़ दो तब तुमसे शादी कर लूंगा। उसके कहने पर विवाहिता ने अपने पति व बच्चे को छोड़ दिया। उसके बाद जब पीड़िता ने अमित सिंह से शादी करने को कहा तो उसने शादी करने से मना कर दिया।

पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया।

# नौकरी के नाम पर ठगने वाले की खुलेगी हिस्ट्रीशीट

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : पुलिस महानिदेशक कोटा से दारोगा बनाने व एम्स में नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगने वाले भास्कर शर्मा की हिस्ट्रीशीट खुलेगी। सीओ कैंट ने कागजी कार्रवाई पूरी कर एसएसपी को रिपोर्ट भेजी है। सैनिक विहार नंदानगर के रहने वाले भास्कर शर्मा उर्फ बिट्टू ने पुलिस महानिदेशक कोटे से दारोगा भर्ती कराने के नाम पर बसंतपुर के अवधेश जायसवाल से 10 लाख रुपये की ठगी की थी। इसके अलावा कुशीनगर के नंदलाल वर्मा से उनके लड़कों का एमबीबीएस में एडमिशन एवं पुलिस विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर 30 लाख रुपये व देवरिया के अजय वर्मा की लड़की का नर्सिंग में एडमिशन कराने व माडल शाप का लाइसेंस दिलाने का झांसा देकर 9.80 लाख रुपये वसूले थे। सामने आए मामलों में पुलिस मुकदमा दर्ज करके आरोपित को जेल भेजा था।

# डाक्टर को डिजिटल अरेस्ट कर दी जेल भेजने की धमकी

## पड़ोस में रहने वाले अधिवक्ता के बताने पर काटा फोन

जागरण संवाददाता,गोरखपुरः कोरियर में ड्रग्स होने की जानकारी देकर साइबर अपराधियों ने डाक्टर को डिजिटल अरेस्ट कर लिया। जेल भेजने की धमकी देकर वह उन्हें धमकाने लगे। दवा खाने के बहाने कमरे से बाहर निकलकर डाक्टर ने मामले की जानकारी पड़ोस में रहने वाले अधिवक्ता को दी तो उन्होंने फोन कटवाया। शनिवार की शाम साइबर थाने पहुंचे डाक्टर ने पुलिसकर्मियों को घटना की जानकारी दी।

कैंट क्षेत्र के रहने वाले 80 वर्षीय डाक्टर शनिवार की शाम को टहलने गए थे। शाम सात बजे लौटे तो इसी दौरान उनके पास फोन आया कि नारकोटिक्स विभाग से बोल रहा हूं आपने जो कोरियर मंगाया है उसमें ड्रग्स है। डाक्टर अभी कुछ समझ पाते दूसरी तरफ से बात करने वाला जेल भेजने की धमकी देने लगा। कोरियर के बारे में जानकारी होने से उन्होंने इन्कार किया लेकिन जालसाज की बातों में आकर वीडियो काल करके बैठ गए। खुद को पुलिस का अधिकारी बता दूसरी तरफ से बात करने वाले व्यक्ति ने कहा कि आपकी उम्र ज्यादा है,लगता है आपको किसी ने फंसाया है। बातचीत के दौरान उनसे दो लाख रुपये के इंतजाम करने को कहा गया। इसके बाद वह और बेचैन हो गए और दवा खाने की अनुमति मांग लिए।

दवा के बहाने उठते ही वह बाहर गए पड़ोस में रहने वाले अधिवक्ता को मामले की जानकारी दी। उनके समझाने पर डाक्टर ने फोन काट दिया। इसके बाद जालसाज ने कई बार फोन किया लेकिन उन्होंने रिसीव नहीं किया।



- मांग रहा था दो लाख रुपये, दवा खाने के बहाने कमरे से निकले
- शनिवार शाम पुलिसकर्मियों को दी घटना की जानकारी

# खजनी में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

Khajani. खजनी थाना की उनवल में फ्लैग मार्च निकाला गया. नगर पंचायत उनवल में थाना प्रभारी सदानंद सिन्हा व चौकी इंचार्ज उनवल राजीव तिवारी के नेतृत्व में कस्बे के सभी वार्ड मे त्योहार में शांति व्यवस्था के दृष्टिगत पैदल गस्त किया गया. थाना प्रभारी सदानंद सिन्हा ने लोगों से त्योहार को शांतिपूर्ण से मनाने की अपील की. फ्लैग मार्च में जितेंद्र यादव, शान्तनु तिवारी, सचिन कुमार, दीपक गौड व अन्य लोग मौजूद रहे.

# नौकरी के नाम पर ठगने वाले की खुलेगी हिस्ट्रीशीट

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (29 Sept):** पुलिस महानिदेशक कोटा से दारोगा बनाने व एम्स में नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगने वाले भास्कर शर्मा की हिस्ट्रीशीट खुलेगी. सीओ कैंट ने कागजी कार्रवाई पूरी कर एसएसपी को रिपोर्ट भेजी है.

## कई मामलों में ठगी

सैनिक विहार नंदानगर के भास्कर शर्मा उर्फ बिट्टू ने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कोटे से दारोगा भर्ती कराने के नाम पर बसंतपुर के अवधेश जायसवाल से 10 लाख रुपये की ठगी की थी. इसके अलावा कुशीनगर के नंदलाल वर्मा से उनके लड़कों का एमबीबीएस में एडमिशन



एवं पुलिस विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर 30 लाख रुपये व देवरिया के अजय वर्मा की लड़की का नर्सिंग में एडमिशन कराने व माडल शाप का लाइसेंस दिलाने का झांसा देकर 9.80 लाख रुपये वसूले थे. सामने आए मामलों में पुलिस मुकदमा दर्ज करके आरोपित को जेल भेजा था. सीओ कैंट योगेंद्र सिंह ने बताया कि जालसाज की निगरानी करने के लिए हिस्ट्रीशीट खोली जा रही है.

# नौकरी का झांसा देकर 10.85 लाख ठगे

GORAKHPUR (29 Sept): मर्चेंट नेवी में नौकरी दिलाने के नाम पर 10.85 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है. न्यायालय के आदेश पर एम्स थाना पुलिस ने पित-पुत्र समेत पांच लोगों के विरुद्ध जालसाजी कर रुपये हड़पने का मुकदमा दर्ज किया है. महादेव झारखंडी टुकड़ा-2 के आदर्शनगर के अजीत कुमार ने प्रार्थना पत्र में लिखा है कि उनके पुत्र रोहित कुमार भारती ने इंटरमीडिएट व आईटीआई की परीक्षा उत्तीर्ण की है. वह मर्चेंट नेवी में नौकरी करना चाहता था. नंदानगर, सैनिक कुंज में रहने वाले बलवंत शर्मा ने पुणे की संस्था में प्रवेश व प्लेसमेंट दिलाने का भरोसा दिया. 16 जुलाई से 25 सितंबर 2019 के बीच में 10.85 लाख रुपये ले लिए, बाद में वह प्रमाण पत्र दिलाने में हीलाहवाली करने लगा. संदेह होने पर उसने रुपये की मांग की तो चेक दिया जो बाउंस हो गया. इसकी शिकायत पुलिस से करने पर कोई कार्रवाई नहीं की गई. न्यायालय के आदेश पर एम्स थाना पुलिस ने बलवंत शर्मा, उसके पिता रामध्यान शर्मा, पत्नी ज्योति शर्मा, रजत सिंह और निमिष भगवान विश्वकर्मा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है.



सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया ने पुलिस को 10 ट्रैफिक बैरिकेड दिए • हिन्दुस्तान

# सेंट्रल बैंक ने दिए ट्रैफिक बैरिकेड

गोरखपुर। सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा शहर के यातायात व्यवस्था को सुचारू ढंग से संचालित करने के लिए पुलिस को 10 ट्रैफिक बैरिकेड दिया गया। इस दौरान सीओ कोतवाली ओंकार दत्त तिवारी, बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख राकेश कुमार सिंह के साथ अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# मूर्ति स्थापना में नई परंपरा नहीं होगी शुरू

**MUNDERA BAZAR.** चौरीचौरा थाना में रविवार को दुर्गा पूजा को लेकर कमेटी के साथ बैठक की गई. थानेदार संजय कुमार मिश्रा ने कहा कि परंपरागत तरीके से त्यौहार को मनाया जाएगा. जिस रास्ते से मूर्ति पूर्व में जाती रहेगी, वही से जायेगी. नई परंपरा की शुरुआत नही होगी. वही भी किसी भी विवादित भूमि पर मूर्ति नही रखा जाएगी. बैठक मे एएसआई सौरभ ओझा, रजनीश मिश्रा, अभय कुमार, आशीष मिश्रा, अभिषेक यादव, मदन मद्धेशिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे.

# मर्चेंट नेवी में नौकरी के नाम पर 10.85 लाख की जालसाजी

■ महादेव झारखंडी टुकड़ा नंबर 2 के अजीत ने दर्ज कराया केस

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। मर्चेंट नेवी में नौकरी दिलाने के नाम पर 10.85 लाख रुपये ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर एम्स पुलिस ने पिता-पुत्र समेत पांच लोगों पर धोखाधड़ी और जालसाजी का केस दर्ज किया है। पुलिस ने वह केस मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी न्यायालय के आदेश पर केस दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

महादेव झारखंडी टुकड़ा-2 के आदर्शनगर निवासी अजीत कुमार ने प्रार्थना पत्र में बताया कि उनका बेटा रोहित कुमार भारती इंटरमीडिएट व आईटीआई उत्तीर्ण है। वह मर्चेंट नेवी में नौकरी करना चाहता था। इसकी जानकारी होने पर नंदानगर, सैनिक कुंज निवासी बलवंत शर्मा ने पुणे की संस्था में प्रवेश दिलाकर उसी में प्लेसमेंट दिलाने की बात की। इसके लिए उसने 16 जुलाई 2019 से 25 सितंबर 2019 के बीच भिन्न-भिन्न तिथियों में 10 लाख 85 हजार 250 रुपये ले लिए। बाद में वह प्रमाण पत्र दिलाने में हिलाहवाली करने लगे। संदेह होने पर वह रुपये की मांग किए तो अलग-अलग एमाउंट का चेक दिए। जो बैंक में लगाने पर बाउंस हो गया। इसकी शिकायत पर पुलिस से किया लेकिन उसकी सुनवाई नहीं। इसके बाद उसने कोर्ट की शरण ली।

### कैंट इलाके में रहते हैं रिटायर डॉक्टर, पड़ोस में रहने वाले अधिवक्ता की मदद से बचे

# 80 साल के डॉक्टर को डिजिटल अरेस्ट किया, बिगड़ी तबीयत

**जालसाजी**

- कूरियर में ड्रग्स के नाम पर जालसाज ने किया फोन, आ गए झांसे में
- दवा खाने के लिए उठे तो चले गए पड़ोसी के पास, तब काटा फोन

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। कैंट इलाके में रहने वाले 80 वर्षीय रिटायर डॉक्टर को शनिवार की शाम में जालसाजों ने डिजिटल अरेस्ट कर लिया। कूरियर में ड्रग्स के मिलने की खबर और सामने वीडियो कॉल पर वर्दी वाले को देखकर डॉक्टर की तबीयत बिगड़ गई। वह पसीने से तर-बतर हो गए और फिर दवा खाने के लिए उठे और दरवाजे से सीधे बाहर चले गए। घबराए हुए पड़ोसी अधिवक्ता के पास गए। अधिवक्ता ने फर्जीवाड़े को समझते हुए उनकी मदद कर फोन काट दिया। संयोग अच्छा था कि रुपये उन्होंने नहीं भेजे थे। रविवार को रिटायर डॉक्टर अपनी शिकायत लेकर साइबर थाने पहुंचे।

कैंट क्षेत्र में रहने वाले रिटायर डॉक्टर शनिवार की शाम में मोहल्ले में टहलने गए थे। शाम सात बजे वह घर लौटे तो उनके पास एक कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को नारकोटिक्स विभाग का बताया। बोला कि आपने कूरियर मंगाया है और उसमें ड्रग्स है। आप को जेल होगी। इस उम्र में जेल का नाम सुनते ही वह हैरान हो गए। उन्होंने अपना कूरियर होने से इनकार किया तो जालसाज ने उनका नाम बता दिया और फिर वह जो कहता गया करते चले गए। वीडियो कॉल पर आने के बाद उसने कहा कि आपकी साहब से बात करा देते हैं, आपकी उम्र ज्यादा है, लगता है फंसाया गया है।

इसके बाद वीडियो कॉल पर एक वर्दी वाला अफसर आया। बातचीत के दौरान उनसे दो लाख रुपये के इंतजाम की बात कही गई। बताया गया कि रुपये देकर मामला रफा-दफा कर दीजिए। इसके बाद वह और बेचैन हो गए और दवा खाने की अनुमति मांग लिए। दवा के बहाने उठते ही वह बेचैन होकर बाहर चले गए। तभी उनकी नजर पड़ोसी अधिवक्ता पर पड़ गई। उन्होंने बताया तो अधिवक्ता समझ गए कि जालसाजी की कोशिश की जा रही है। उनके समझाने पर वह माने और फिर कई बार कॉल आने पर भी नहीं उठाए।

**पड़ोसी के बताने पर भी नहीं कर रहे थे यकीन :** बुजुर्ग को पड़ोसी ने जालसाजी की जानकारी दी, तब भी उन्हें यकीन नहीं हो रहा था। फिर पड़ोसी ने इससे संबंधित कुछ खबरें दिखाईं। इसके बाद वह फोन काटने को राजी हुए। चार घंटे डिजिटल अरेस्ट होने का असर डॉक्टर पर ऐसा पड़ा है कि वह दूसरे दिन भी घबराए हुए ही थे।



" रिटायर डॉक्टर को डिजिटल अरेस्ट करके जालसाजी की कोशिश की गई। लेकिन, वह अपने पड़ोसी की मदद से बच गए। उनके प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच की जा रही है।

– उपेंद्र सिंह, एक्सपर्ट, साइबर थाना

## सावधानी : साइबर जालसाजों से इस तरह से बचें

- टेलीग्राम, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम के माध्यम से टास्क पूरा कर पैसे कमाने जैसे झांसे से बचें तथा कभी भी टास्क पूरा करने के नाम पर रुपये जमा न करें
- क्रिप्टो करेंसी /बिटक्वाइन में पैसे इनवेस्ट करने पर तीन गुना व उससे अधिक लाभ कमाने जैसी लुभावनी बातों में आकर जाल में न फंसे फोन पर पुलिस अधिकारी बनकर पुत्र/पुत्री को किसी मुकदमे में फंसाने का डर दिखाकर, रुपये जमा कराने वाले जालसाजों से बचे और रुपये जमा न करें
- पार्टटाइम जॉब के नाम पर ओटीपी व बैंक खाते आदि किसी को भी शेयर न करें बैंक खाता खुलवाकर किसी अनजान व्यक्ति को मोबाइल नम्बर व खाता संचालित करने के लिए कभी भी न दें लोन एप को डाउनलोड करने में सावधानी बरतें, हमेशा आरबीआई की वेबसाइट से उनकी सत्यता की जांच करने के बाद ही लोन की सुविधा प्राप्त करें
- फर्जी बैंक खाते में क्रेडिट का मैसेज भेजकर रुपये जमा करा लेने वाले जालसाजों से सावधान रहें, बिना सत्यापन के किसी भी व्यक्ति को कहीं भी रुपये न भेजें क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने, रिवार्ड प्वाइन्ट लेने आदि के नाम कर क्रेडिट कार्ड की जानकारी एवं ओटीपी किसी से शेयर न करें किसी भी अनजान व्यक्ति से व्हाट्सएप वीडियो कॉल करने में सावधानी बरतें

## जालसाजी हो जाए तो यहां करें शिकायत

साइबर फ्राड का शिकार होने पर तत्काल साइबर क्राइम हेल्पलाइन नम्बर 1930 एवं वेबसाइट **www.cybercrime.gov.in** पर ऑनलाइन शिकायत करने के साथ ही नजदीकी पुलिस स्टेशन पर जाकर शिकायत दर्ज कराएं।

## जिले में पहले भी आए हैं इस तरह के मामले

- 24 मई को सिविल लाइंस के एक स्कूल की प्रिंसिपल सामने आई और खुद को डिजिटल अरेस्ट करके 12.56 लाख जालसाजी की जानकारी दी थी।
- 15 मई को शहर की एक कंपनी के मैनेजर को डिजिटल अरेस्ट करके 14.96 लाख रुपये जालसाजी की गई।
- 31 जुलाई को शाहपुर के हरिद्वारपुर कॉलोनी निवासी रिटायर बैंककर्मी ऑलविन अरविंद बर्नाड से जालसाजी की कोशिश की गई।
- एक शिक्षक को भी डिजिटल अरेस्ट करके जालसाजी कोशिश का मामला सामने आया।
- 7 अगस्त को रामगढ़ताल इलाके में रहने वाले रिटायर हेल्थकर्मी को डिजिटल अरेस्ट करके 30 लाख वसूले गए थे।

# नौकरी के लिए करोड़ों ठगने वाले की खुलेगी हिस्ट्रीशीट

## कार्रवाई

- डीजीपी कोटा से दरोगा व एम्स में नौकरी के नाम पर भाष्कर ने कई बेरोजगारों को ठगा
- औपचारिकताएं पूरी कर एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर के पास भेजी गई फाइल

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। बेरोजगार युवकों को पुलिस में दरोगा के पद पर नियुक्ति और एम्स में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले शातिर भाष्कर शर्मा की हिस्ट्रीशीट खुलेगी। सीओ ने औपचरिकताएं पूरी कर फाइल एसएसपी के पास भेज दी है। पुलिस ने इसे पांच महीने पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा था। सैनिक विहार नंदानगर में रहने वाला भास्कर शर्मा उर्फ बिट्टू ने डीजीपी कोटे से दरोगा भर्ती कराने के नाम पर बसंतपुर के अवधेश जायसवाल से 10 लाख रुपये की ठगी की थी।

इसके अलावा कुशीनगर के नंदलाल वर्मा से उनके लड़कों का एमबीबीएस में एडमिशन एवं पुलिस विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर 30 लाख रुपये ठग लिए। देवरिया के अजय वर्मा से लड़की का नर्सिंग में एडमिशन कराने के नाम पर भास्कर ने चार लाख 90 हजार और अजय वर्मा से ही मॉडल शाप का ठेका दिलाने के नाम पर चार लाख 90 हजार वसूल लिया। इन मामलों में केस दर्ज करके आरोपी को पुलिस ने जेल भेजा था। सीओ कैंट योगेंद्र सिंह ने बताया कि नियमित रूप से निगरानी हो सके, इसके लिए हिस्ट्रीशीट खोली जा रही है।

## 127 बदमाशों की कुंडली तैयार, होगी कार्रवाई

फर्जी दस्तावेज पर 100 करोड़ से अधिक की ठगी करने वाले रुद्रांश और फर्जी डिग्री पर पैथोलॉजी संचालित करने वाले बदमाशों समेत 127 लोगों की पुलिस कुंडली तैयार कर ली है। इन सभी पर गैंगस्टर व हिस्ट्रीशीटर बनाने की कार्रवाई होगी। एसएसपी के निर्देश पर 67 बदमाशों को चिह्नित कर लिया गया है, जिनकी हिस्ट्रीशीट खोली जानी है। साथ ही 60 बदमाशों को गिरोहबंद करने की सूची भी तैयार है।

# जालसाजों ने किया रिटायर्ड डॉक्टर को डिजिटल अरेस्ट, दो लाख मांगे

## कुरिअर से ड्रग्स मंगाने की जानकारी देकर लिया झांसे में, पड़ोसी अधिवक्ता ने की मदद

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। कैंट इलाके में रहने वाले 80 वर्षीय रिटायर्ड डॉक्टर को शनिवार की शाम जालसाजों ने डिजिटल अरेस्ट कर लिया। कुरिअर में ड्रग्स के मिलने की खबर देकर जालसाजों ने मामला रफा-दफा करने के लिए दो लाख रुपये की डिमांड की। डॉक्टर दवा खाने के लिए उठे और दरवाजे से सीधे बाहर चले गए।

घबराए हुए डॉक्टर पड़ोसी अधिवक्ता के पास गए तो उन्होंने डिजिटल अरेस्ट के फर्जीवाड़ा को समझा और फोन को डिस्कनेक्ट कर डॉक्टर को बचाया। रविवार को रिटायर्ड डॉक्टर अपनी शिकायत लेकर साइबर थाने पहुंचे। जानकारी के अनुसार, रिटायर्ड डॉक्टर शनिवार की शाम में मोहल्ले में टहलने गए थे। शाम सात बजे वह घर लौटे तो उनके पास एक कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को नारकोटिक्स विभाग का बताया। बोला कि आपने कुरिअर मंगाया है जिसमें ड्रग्स है। आप को जेल होगी। इस उम्र में जेल का नाम सुनते ही वह हैरान हो गए।

उन्होंने कुरिअर मंगाने से इनकार कर दिया लेकिन जालसाज ने डॉक्टर का नाम बताते हुए कहा कि उसके पास कई सुबूत हैं। डॉक्टर डर गए और जालसाज जो कहता गया, वह करते चले गए।

### 80 वर्षीय डॉक्टर ने रविवार को साइबर थाने में दर्ज कराई शिकायत

रिटायर डॉक्टर को डिजिटल अरेस्ट करके जालसाजी की कोशिश की गई। लेकिन, वह अपने पड़ोसी की मदद से बच गए। उनके प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच की जा रही है।

**उपेंद्र सिंह, साइबर थाना**

वीडियो कॉल पर आने के बाद उसने कहा कि आपकी बड़े साहब से बात करा देते हैं, आपकी उम्र तो ज्यादा है, लगता है आप को फंसाया गया है। इसके बाद वीडियो कॉल पर एक वर्दी वाला अफसर आया तो डॉक्टर को यकीन हो गया कि वह पुलिस वाला ही है।

बातचीत के दौरान उनसे दो लाख रुपये के इंतजाम की बात कही। बताया गया कि रुपये देकर मामला रफा-दफा कर दीजिए। इसके बाद वह और बेचैन हो गए और दवा खाने की अनुमति मांग लिए। दवा के बहाने उठते ही वह बेचैन होकर बाहर चले गए। तभी उनकी नजर पड़ोसी अधिवक्ता पर पड़ गई। उन्होंने बताया तो वह तुरंत ही समझ गए, उनके साथ जालसाजी की कोशिश है। उनके समझाने पर वह माने और फिर कई बार कॉल आने पर भी नहीं उठाए।

### पहले भी आ चुके हैं ऐसे मामले

सिविल लाइंस इलाके के एक स्कूल की प्रिंसिपल को डिजिटल अरेस्ट कर उनसे 12.56 लाख रुपये की जालसाजी हुई। वह 13 मई से लगाए 24 मई तक जालसाजों के संपर्क में थीं। इस दौरान वह अपनी पल-पल की सूचनाएं जालसाजों को देती रहीं। प्रिंसिपल से कस्टम अधिकारी बनकर जालसाजी की घटना को अंजाम दिया गया था।

- मिर्जापुर का एक युवक गोरखपुर में एक कंपनी में मैनेजर है। वह गोलघर इलाके में किराए का कमरा लेकर रहता है। सीबीआई अफसर बनकर उसे 48 घंटे डिजिटल अरेस्ट कर 14 लाख 96 हजार रुपये ऐंठने का मामला सामने आ चुका है।
- शाहपुर के हरिद्वारपुरम कालोनी निवासी ऑलविन अर्विन्द बर्नाड एसबीआई में शाखा प्रबंधक पद से कुछ वर्ष पहले रिटायर हुए थे। बीते 31 जुलाई को उनको डिजिटल अरेस्ट कर लिया गया। वह 33 घंटे तक डिजिटल अरेस्ट रहे।
- तिवारीपुर में रहने वाले बैंककर्मी कमलनाथ विश्वास की पत्नी प्रज्ञा विश्वास को भी सीबीआई का अफसर बनकर डिजिटल अरेस्ट का मामला प्रकाश में आ चुका है। ऑनलाइन रहते हुए पत्नी ने दूसरे नंबर से पति को कॉल कर मां की बीमारी के नाम पर रुपये मांगे। शक होने पर वह घर पहुंचे तो पत्नी परेशान हाल मोबाइल के सामने बैठी थी, उसे समझाकर फोन कटवाया।

### बचाव के लिए बरतें सावधानी

- डिजिटल अरेस्ट कभी पुलिस नहीं करती है, ऐसी अफवाह से बचें।
- टेलीग्राम, वाट्सएप, इंस्टाग्राम के माध्यम से टास्क पूरा कर पैसे कमाएं, जैसे लुभावने अफवाहों से बचें।
- क्रिप्टो करेंसी, बिटकॉइन में पैसे इन्वेस्ट करने पर तीन गुना कमाने वाली बातों में आकर जाल में न फंसें।
- फोन पर पुलिस अधिकारी बनकर पुत्र-पुत्री को किसी केस में फंसाने का डर दिखाने वालों से बचें।
- पार्ट टाइम जॉब के नाम पर ओटीपी व बैंक खाते आदि किसी को भी साझा न करें।
- किसी भी अंजान व्यक्ति से व्हाट्सएप वीडियो कॉल करने में पूर्ण सावधानी बरतें।

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी के आरोपी भास्कर शर्मा की खुलेगी हिस्ट्रीशीट

## एम्स व दरोगा की नौकरी दिलाने का झांसा देकर की थी करोड़ों की ठगी

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। बेरोजगार युवकों को पुलिस में दरोगा के पद पर नियुक्ति और एम्स में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी के आरोपी भास्कर शर्मा की हिस्ट्रीशीट खुलेगी। सीओ ने औपचारिकताएं पूरी कर फाइल एसएसपी के पास भेज दी है। पुलिस ने इसे पांच महीने पहले ही गिरफ्तार कर जेल भिजवाया था।

सैनिक विहार नंदानगर में रहने वाले भास्कर शर्मा उर्फ बिट्टू ने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कोटे से दरोगा भर्ती कराने के नाम पर बसंतपुर के अवधेश जायसवाल से 10 लाख रुपये की ठगी की थी। इसके अलावा कुशीनगर के नंदलाल वर्मा पुत्र स्वर्गीय राजेंद्र वर्मा से उनके लड़कों का एमबीबीएस में एडमिशन एवं पुलिस विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर 30 लाख रुपये ठग लिए।



भास्कर शर्मा।

यह भी आरोप है कि देवरिया के अजय वर्मा पुत्र कन्हैया वर्मा से लड़की का नर्सिंग में एडमिशन कराने के नाम पर फर्जी एडमिशन कार्ड देकर आरोपी भास्कर शर्मा ने 4 लाख 90 हजार रुपये और अजय वर्मा से ही शराब के मॉडल शाप दुकान का ठेका दिलाने के नाम पर जिला आबकारी अधिकारी के नाम से फर्जी दुकान का लाइसेंस देते हुए चार लाख 90 हजार रुपये वसूल लिए।

सामने आए मामलों में पुलिस केस दर्ज करके आरोपी को जेल भिजवाया था। सीओ कैंट योगेंद्र सिंह ने बताया कि अब इसकी नियमित रूप से निगरानी हो सके, इसके लिए हिस्ट्रीशीट खोली जा रही है।

## मर्चेंट नेवी में नौकरी दिलाने के नाम पर 10.85 लाख की ठगी

### एम्स पुलिस ने जालसाजी व धोखाधड़ी में पांच लोगों पर दर्ज किया केस

गोरखपुर। मर्चेंट नेवी में नौकरी दिलाने के नाम पर 10.85 लाख रुपये ठगी का मामला प्रकाश में आया है। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने पिता-पुत्र समेत पांच लोगों पर केस दर्ज किया है।

महादेव झारखंडी टुकड़ा-2 के आदर्शनगर निवासी अजीत कुमार ने प्रार्थना पत्र में बताया कि उनका बेटा रोहित कुमार भारती इंटरमीडिएट व आईटीआई उत्तीर्ण है। वह मर्चेंट नेवी में नौकरी करना चाहता था। इसकी जानकारी होने पर नंदानगर, सैनिक कुंज निवासी बलवंत शर्मा ने पूणे की संस्था में प्रवेश दिलाकर उसी में प्लेसमेंट दिलाने की बात की। इसके लिए उसने 16 जुलाई 2019 से 25 सितंबर 2019 के बीच अलग-अलग तारीखों में 10,85,250 रुपये ले लिए। बाद में वह प्रमाण पत्र दिलाने में हिलाहवाली करने लगे। संदेह होने पर रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने अलग-अलग राशि का चेक दिया जो बैंक में लगाने पर बाउंस हो गया।

इसकी शिकायत पुलिस से किया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर एम्स पुलिस आरोपी नंदानगर, सैनिक कुंज निवासी बलवंत शर्मा उसके पिता रामध्यान शर्मा, पत्नी ज्योति शर्मा, रजत सिंह और रजत सिंह और निमिष भगवान विश्वकर्मा के खिलाफ जालसाजी, धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेज तैयार करने और जानमाल की धमकी देने समेत अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## जालसाज पर घोषित था 25 हजार का इनाम

आरोपी भास्कर शर्मा की गिरफ्तारी के लिए एसएसपी ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। वह लंबे समय से फरार चल रहा था। 28 अप्रैल 2024 को एम्स पुलिस ने क्राइम ब्रांच की मदद से उसे गिरफ्तार किया था।

# रुपये को लेकर मामा पर चाकू से किया हमला... पुलिस ने बताया फर्जी मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

## गीडा पुलिस आरोपी भांजे को हिरासत में लेकर कर रही पूछताछ

**गीडा।** गीडा सेक्टर 7 में डेंटल कालेज के पास पैसे के लेनदेन को लेकर मामा भांजा में भिड़ंत हो गई। चाकू और हथौड़ी से हमले में मामा दुर्गेश पांडेय गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनको इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।

एसपी नार्थ के नेतृत्व में मौके पर पहुंची पुलिस भांजा रितेश पांडेय को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। आरोपी भांजा ने मौके से 3.50 लाख रुपए छीनने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हालांकि उसका कहना है कि मामला फर्जी लग रहा है।

देवरिया जिले के कोतवाली के अहिल्यापुर हरपुर वंशी गांव निवासी 42 वर्षीय दुर्गेश पांडेय पुत्र उदयभान पांडेय गोरखपुर के कूड़ाघाट में किराए का कमरा लेकर परिवार के साथ रहते हैं। शनिवार को दोपहर बाद भांजे झंगहा के गहिरा पांडेय टोला निवासी रितेश पांडेय पुत्र अमन पांडेय के साथ निजी चार पहिया वाहन से लखनऊ के लिए निकले। गोमती रिवर फ्रंट के एटीएम से मामा दुर्गेश के खाते से रुपया निकाला गया, इसके लेनदेन को लेकर मामा-भांजा में विवाद हो गया। सुबह छह बजे दोनों कार से गोरखपुर के लिए निकले। गीडा सेक्टर सात के पास गाड़ी रोक कर विवाद करने लगे। इसी दौरान भांजे ने कार को डिवाइडर से टकरा दिया, जिससे नाराज मामा ने भांजे को थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद दोनों कार में ही भिड़ गए।

*मामला पूरी तरह से फर्जी है। घायल मामा ने एटीएम से रुपये निकालने से इंकार किया है। भांजा लखनऊ दोस्त को रिसीव करने की बात कह कर उनको लेकर गया था। लखनऊ में दोस्त से कुछ रुपये की बात उसने बताई थी। गीडा में आने पर उनपर हमला हो गया। भांजे ने हमला क्यों किया, इसकी तह तक जाने के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है।*

– **जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव,** एसपी नार्थ

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-30-09-2024

# भ्रष्टाचार के खिलाफ ग्राम पंचायत सचिवालयों पर खेग्रामस का प्रदर्शन कल

**भाटपाररानी (एसएनबी)।** अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा संबद्ध भाकपा माले के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर गांधी जयंती के पूर्व संध्या पर 1 अक्टूबर 2024 को भाटपार रानी-बनकटा ब्लाक के हरपुर, कानगोई गांव गाढ़ा, बलुआ, कुटियाभर सहित दर्जनों ग्राम पंचायत सचिवालयों पर ग्रामीण गरीबों के तरफ से मनरेगा, आवास, शौचालय, पीने के पानी, पेंशन, बिजली बिल माफ करने, माइक्रो फाइनेंस कंपनियों के कर्ज माफ करने, राशन कार्ड में नाम दर्ज करने, राशन वितरण प्रणाली को ठीक करने, नाली, खड़ंजा आदि मांगों को लेकर अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा के कार्यकर्ताओं द्वारा चौपाल, पंचायत व धरना आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा के भाटपार रानी तहसील संयोजक पूनम यादव ने दी।

# ग्रामीणों ने स्कार्पियों में सवार संदिग्धों को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**भाटपाररानी (एसएनबी)।** स्थानीय नगर के सोहनपार में शनिवार की देर रात ग्रामीणों ने लक्जरी गाड़ी से गांव में पहुंचे नौ संदिग्धों को चोर बताकर बंधक बना लिया। सूचना के काफी देर बाद पहुंची पुलिस ग्रामीणों के चंगुल से सभी लोगों को छुड़ाकर थाने ले गयी। रविवार की सुबह पुलिस ने सभी नौ लोगों का चिकित्सकीय परीक्षण कराकर छोड़ दिया। मिली जानकारी के अनुसार देर रात लक्जरी वाहन में सवार कुछ संदिग्ध लोग नगर के सोहनपार गांव में घुस गये। जिन्हें गांव के सजग युवाओं की टोली ने संदिग्ध/चोर मानते हुए बंधक बनाकर पुलिस को सूचना दे दी। काफी देर बाद पहुंची पुलिस टीम पर भी युवाओं ने आक्रोश व्यक्त करते हुए सभी बंधकों को पुलिस को सौप दिया। बताया जाता है कि उक्त गाड़ी पर हरियाणा प्रान्त का नम्बर प्लेट लगा हुआ था। जिससे उसमें सवार संदिग्धों को शराब तस्करी में लिप्त होने की आशंका भी थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सभी सीमावर्ती प्रान्त विहार के रहने वाले थे। इस बावत थानाध्यक्ष दिलीप पांडेय ने कहा कि वह चोर नहीं थे वें शराब के नशे में रास्ता भटकने के कारण ग्रामीणों के गलतफहमी का शिकार हो गए। उनका पहचान व मेडिकल कराकर छोड़ दिया गया।

# विवाहिता को दहेज के लिए किया प्रताड़ित, दी तहरीर

**खुखुन्दू(एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के डुमरिया लाला के कुसहा टोला निवासी निकिता चौहान की गत 6 मई 2013 में गौरी बाजार थाना क्षेत्र के नारायनपुर गांव निवासी विजय चौहान से हिन्दू रिति-रिवाज से शादी हुई। पांच साल बाद सन् 2018 में गवना हुआ। उस समय पिता राम किशुन चौहान ने अपने सामर्थ्य अनुसार नकदी, जेवरात, कपड़े, इलेक्ट्रानिक उपकरण समेत अन्य सामान दहेज के रुप में देकर विदाई की। विवाहिता का आरोप है कि जबसे ससुराल गई, तबसे ही पति समेत ससुराल वाले दहेज के रुप में पांच लाख रुपये नकदी मांगने लगे। नहीं देने पर परिवार वाले मिलकर तरह-तरह की यातनाएं देने लगे। इसी बीच एक बच्चा पैदा हुआ। इसके बाद भी 5 मार्च 2024 को पति, ससुराल वालों ने मिलकर मेरी पिटाई कर दी और घर से निकाल दिया। तबसे बच्चे को लेकर मायके रहने लगी। इधर, पति विजय चौहान ने देवरिया के एक कोर्ट में अपने को अविवाहित बता एक दूसरी युवती से शादी रचा लिया है। विवाहिता थाने पहुंच तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है। थानाध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, हालांकि मामला गौरी बाजार थाना क्षेत्र का है।

# ऐसे गांव जहां कई सालों से नहीं हुआ एक भी एफआईआर

**लार रोड(एसएनबी)।** बदलते परिवेश में लोग जागरूक होने लगे है, पढ़े लिखे लोग मार झगड़े व मुकदमें से दूर रहना चाहते है, ऐसे गाँव आदर्श गाँव की श्रेणी मे आते हैं। तो गाँव के लोग कहते है कि हमारे गाँव में रामराज्य स्थापित है। हम बात करते रहे है मईल थाना क्षेत्र वाले 73 गाँव जिसमे तीन गाँव तो गैर आवाद है। दो गाँव ऐसे है जहां कुशवाहा विरादरी की संख्या ज्यादे है, जहां कई वर्षो से एक भी मुकदमे दर्ज नही हुए।

सलेमपुर तहसील क्षेत्र के मईल थाना क्षेत्र में पड़ने वाला एक ऐसा गांव मुड़ेरा जहां पिछले सात वर्षो से सन् 2018 से इस गाँव मे किसी व्यक्ति ने थाने में कोई एफआईआर दर्ज नहीं कराई है। लगभग दो सौ आवादी वाले इस गाँव के नन्द किशोर कुशवाहा लार रोड मे सुरती बेचते है, ये बताते है की हमारे गाँव मे रामराज्य है। गलती करने वाले व्यक्ति से माफी मंगवाने के बाद दोनों पक्ष एक दूसरे के गले मिलते हैं और विवाद खत्म हो जाता है। तभी तो गाँव मे काफी दिनों से एक भी मुकदमा दर्ज नही है। हमारे गाँव से लोगो की सीख लेना चाहिए। हमारे गाँव के लोग आपसी मेल-जोल और सद्भाव के साथ रहते हैं।अगर किसी बात को लेकर कोई विवाद हो जाए तो कोई भी पक्ष थाने नहीं जाता। बल्कि गांव में ही बैठकर पंचों द्वारा फैसला कर दिया जाता है।जिसकी गलती सामने आती है। वह पंचों के सामने दूसरे पक्ष से माफी मांग लेता है और गले मिलकर विवाद को खत्म करा दिया जाता है।



नंद किशोर कुशवाहा रंजना सिंह

वही भागलपुर विकास खंड के मईल थाना क्षेत्र का सरया गाँव में पिछले 9 बर्षो से सन् 2016 से गाँव में एक भी व्यक्ति ने किसी पर मुकदमा दर्ज नही कराया है। इस गाँव की कुल आबादी लगभग 200 है। इस गाँव की प्रधान देवसिया गाँव की रंजना सिंह है वो बताती है लगभग दो सौ आवादी वाले इस गांव मे बुद्धिजीवि लोग है। अगर कोई भी आपसी विवाद होता है तो गांव के पंचों द्वारा बैठकर उसका निस्तारण हो जाता है। इस गाँव से एक अच्छा संदेश निकल के आता है कि बाद विवाद से दूर रह आपस मे मिलजुलकर रहना चाहिए किसी के कहने व कान भरने पर ना जाएं। मुकदमे से जीवन खराब होता है। मुकदमों मे फंसकर जीवन खराब न करें । इस संबध मे जानकारी लेने मे मईल के थानाध्यक्ष अमित कुमार राय ने बताया हमारे इस थाना क्षेत्र के दो गांव सरया मे 2016 व मुड़ेरा मे 2018 से किसी भी ग्रामीण ने कोई एफआईआर दर्ज नहीं कराई है।

# त्योहार में खलल डालने वाले पर होगी कार्रवाई

**भटनी(एसएनबी)।** स्थानीय थाना के सभागार मे पीस कमेटी की बैठक उपजिलाधिकारी भाटपाररानी के निर्देशन पर पुलिस क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी की अध्यक्षता व थाना प्रभारी निरीक्षक रणजीत सिंह भदौरिया के देखरेख मे सम्पन्न हुई।



पीस कमेटी की बैठक करते पुलिस प्रशासन।

बैठक मे मुख्य रुप से दुर्गा प्रतिमा रामलीला के मंचन के आयोजको सहित बीट के बी पीओ हल्का प्रभारी मौजूद रहे।

पुलिस प्रशासन ने कहा कि सभी त्योहार आपसी भाईचारा व सौहार्दपूर्ण पूर्वक मनाये।अगर कोई त्यौहार मे खलल डालने की कोशिश करता है तो उसके विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही की जायेगी।अगर किसी प्रकार की कोई सूचना हो तो तुरन्त पुलिस को सूचित करें।पुलिस सुरक्षा मे पुरी तरह से मुश्तैद रहेगी।साऊन्ड सर्विस सरकार द्वारा तय मानक के तरह से ही बजाये।

पीस कमेटी की बैठक में उपनिव कमलेश कुमार उपनिरीक्षक इंद्रेश यादव कांस्टेबल फुलेंद्र कुमार कांस्टेबल अभिषेक मौर्य कांस्टेबल राकेश यादव कांस्टेबल जितेंद्र यादव हेड कांस्टेबल अरविंद हेड कांस्टेबल राजा साहब वर्मा सहित भटनी नगर व ग्रमीण क्षेत्रों के लोग को आदेशों और निर्देशों से अवगत कराया।

# भाई-बहन को बिहार पुलिस ने किया गिरफ्तार,

**लार (एसएनबी)।** कुछ दिन पूर्व यूपी के पड़ोसी प्रांत बिहार के गोपालगंज जिले के

**बिहार से एक युवक के अपहरण के मामले में एसओजी समेत लार पहुंची थी बिहार पुलिस**

फुलवरिया थाना क्षेत्र से एक बच्चे का कुछ लोगों ने कुछ दिन पूर्व अपहरण कर लिया। स्वजन ने पुलिस को तहरीर देकर इस संबंध में मुकदमा दर्ज कराया। शनिवार को दोपहर पुलिस, एस ओ जी, बिहार पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में देवरिया जिले लार के नेमा गांव निवासी आरोपी के छोटे भाई अमित सिंह, उसकी बहन सपना सिंह को हिरासत में लिया।



बच्चा बरामदगी के बाद पुलिस टीम। फोटो : एसएनबी

बिहार पुलिस ने देवरिया पुलिस से अपहरण के मामले में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए सहयोग मांगा। बिहार पुलिस के सहयोग में देवरिया एसओजी और लार पुलिस को लगाया गया था। सर्विलांस की मदद से पुलिस लोकेशन ट्रेस करते लार थाना के नेमा गांव पहुंची। उसके बाद आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसओजी प्रभारी और लार इंस्पेक्टर समेत बिहार पुलिस के साथ शुक्रवार की रात पिंडी, रामनगर, लार के गांधी मोड़ पर सर्विलांस के सहारे आरोपी की तलाश करते रहे थे। शनिवार को खुखुन्दू थाना क्षेत्र के मुसैला से पुलिस ने गायब बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस का आरोप है कि बच्चे का अपहरण दस लाख रुपए के लिए किया गया था और नंबर बदल बदल कर फिरौती मांगी जा रही थी।

बिहार के गोपालगंज के फुलवरिया थाना क्षेत्र से अगवा छात्र अनीश सिंह पुत्र कुंदन सिंह के अपहरण के मामले में पुलिस ने नेमा गांव के अमित सिंह को गिरफ्तार किया है। अमित सिंह यूपीएससी की तैयारी कर रहा था। उधर भाई को बिहार पुलिस द्वारा ले जाए जाने कि खबर मिलने पर विशाल सिंह उर्फ अतुल सिंह उम्र 28 पुत्र स्वर्गीय नथुनी सिंह बनारस में ट्रेन के सामने कूद कर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या के पूर्व उसने एक नोट लिख कर छोड़ दिया था। उस नोट पर अपना नाम पता और अपने ग्राम प्रधान का मोबाइल नंबर लिखकर छोड़ दिया था। जीआरपी ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई।

# आपत्तिजनक गाने बजे तो आयोजकों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**खुखुन्दू(एसएनबी)।** स्थानीय दुर्गा पूजा त्योहार को लेकर रविवार को खुखुन्दू थाना परिसर में मूर्ति आयोजकों की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान एसओ दिग्विजय सिंह ने कहा कि अगर पंडालों में अश्लील गाने बजें तो आयोजकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा परंपरागत तरीके से ही मूर्तियां रखी जाएगी, कोई नई जगह पर मूर्तियां नहीं रखी जाएगी।

थानाध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने आयोजकों को संबोधित करते हुए बताया कि यातायात बाधित नहीं होना चाहिए। जहां मूर्तियां रखीं जाती है, वहीं मूर्तियां रखी जाएगी। कहीं नए जगहों पर प्रतिमाएं नहीं रखीं जाएगी। पंडालों में मानक के अनुसार ही डीजे बजाना है। पंडालों में कोई आपत्तिजनक गाने नहीं बजाने है और नहीं ही अश्लील नृत्य होना चाहिए। उन्होंने हिदायत दिया कि गलत प्रवृत्ति के लोगों से दूरी बना कर रहे। अगर कोई खलल डालता है तो तुरन्त मुझे सूचना दे। उसके खिलाफ कोठर कार्रवाई की जाएगी। मूर्ति विसर्जन के दौरान सतर्कता बरतें और धैर्यपूर्वक विसर्जन करने जाए।



बैठक में हिस्सा लेते अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि।

# आधा दर्जन पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

सलेमपुर(एसएनबी)। पुलिस चौकी मझौलीराज के वार्ड संख्या छह की रहने वाली राकिया खातून पत्नी स्व. मोहम्मद इमामुद्दीन ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा है कि मेरे घर के सामने मेरे पड़ोसी खाली स्थान पर अतिक्रमण फैला रहे थे। मैंने जब मना इसको किया वार्ड के लोगों ने नाराज होकर गाली गुप्ता देते हुए लाठी डण्डा व धारदार चाकू से हमला कर मारा पीटा।

इस मामले में पुलिस ने वार्ड के ही संजीदा खातून पत्नी असलम खान, अकबर खान, ताजेब खान पुत्र असलम खान, तरन्नुम खातून पुत्री असलम खान, शारुख खान पुत्र स्व आलम खान, जाहिद खान पुत्र मुन्ना खान, जैनुल हुसैन पुत्र स्व इब्राहिल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# चोरी की बुलेट के साथ दो गिरफ्तार

**देवरिया(एसएनबी)।** सदर कोतवाली पुलिस ने शनिवार की रात वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की बुलेट के साथ दो लिफ्टरों को गिरफ्तार किया। पुलिस उनके विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई करने में जुटी है। सदर कोतवाली पुलिस शनिवार की रात शहर के साकेत नगर में वाहन चेकिंग कर रही थी। इस दौरान तेज गति से एक बुलेट लेकर दो युवक आते हुए नजर आए। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो वह तेजी से बुलेट लेकर भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर उन्हें रोक लिया। पूछताछ में दोनों ने अपना नाम विशाल यादव व विशाल राजभर निवासी साकेत नगर पूर्वी, सदर कोतवाली बताया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि बुलेट को उन्होंने जून महीने में चुराई थी।

# वाहन चालकों से जबरिया कर रहे वसूली

**बरहज(एसएनबी)।** करूआना-मगहरा मार्ग पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के पास अमाव निवासी कुछ मनबढ़ युवक चंदा के नाम पर आने जाने वाले वाहन चालकों से जबरिया वसूली कर रहे है। पैसा नही देने वालों को अशब्द भी बोल रहे है। इन मनबढ युवकों के अंदर किसी प्रकार का भय नही है। जानकारी के अनुसार बरहज थाना क्षेत्र के करूअना मगहरा मार्ग पर सोनाड़ी स्थित अस्पताल के समीम आये दिन कुछ मनबढ़ युवक जबरजस्ती आने जाने वाले दो पहिया चार पहिया सहित सायकिल सवारों से जबर जस्ती चंदा के नाम पर बसूली कर रहे है। इनके अंदर पुलिस का कोई भय नही है। प्रदेश सरकार ने किसी तरह के वसूली पर करने पर रोक लगाया है। इन युवकों की शिकायत किसी ने डीएम व एसपी को ट्विट कर किया है। पुलिस रविवार को दिन में दबिश दी है लेकिन युवक पुलिस की पकड़ में नही आये। थानाध्यक्ष राहुल सिंह ने कहा कि जबरजस्ती वसूली करने की शिकायत मिली है। दबिश दी जा रही है। युवकों को चिन्हित कर लिया गया है। शीघ्र कार्यवाही की जायेगी ।

# अपहृता बरामद, अपहर्ता को भेजा जेल

**देवरिया(एसएनबी)।** तरकुलवा पुलिस ने क्षेत्र के एक गांव से अपहृत किशोरी को कंचनपुर तिराहे के पास से बरामद कर लिया। साथ ही किशोरी के अपहरण कर्ता को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। मालूम हो कि तरकुलवा थाना क्षेत्र के एक गांव से एक किशोरी को एक युवक भगा ले गया। इस मामले में किशोरी के पिता की तहरीर पर तरकुलवा पुलिस ने गत 6 जुलाई 2024 को मुअस. 245/24 धारा 363,366 भादवि के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई। रविवार को तरकुलवा थाने के एसआई शैलेश एवं कां. रोशन खरवार ने मुखबिर की सूचना पर अपहृत किशोरी को कंचनपुर तिराहे से बरामद कर लिया। साथ ही आरोपी युवक मृत्युंजय कुमार पुत्र प्रभु प्रसाद ग्राम कुचया थाना तरकुलवा जनपद देवरिया को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस गिरफ्तार युवक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उसे रिमांड हेतु न्यायालय के लिए रवाना किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



# मस्तिष्क ज्वर से बच्ची की मौत

**बरहज (एसएनबी)।** थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर कोटवां निवासी निशू (12 वर्ष) पुत्री होरिल की अचानक तबियत खराब होने पर परिजन उसे इलाज हेतु मेडिकल कालेज गोरखपुर में दो दिन पूर्व भर्ती कराया था। जांच में पता चला कि बच्ची को मस्तिष्क ज्वर हुआ है। इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। निधन के बाद परिजन रोने चिल्लाने लगे।

# दो अज्ञात बाइक चालकों के विरूद्ध केस

**देवरिया(एसएनबी)।** 12 दिनों पूर्व तरकुलवा थाना क्षेत्र अंतर्गत गढ़ रामपुर नहर के पास दो मोटर साइकिलों की आमने सामने की हुई भिड़ंत में दो लोगों की हुई मौत के मामले में मुकामी पुलिस ने दोनों बाइक के अज्ञात चालकों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# युवक ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

**देवरिया(एसएनबी)।** शहर के सिंधी मिल कालोनी निवासी एक युवक ने शनिवार की देर रात अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के सिंधी मिल कालोनी निवासी दीपक कुशवाहा (22 वर्ष) पुत्र भीम कुशवाहा अविवाहित था। वह शनिवार की रात को घर पहुंचा। किसी बात को लेकर इन दिनों वह तनाव में था। रात को उसने कमरें में फंदा लगाकर खुदकुशी कर लिया। परिजनों ने उसका दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया तो खुला नहीं, शंका होने पर दरवाजा तोड़ा गया। वह फंदे से लटक रहा था। इसके बाद परिवार में चीख-पुकार मच गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रविवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार हेतु शव परिजनों को सौंप दिया।

# चंदा मांगने को लेकर हुए बवाल में पुलिस ने किया 6 का चलान

खुखुन्दू(एसएनबी)। स्थानीय थाना क्षेत्र के मझवलिया गांव में दुर्गा पूजा का चंदा मांगने को लेकर जमकर हुए बवाल में पुलिस ने रविवार को 6 लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने सभी का शांतिभंग में चालान किया है। इसके अलावा घटना में शामिल अन्य की पुलिस तलाश कर रही है। शनिवार को गांव के कुछ किशोर चंदा वसूली कर रहे थे, इसी बीच सझवलिया गांव से एक युवक पिकअप लेकर पहुंचा। किशोरों ने चंदा मांगा तो वह गाली-गलौज करने लगा। इस दौरान मारपीट हो गई। महिला ने घर में घुसकर लूटपाट करने का भी आरोप लगाया था।

थाना क्षेत्र के मझवलिया गांव निवासी श्रवण माली का बेटा आनंद माली शुक्रवार को अपने अन्य दोस्तों के साथ गांव के सड़क पर दुर्गा पूजा का चंदा वसूली कर रहा था। इसी दौरान पड़ोसी गांव सझवलिया का चालक ओमप्रकाश यादव पिकअप लेकर वहां आया। लड़कों ने पिकअप रोककर चंदा मांगा तो वह गाली गलौज करने लगा। इसके बाद उसने आनंद माली को मारपीट कर घायल कर दिया। इससे नाराज लड़को ने चालक की भी पिटाई कर दी। बौखलाया चालक गांव जाकर बड़ी संख्या में गांव वालों को लेकर आनंद के घर आ पहुंचा और घर पर मौजूद मां इंदू देवी और बहन को धक्का देकर लोगों के साथ घर में जा घुसा।

इंदू देवी का आरोप है कि एक माह बाद ही बेटी की शादी है, इसके लिए जेवरात और कपड़ो की खरीदारी कर घर में रखी थी। हमलावर घर में आनंद को ढूंढते हुए बाक्स खोलकर सारा समान छिटते हुए जेवरातों की लूटपाट किए। पुलिस ने इस मामले में रविवार को मझवलिया गांव से राहुल सैनी पुत्र श्रवण सैनी, विपुल कुमार पुत्र प्रमोद, पिंटू सैनी पुत्र दिनेश माली और सझावलिया निवासी पिकअप चालक ओम प्रकाश यादव, विनोद कुमार यादव पुत्रगण रामदेव यादव, मुन्ना यादव पुत्र राम नगीना यादव का भारतीय न्याय संहिता के तहत शांतिभंग में चालान किया है।

थानाध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने बताया 6 लोगों को हिरासत में लेकर उनका शांतिभंग में चालान किया गया है। इसके अलावा अन्य की तलाश की जा रही है।

# बच्ची की मौत से आक्रोशित परिजनों का निजी अस्पताल पर हंगामा

## चिकित्सक पर केस दर्ज

**देवरिया(एसएनबी)।** शहर के न्यू कलोनी स्थित एक निजी अस्पताल में एक सप्ताह से भर्ती बच्ची की हालत बिगड़ने पर मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर करने एवं वहां के चिकित्सक द्वारा बच्ची को मृत घोषित किए जाने के बाद आक्रोशित परिजनों ने निजी अस्पताल पर पहुंच कर शनिवार की आधी रात जमकर हंगामा किया। परिजनों ने निजी अस्पताल के डाक्टर पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हंगामा करने वालों को शांत कराया। बच्ची की मां की तहरीर पर पुलिस ने निजी अस्पताल के डाक्टर के खिलाफ केस दर्ज किया है।

मालूम हो कि पड़ोसी राज्य बिहार के गोपालगंज जिले के विजयीपुर थाना क्षेत्र के मझवलिया निवासी प्रिती देवी पत्नी गिरीश शाह की 10 वर्षीया बेटी अदिति जायसवाल की तबियत खराब होने पर उसे 21 सितंबर को शहर के न्यू कालोनी स्थित डा. एचएस राय के हास्पिटल में भर्ती कराया गया। वहां एक सप्ताह तक इलाज चलने के बाद भी हालत में सुधार



देवरिया - मृत बच्ची का फाइल फोटो।

नहीं हुआ। यह देख परिजन उसे डिस्चार्ज करने का दबाव बनाने लगे, लेकिन हास्पिटल द्वारा बच्ची को डिस्चार्ज नहीं किया गया। डाक्टर परिजनों से कहते रहे कि बच्ची की हालत सही है। शनिवार की सुबह पांच बजे अदिति की हालत और गम्भीर हो गई तो उसके नाक में नली लगा दी गई। यह देख परिजन अस्पताल कर्मियों से दूसरी जगह इलाज कराने को डिस्चार्ज करने को कहा, फिर भी उन्होंने डिस्चार्ज नहीं किया।

आरोप है कि डाक्टर की लापरवाही से अदिति की जान चली गयी, लेकिन उनके द्वारा परिजनों को बताया नहीं गया और गोरखपुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। एक सप्ताह तक चले इलाज की पर्ची भी फाड़कर फेंक दिया। बच्ची को लेकर जब परिजन मेडिकल कालेज गोरखपुर पहुंचे तो वहां डाक्टर ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। शनिवार की रात 11 बजे परिजन बच्ची का शव लेकर न्यू कालोनी स्थिति योगेश्वर सेवा संस्थान पर पहुंचे। डाक्टर पर इलाज में लापरवाही बरतने व पैसा ऐंठने को अस्पताल में रखने का आरोप लगाते हुए वे हंगामा करने लगे। भीड़ को देख अस्पताल कर्मी अंदर चले गये। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझाकर शांत कराया।

इस मामले में बच्ची की मां प्रिती देवी की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने योगेश्वर सेवा संस्थान के डा. एच. एस. राय के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं दुर्गा पूजा व दशहरा : सीओ

## पीस कमेटी की बैठक

**देवरिया(एसएनबी)।** क्षेत्राधिकारी नगर संजय कुमार रेड्डी ने कहा कि दुर्गा पूजा व दशहरा का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। त्यौहार में अशांति फैलाने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

क्षेत्राधिकारी नगर संजय रेड्डी रविवार को तरकुलवा थाना पर आयोजित पीस कमेटी की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा व दशहरा त्यौहार शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। किसी भी कीमत पर कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने कहा कि दुर्गा पंडाल स्थापित करने के लिए सड़कों पर अतिक्रमण न करें। ताकि आवागमन में व्यवधान उत्पन्न न हो। डीजे इस प्रकार बजाएं कि उससे आसपास के लोगों को उसकी ध्वनि से कोई कठिनाई न हो। मूर्तियों का विसर्जन भी समय से करें। विसर्जन जुलूस भी परम्परागत रास्ते से ही निकालें।



देवरिया- पीस कमेटी की बैठक में बोलते क्षेत्राधिकारी नगर। फोटो : एसएनबी

थानाध्यक्ष मृत्युंजय राय ने कहा कि कोई भी त्यौहार हमें आपसी प्रेम व भाईचारे का संदेश देता है। इसलिए कोई ऐसा कार्य न करें, जिससे दूसरे की भावनाओं को ठेस पहुंचे। त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो, इसके लिए आम जनता का सहयोग बहुत जरूरी है। पुलिस आप लोगों की सेवा में सदैव तत्पर है। किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर हमसे सम्पर्क जरूर करें।

बैठक में नगर पंचायत तरकुलवा के अध्यक्ष जनार्दन कुशवाहा, नगर पंचायत पथरदेवा के अध्यक्ष क्रांति सिंह, शुभम सिंह, हरिंद्र कुशवाहा, रमेश, उमाशंकर कुशवाहा, हंसराज कुशवाहा, बृज नारायण यादव, अशोक यादव, सभासद अजय सिंह, अवधेश सिंह, लल्लन कुशवाहा, चंचल शर्मा, दीपू वर्मा, चंदन सिंह, शत्रुघ पांडेय, नंदलाल चौहान, संतोष चौहान, धीरज गिरी, नंदलाल गुप्ता, अभय जायसवाल, अजीत राजभर, विकास राजभर, संजीव सिंह, प्रिंस सिंह, बलविंदर सिंह, राहुल, करन सिंह, अरुण सिंह, राजेश कुमार चौहान, दिव्यांश चौहान आदि मौजूद रहे।

# सात लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज

**सलेमपुर।** कोतवाली क्षेत्र के मझौलीराज वार्ड नम्बर छह निवासी राकिया खातून पत्नी स्व मोहम्मद इमामुद्दीन ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा है कि मेरे पड़ोसी खाली जगह पर 26 सितम्बर को गंदगी फैला रहे थे। जब मना किया तो वार्ड के संजीदा खातून पत्नी असलम खान, अकबर खान, ताजेब खान पुत्र असलम खान, तरन्नुम खातून पुत्री असलम खान, शारुख खान पुत्र स्व आलम खान, जाहिद खान पुत्र मुन्ना खान, जैनुल हुसैन पुत्र स्व इब्राहिल उग्र होकर गाली गुप्ता देते हुए लाठी डण्डा व धारदार चाकू से हमला करते हुए मारने पीटने लगे। मामले में पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# पैकौली कुटी के कर्मचारी को पीटने वालों पर केस

**सुरौली।** सुरौली थाना क्षेत्र स्थित पकौली कुटी के कर्मचारी जितेंद्र शुक्ला ने सुरौली पुलिस को तहरीर देकर कहा था कि वह गुरुवार की रात भटवलिया कुटी से अपना वेतन लेकर पैकौली कुटी जा रहे थे तभी रास्ते में पैकौली के बड़की बारी टोला निवासी कुछ युवकों ने मारपीट कर उन्हें उनका दस हजार रूपया छीन लिया। पुलिस ने रामनिवास राजभर, आकाश राजभर, गोलू राजभर व नितिन राजभर के खिलाफ मारपीट व लूटपाट का मुकदमा दर्ज किया है।

# न्यायालय के आदेश पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज

**पथरदेवा।** कोर्ट के निर्देश पर एक महिला की तहरीर पर बघौचघाट पुलिस ने उसके पति पर मानसिक उत्पीड़न और भतीजे पर दुष्कर्म का केस दर्ज किया है। बघौचघाट थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती की शादी बिहार के विजयपुर थाना के शेखपुरा सबयां गांव निवासी अरविंद गोड़ से हुई है। आरोप है कि शादी के कुछ दिनों बाद से ही अरविंद अपनी पत्नी को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगा। वहीं महिला के भतीजे ने चाकू की नोंक पर उससे कई बार दुष्कर्म किया। थानेदार प्रदीप अस्थाना ने बताया कि कोर्ट के निर्देश पर महिला के पति व भतीजे पिंटू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# पुलिस ने बुलेट के साथ दो लिफ्टरों को पकड़ा

**देवरिया।** सदर कोतवाली पुलिस ने शनिवार की रात वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की बुलेट के साथ दो लिफ्टरों को गिरफ्तार किया। शनिवार की रात शहर के साकेत नगर में वाहन चेकिंग के दौरान तेज गति से एक बुलेट लेकर दो युवक आते हुए नजर आए। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो वह तेजी से बुलेट लेकर भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर उन्हें रोक लिया। पूछताछ में दोनों ने अपना नाम विशाल यादव व विशाल राजभर निवासी शहर के साकेत नगर पूर्वी, सदर कोतवाली बताया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि बुलेट को उन्होंने जून महीने में बांस देवरिया निवासी अभिषेक विश्वकर्मा की चुराई थी।

# घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

देवरिया। बीस पहले घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के बनकटा जगदीश निवासी विरेन्द्र (50) पुत्र अमरूप 8 सितंबर को सायकिल से बाजार करने जा रहे थे। इस दौरान एक बाइक ने ठोकर मार दिया। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जहां से डाक्टरों ने हालत गंभीर देख गोरखपुर रेफर कर दिया। जहां पर इलाज के दौरान मौत हो गयी।

# छेड़खानी के आरोप में चार के खिलाफ केस दर्ज

भटनी। थाना क्षेत्र के एक गाँव में महिला के साथ छेड़खानी और मारपीट के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोप है कि उसने गाँव की एक महिला के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए छेड़खानी की। जब पीड़िता ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट की। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।

# किशोरी को भगाने में विवाहित युवक पर मुकदमा

सुरौली। एक विवाहित युवक किशोरी को भगा ले गया। इस मामले में पुलिस ने युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। सुरौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर दिया कि उसकी 15 वर्षीय बेटी को बहोरवा निवासी बिट्टू पुत्र शिवनरायन राजभर बहला-फुसला कर भगा ले गया। जबकि वह शादी-शुदा है। सुरौली पुलिस ने नाबालिग को भगाने के मामले में उक्त युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# मारपीट करने में चार आरोपितों के खिलाफ केस

देवरिया। एक व्यक्ति को मारपीट कर घायल करने तथा जान से मारने की धमकी देने के मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने चार के खिलाफ केस दर्ज किया है। शहर के गरूलवार के विजय टाकिज निवासी संजय गुप्ता ने पुलिस को तहरीर दिया कि उसे सुनील गुप्ता के तीनों लड़कों व उसकी पत्नी ने मारपीट कर घायल कर दिया। उन्होंने जान माल की धमकी भी दी। पुलिस ने गरूलपार निवासी शिवम गुप्ता, शुभम, सुनील के तीसरे बेटे तथा उसकी पत्नी के खिलाफ विभिन्न धाराओ में केस दर्ज किया है।

# 9 लोगों को चोर समझ कर पकड़ा, पुलिस को सौंपा

- भाटपाररानी थाने के सोहनपार वार्ड की घटना
- बिहार के गोपालगंज के रहने वाले हैं सभी

भाटपाररानी, हिन्दुस्तान संवाद। थाना क्षेत्र के सोहनपार वार्ड में शनिवार की रात ग्रामीणों ने संदिग्ध नौ लोगों को चोर समझ कर पकड़ लिया। इनके पास से हरियाणा नम्बर की एक स्कार्पियो गाड़ी भी बरामद हुआ है। सूचना पाकर पहुची पुलिस सभी को पकड़ कर थाने लेकर चली गई और जांच पड़ताल में जुट गई।

भाटपाररानी कस्बा के सोहनपार वार्ड में शनिवार रात करीब दो बजे के आसपास गांव में एक ही साथ 9 लोगों को घूमता देख पहरा दे रहे ग्रामीणों को शक हो गया। शोर मचाने पर भारी संख्या में ग्रामीण जुट गए। ग्रामीण सभी को पकड़ कर पूछताछ में जुट गए। आरोपियों के पास से एक हरियाणा नम्बर की स्कार्पियो गाड़ी भी बरामद हुई है। जो कुछ दूरी पर खड़ी थी और आरोपियों के गांव में मिलने से ग्रामीणों में दहशत मच गई। ग्रामीणो का आरोप था कि पुलिस गांव में गस्त नही करती है। सीयूजी नंबर भी पुलिस का नहीं मिलता है। गांव में एक ही साथ नौ संदिग्ध लोगों के मिलने से ग्रामीण दहशत में है। घटना की सूचना किसी ने पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों से छुड़ा कर सभी को थाने लेकर चली गई। सुबह करीब नौ बजे पुलिस ने मेडिकल करा कर पूछताछ की।

थानाध्यक्ष भाटपाररानी दिलीप पांडेय ने बताया कि स्कार्पियो सवार सभी व्यक्ति बिहार के रहने वाले है। रात में बिहार जाते समय रास्ता भटक गए जिन्हे ग्रामीणों ने चोर होने के शक मे पकड़ लिया। जांच पड़ताल के बाद पूछताछ कर छोड़ दिया जाएगा।

### शहर की न्यू कॉलोनी में स्थित एक अस्पताल में सप्ताह भर से भर्ती थी बीमार बच्ची

# मासूम की मौत पर अस्पताल में हंगामा, डॉक्टर पर दर्ज हुआ केस

- परिजनों ने इलाज में लापरवाही बरतने का लगाया आरोप
- हालत बिगड़ने पर कर दिया था रेफर, डॉक्टर ने घोषित किया मृत



शनिवार की देर रात न्यू कालोनी में स्थित निजी अस्पताल पर हंगामा करते लोगों को समझाते पुलिसकर्मी।

देवरिया, निज संवाददाता। शनिवार की आधी रात को एक मासूम बच्ची की मौत पर निजी अस्पताल में जमकर हंगामा हुआ। शहर के न्यू कॉलोनी स्थित अस्पताल में बच्ची एक सप्ताह से भर्ती थी। आक्रोशित परिजनों ने डाक्टर पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। बच्ची की मां की तहरीर पर पुलिस ने अस्पताल के डाक्टर के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने बच्ची का पोस्टमार्टम कराने के बाद रविवार की शाम शव परिजनों को सौंप दिया।

बिहार प्रांत के गोपालगंज जिले के विजयीपुर थाना क्षेत्र के मझवलिया निवासी प्रिती देवी पत्नी गिरीश शाह की 10 वर्षीय बेटी अदिति जायसवाल की तबियत खराब हो गयी। उसे 21 सितंबर को शहर के न्यू कालोनी स्थित डा.एचएस राय के हास्पिटल में भर्ती कराया गया। वहा एक सप्ताह तक इलाज करने के बाद भी हालत में सुधार नहीं हुआ। यह देख परिजन उसे डिस्चार्ज करने का दबाव बनाने लगे। लेकिन हास्पिटल द्वारा बच्ची को डिस्चार्ज नहीं किया गया। डॉक्टर परिजनों से कहते कि बच्ची की हालत सही और उन्होंने कई तरह का जांच कराया। इसमें हजारों रूपया खर्च हुआ। शनिवार की सुबह पांच बजे बच्ची अदिति की हालत बिगड़ने लगी। यह देख परिजनों ने डिस्चार्ज करने को कहा, लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने डिस्चार्ज नहीं किया। आरोप है कि डॉक्टर की लापरवाही से उनकी बेटी की जान चली गयी, लेकिन उनके द्वारा परिजनों को बताया नहीं गया और गोरखपुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। एक सप्ताह तक चले इलाज की पर्ची भी फाड़कर फेंक दिया। बच्ची को लेकर परिजन मेडिकल कालेज गोरखपुर पहुंचे, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। शनिवार की रात 11 बजे परिजन बच्ची का शव लेकर न्यू कालोनी स्थिति योगेश्वर सेवा संस्थान पर पहुंचे। उन्होंने डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही बरतने व पैसा ऐंठने को अस्पताल में रखने का आरोप लगाते हुए हल्ला-हंगामा करने लगे। भीड़ को देख अस्पताल कर्मी अंदर चले गये। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझाकर शांत कराया। बच्ची की मां प्रिती की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने डा.एचएस राय योगेश्वर सेवा संस्थान के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# आधा दर्जन का शांति भंग में चालान

खुखुन्दू, हिन्दुस्तान संवाद। दुर्गा पूजा त्योहार को लेकर पिकअप वाहन चालक से चंदा मांगने को लेकर दो दिन पूर्व हुई मारपीट में पुलिस ने दोनों पक्षों से आधा दर्जन लोगों का शांति भंग में चालान किया है। मझवलिया गांव में शनिवार को दुर्गा पूजा को लेकर चंदा मांग रहे किशोर आनंद माली पुत्र श्रवण माली से पड़ोसी गांव सझवलिया के रहने वाले पिकअप चालक ओम प्रकाश यादव से चंदा मांगने को लेकर कहासुनी के बाद मारपीट हुई थी। किशोर के परिजनों ने घर में घुसकर तोड़फोड़ एवं लूटपाट का आरोप भी लगाया था। इस मामले में पुलिस ने एक पक्ष से राहुल सैनी, विपुल कुमार व पिंटू सैनी निवासी मझवलिया एवं दूसरे पक्ष से पिकअप वाहन के चालक ओमप्रकाश यादव, विनोद एवं मुन्ना के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# दुर्गा पूजा को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न

भटनी, हिन्दुस्तान संवाद। रविवार को थाना परिसर में दुर्गा पूजा के सफल आयोजन को लेकर पीस कमेटी बैठक की अध्यक्षता सीओ शिवप्रताप सिंह और एसडीएम भाटपाररानी ने की। इस दौरान पूजा पांडाल आयोजकों सहित नगर और ग्रामीण क्षेत्रों की दुर्गा पूजा समितियों के सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में दुर्गा पूजा के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए चर्चा की गई। इस अवसर पर निरीक्षक रणजीत भदौरिया और थाना टीम भी मौजूद रही। बैठक का मुख्य उद्देश्य सामुदायिक सहयोग और शांति बनाए रखना था।

**सौहार्द से मनाएं दुर्गा पूजा: पथरदेवा।** रविवार को तरकुलवा और बघौचघाट थाने में पीस कमेटी की बैठक हुई। तरकुलवा में सीओ सदर संजय रेड्डी और थानेदार मृत्युंजय राय ने कहा कि सभी लोग दुर्गा पूजा और दशहरे का त्यौहार आपसी सौहार्द से मनाएं। डीजे की आवाज को नियंत्रित रखें। बघौचघाट में एसओ प्रदीप अस्थाना ने कहा कि भी प्रकार की समस्या होने पर पुलिस को तत्काल सूचना दें। इस दौरान एसआई सौरभ सिंह, विकास विश्वकर्मा, रंजय कुमार, जहीर अब्बास जैदी, रजनीकांत राय, राजेश यादव आदि मौजूद रहे।

# अनुप्रिया पटेल का कार्यक्रम स्थगित

देवरिया। महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज के ग्राउंड में अपना दल एस का 2 अक्टूबर को आयोजित होने वाला जिला कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम स्थल पर जल जमाव होने से स्थगित कर दिया गया है। सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल को बतौर मुख्य अतिथि शामिल होना था।

रविवार को यह जानकारी देते हुए दल के प्रदेश प्रवक्ता राजेश श्रीवास्तव ने देते हुए बताया कि जनपद में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय व प्रदेश स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक भी होनी थी। इसे लेकर पार्टी के जिलाध्यक्ष रविकर पटेल की टीम कार्यक्रम को लेकर पूरी ताकत और तैयारी से जुटी थी।। पार्टी नेतृत्व ने कार्यक्रम को फिलहाल स्थगित करते हुए आगे बढ़ा दिया है। जनपद में कार्यक्रम की अगली तिथि की घोषणा जल्द ही कर दी जाएगी।

# एएसपी ने थाने का किया निरीक्षण

बरहज। एएसपी सुनील सिंह ने रविवार को बरहज थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थिति पंजिका, अपराध रजिस्टर, बीट रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों का निरीक्षण किया तथा दुर्गा पूजा पर्व के लिए समिति बनाकर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। तेज आवाज में और देर रात तक डीजे बजाने वालों पर कार्रवाई करने निर्देश दिया। उन्होंने महिला सिपाही की बीट ड्यूटी लगाने, महिला से जुड़े मामलों की जांच भी महिला सिपाही से कराने का निर्देश दिया। इसमें सीओ आदित्य गौतम और प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई करे देवरिया प्रशासन : डा. केसी

जासं, गोरखपुर : देवरिया जिले के लार थाना में आरएसएस कार्यकर्ता रामेश्वर तिवारी की शिखा नोचना व उनकी बेटी का बाल पकड़कर घसीटते हुए बर्बर पिटाई करना पुलिसिया अत्याचार की पराकाष्ठा है। ब्राह्मण समाज को सीधे-सीधे पुलिस ने ललकारा है। ऐसी दशा में देवरिया के पुलिस अधीक्षक सभी दोषी पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करें।


डा. केसी पांडेय

यह चेतावनी अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. केसी पांडेय ने प्रशासन को देते हुए कहा कि लार पुलिस की दरिंदगी से एक अक्टूबर को राज्य सरकार के जिम्मेदार मंत्रियों को लखनऊ में अवगत कराया जाएगा। लार की इस घटना से प्रदेश का विशाल ब्राह्मण समाज आक्रोशित है।

# दो पक्षों में मारपीट, तीन लोगों के विरुद्ध दर्ज किया गया मुकदमा

रामपुर कारखानाः छत पर सोते समय पट्टीदारों द्वारा ताकझांक करने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। मामले में पुलिस ने गांव के अभिषेक यादव, सुदामा व देवंती के विरुद्ध मारपीट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। रामपुर कारखाना के पिपराइच गांव के परमहंस यादव का आरोप है कि मेरा बेटा सत्येंद्र यादव रात में पत्नी के साथ सोता था। पट्टीदार अभिषेक यादव छत से बोली बोलने के साथ ताकझांक कर रहा था। 25 सितंबर की रात विरोध करने पर मारपीट की गई, जिसमें सत्येंद्र व मेरी पत्नी सोनमती घायल हो गई।

## जलनिकासी को लेकर मारपीट

सलेमपुर: उपनगर के वार्ड संख्या छह व 10 में सीसी रोड व नाला निर्माण के दौरान पानी के बहाव को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। उसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। नगर पंचायत के वार्ड नंबर छह में वीरेंद्र गुप्ता के मकान से कमलेश की मकान तक सीसी सड़क निर्माण व नाला निर्माण 11.87 लाख रुपये की लागत से हो रहा है। रविवार को ठीकेदार सड़क निर्माण करा रहा था। इस बीच मोहल्ले के कुछ लोग सड़क पर पानी के बहाव को लेकर आपत्ति जताने लगे। इस पर विवाद बढ़ने के साथ मारपीट हो गई। इसके बाद मजदूर भाग खड़े हुए। लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। इसके बाद कार्य शुरू हो सका।

कार्या

संख्या– 623

# सीढ़ी निर्माण में विवाद की सूचना पर पहुंचे सीओ

एकौना: क्षेत्र के बेलवा दुबौली में कुआं के सीढ़ी विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने हो गए। सूचना पर रविवार की शाम सीओ अंशुमन श्रीवास्तव व नायब तहसीलदार अनिल तिवारी मौके पर फोर्स लेकर पहुंचे और सख्ती दिखाते हुए मामले को शांत कराया।

ग्राम प्रधान सरिता पांडेय ने गांव स्थित कुआं का चबूतरा बनवाया था। जिसकी सीढ़ी लैश अंसारी के दरवाजे के सामने निकाल दी गई। जिसको उसकी पत्नी ने तोड़ दिया, दूसरे पक्ष के भीम पाल ने इसका विरोध किया कि गांव का कुआं पुराना है, जिस पर गांव के लोग शादी विवाह में भांवर घुमते है और बैठते हैं। इसके बाद मामला बढ़ गया। दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए।

# न्यायालय के आदेश पर पति व देवर के विरुद्ध मुकदमा

जासं, पथरदेवा: पति द्वारा प्रताड़ित करने और चाकू मारने का भय दिखाकर देवर द्वारा भाभी के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने देवर व पति के विरुद्ध दुष्कर्म व प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज किया है।

बघौचघाट थाना क्षेत्र के एक की गांव महिला का कहना है कि उसकी शादी बिहार के गोपालगंज जनपद के विजयीपुर थाना क्षेत्र के अरविंद गोंड से हुई है। वह जबसे ससुराल गई, तभी से लोग और दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। पति भी पिटाई करता था। वहीं देवर पिंटू ने चाकू मारने का भय दिखाकर दुष्कर्म किया। बघौचघाट व विजयीपुर थाने में कार्रवाई के लिए गुहार लगाई, लेकिन न्याय नहीं मिला। इसके बाद उसने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। थानाध्यक्ष प्रदीप अस्थाना ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# शांति और सौहार्द के बीच मनाएं दुर्गा पूजा : एसडीएम

- सदर कोतवाली व थानों में हुई शांति कमेटी की बैठक
- तेज आवाज में नहीं बजेंगे लाउडस्पीकर व साउंड बाक्स

जासं, देवरिया: सदर कोतवाली परिसर में रविवार को दुर्गा पूजा को लेकर शांति कमेटी की बैठक आयोजित की गई। एसडीएम विपिन कुमार द्विवेदी ने कहा कि शांति और सौहार्द के बीच दुर्गा पूजा का त्योहार मनाएं। इसमें किसी प्रकार का हुड़दंग नहीं होना चाहिए। हुड़दंग करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई होगी।

सीओ सिटी संजय कुमार रेड्डी ने कहा कि सभी मूर्ति आयोजक वालंटियर रखेंगे। उनका आधार कार्ड व फोटो कोतवाली पुलिस को उपलब्ध कराएंगे। बिना अनुमति के कोई प्रतिमा नहीं रखी जाएंगी। धीमी आवाज में लाउडस्पीकर व साउंड बाक्स बजाएंगे। इस दौरान सदर कोतवाल दिलीप सिंह, ईओ संजय तिवारी, उप निरीक्षक संजय चंदेल समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

सलेमपुर संवाददाता के अनुसार कोतवाली में शांति कमेटी की बैठक हुई, जिसमें एसडीएम दिशा श्रीवास्तव ने निर्देश दिया कि नवरात्र मेला व प्रतिमा विसर्जन के दिन लड़कियों का नृत्य नहीं होगा। इसके लिए आयोजक शपथ पत्र भरकर देंगे। साथ ही हर पंडाल में नशा मुक्ति जोन का बैनर लगा रहेगा। एसडीएम ने कहा कि दुर्गा पूजा धार्मिक पर्व है। इसमें शांतिपूर्वक पूजा-पाठ होना चाहिए न की हुड़दंग। हुड़दंग करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। सीओ दीपक शुक्ला, प्रभारी निरीक्षक तेज जगरनाथ सिंह, एसएसआई राम चंद्र सिंह यादव नपं अध्यक्ष श्रीराम यादवकृष्ण मुरारी पांडेय अशोक बड़े तिवारी मौजूद रहे।



बघौचघाट थाने में आयोजित शांति कमेटी की बैठक में उपस्थित लोग ● जागरण

अराजकता फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई: मदनपुर: थाना परिसर में शांति कमेटी की बैठक हुई। सीओ अंशुमन श्रीवास्तव ने कहा कि 137 जगहों पर मूर्ति रखी जा रही है। अराजकता करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी। कपरवार पुल पर जाली लग जाने से मूर्ति विसर्जन को लेकर उच्चाधिकारियों से वार्ता के बाद ही निर्णय लिया जाएगा। प्रभारी निरीक्षक गोरखनाथ सरोज, उपनिरीक्षक अभिषेक यादव, नितिन राव, भोला पाण्डेय, संतराज यादव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। पथरदेवा संवाददाता के अनुसार बघौचघाट थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति कमेटी की बैठक हुई। प्रभारी थानाध्यक्ष प्रदीप अस्थाना ने कहा कि पंडाल या मूर्ति विसर्जन के दौरान अश्लील गाने नहीं बजेंगे। अश्लील गाना बजाने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। खुखुंदू व तरकुलवा संवाददाता के अनुसार थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति कमेटी की बैठक हुई।

मूर्ति रखने के लिए रुपये मांगने को लेकर मारपीट: खुखुंदू: मझवलिया गांव के समीप मूर्ति के लिए रुपये मांगने पर मारपीट हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने छह लोगों का शांतिभंग में चालान कर दिया। मझवलिया गांव के कुछ युवक दुर्गा पूजा में मूर्ति रखने के लिए रुपये वसूल रहे थे। इस बीच सझवलिया गांव के ओमप्रकाश पिकअप आ गए। रुपये मांगने पर विवाद हो गया और मारपीट हो गई। पुलिस ने राहुल सैनी, विपुल सैनी, पिंटू, ओमप्रकाश यादव, विनोद कुमार व मुन्ना का शांतिभंग में चालान किया।

## धमकी देने के मामले में चार के विरुद्ध मुकदमा

देवरिया : शहर के गरुलपार के रहने वाले युवक को धमकी देने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। यह कार्रवाई शिवम, शुभम, सुनील के लड़का, सुनील की पत्नी पर मोहल्ले के संजय गुप्ता की तहरीर पर की गई है। पुलिस ने कहा कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## ट्रक चलाने से मना करने पर पीटा, तीन के विरुद्ध केस

देवरिया : सदर कोतवाली के पगरा में ट्रक चलाने से मना करने को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। उनमें अखिलेश चौरसिया, बबुआ चौरसिया व विशाल शामिल हैं। रुदल राजभर ने आरोप लगाया है कि ट्रक चलाने से मना करने पर इन दिनों ने मेरे साथ मारपीट की। (जासं)

# चार लोगों के विरुद्ध छेड़खानी का मुकदमा

भटनी: थाना क्ष्त्र के एक गांव की युवती के साथ छेड़खानी करने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि युवती घर से बाहर जा रही थी। इस बीच एक युवक ने उसका हाथ पकड़ लिया। उसने विरोध जताते हुए अपने घर इसकी शिकायत की तो पूछताछ हुई। इस पर आरोपित व उसके स्वजन ने मारपीट की। मामले में पुलिस ने गांव के पप्पू यादव, सुभाष यादव, मुन्ना यादव, कृष्णावती देवी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# बालिका की मृत्यु, चिकित्सक पर दर्ज किया गया मुकदमा

जासं, देवरिया: बीमार बालिका की मृत्यु के बाद गोरखपुर से शव लेकर देवरिया आने पर शहर के न्यू कालोनी स्थित अस्पताल में शनिवार की रात स्वजन ने जमकर हंगामा किया। बवाल की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत कराया। साथ ही चिकित्सक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया।

बिहार के गोपालगंज जनपद के थाना विजयीपुर के मझवलिया की रहने वाली प्रीति देवी अपनी 10 वर्षीय बेटी अदिती जायसवाल को उपचार कराने के लिए 21 सितंबर को न्यू कालोनी स्थित योगेश्वर सेवा संस्थान अस्पताल में लेकर पहुंची और भर्ती करा दिया। हालत में सुधार न होने पर रेफर करने के लिए कहते रहे, लेकिन नहीं किया गया। शनिवार की सुबह पांच बजे तबीयत बिगड़ने के बाद चिकित्सक ने रेफर कर दिया। गोरखपुर बेटी को लेकर पहुंची तो चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि बालिका गंभीर हालत में आई थी।

## तीन वारंटी गिरफ्तार, कोर्ट में पेश किए गए

बरहज : पुलिस ने तीन वारंटियों को रविवार को गिरफ्तार किया। उनमें पिपरा बेनी निवासी रामछबीला, सतरांव निवासी अभिमन्यु, आजाद नगर उत्तरी बरहज के रहने वाले साहब जफ्फार शामिल हैं। पुलिस ने पूछताछ के बाद तीनों को कोर्ट में पेश किया।(जासं)

## अपहरणकर्ता गिरफ्तार किशोरी बरामद

तरकुलवा : कंचनपुर के समीप से अपहृत किशोरी को पुलिस ने बरामद कर लिया। साथ ही आरोपित को भी गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। छह जुलाई को किशोरी घर से गायब हो गई थी। पुलिस ने मृत्युंजय कुमार निवासी कुचया थाना तरकुलवा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था।(जासं)

# किशोरी के अपहरण के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

संवाद न्यूज एजेंसी

## तरकुलवा क्षेत्र की किशोरी, जेल गया आरोपी

तरकुलवा। एक किशोरी का अपहरण करने वाले युवक को पुलिस ने रविवार देर शाम क्षेत्र के रतनपुर चौराहा के पास से अपहृता के साथ दबोच लिया।

पुलिस दोनों को गिरफ्तार कर थाने ले आई। पूछताछ के बाद किशोरी को मेडिकल के लिए महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज देवरिया भेज दिया। जबकि युवक को पुलिस अभिरक्षा में कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया।

थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाली किशोरी को चार माह पूर्व बगल के ही गांव का रहने वाला एक युवक अपहरण करके कहीं चला गया था। पुलिस उनकी तलाश में जुटी थी।

पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के रतनपुरा चौराहे से शनिवार शाम दोनों को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी मृत्युंजय राय ने बताया कि आरोपी युवक मृत्युंजय कुमार पुत्र प्रभु को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। लड़की को मेडिकल परीक्षण के लिए देवरिया भेजा गया है।

# नकदी छीनने के आरोप में चार युवकों पर केस दर्ज

**पैकौली।** पैकौली कुटी के कर्मचारी से बृहस्पतिवार की शाम को कचिअवा पोखरे के पास मारपीट कर नकदी छीन लिया गया था। इस मामले में उसकी तहरीर पर पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज जांच में जुट गई। पुलिस चारों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पैकौली कुटी के कर्मचारी जितेंद्र शुक्ल कई वर्षों से पैकौली कुटी पर रहकर गाय भैंस की देखभाल करते हैं। वह बृहस्पतिवार को देवरिया के भटवलिया कुटी पर गए और वहां से अपना वेतन दस हजार रुपये लेकर वापस पैकौली कुटी लौट रहे थे। वापस लौटने में शाम हो गई। सुरौली चौराहा से कुटी पर लौटते समय पैकौली टोला भरटोली के पास बारिश होने के कारण एक घर के पास रुक गए। संवाद

# बच्ची की मौत पर अस्पताल में हंगामा, डॉक्टर के खिलाफ केस

## शहर के न्यू कॉलोनी स्थित एक निजी अस्पताल में सप्ताह भर से भर्ती थी बच्ची

संवाद न्यूज एजेंसी



अदिति जायसवाल
फाइल फोटो

देवरिया। शहर में शनिवार की आधी रात को एक बच्ची की मौत पर निजी अस्पताल में जमकर हंगामा हुआ। न्यू कॉलोनी स्थित अस्पताल में बच्ची एक सप्ताह से भर्ती थी। आक्रोशित परिजनों ने डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। हालत बिगड़ने पर बच्ची को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया, जहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बच्ची के मरने की सूचना पर अस्पताल पर भारी भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हंगामा करने वालों को शांत कराया। बच्ची की मां की तहरीर पर पुलिस ने अस्पताल के डॉक्टर के खिलाफ केस दर्ज किया है।

गोपालगंज के विजयीपुर थाना क्षेत्र के मझवलिया निवासी प्रीति देवी पत्नी गिरीश शाह की 10 वर्षीय बेटी अदिति जायसवाल की तबीयत खराब हो गई। परिजनों के अनुसार उसे 21 सितंबर को शहर के न्यू कालोनी स्थित योगेश्वर सेवा संस्थान में भर्ती कराया गया, जहां एक सप्ताह तक इलाज करने के बाद भी हालत में सुधार नहीं हुआ। यह देख परिजन उसे डिस्चार्ज करने का दबाव बनाने लगे, लेकिन हास्पिटल द्वारा बच्ची को डिस्चार्ज नहीं किया गया। डॉक्टर परिजनों से कहते कि बच्ची की हालत सही और उन्होंने कई तरह की जांच कराई। शनिवार की सुबह पांच बजे बच्ची अदिति की हालत सीरियस होने पर उसके नाक में नली लगाई गई। यह देख परिजन अस्पताल कर्मियों से दूसरी जगह इलाज कराने के लिए डिस्चार्ज करने को कहा गया, लेकिन उन्होंने डिस्चार्ज नहीं किया। रात 11 बजे परिजन बच्ची का शव लेकर न्यू कालोनी स्थित हास्पिटल पर पहुंचे। वह डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही बरतने व पैसा लेने के लिए अस्पताल में रखने का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझाकर शांत कराया। बच्ची की मां प्रीति की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने डॉ. एचएस राय के खिलाफ केस दर्ज किया है।



न्यू कॉलोनी के अस्पताल में बच्ची की मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस। स्रोत सोशल मीडिया

# तेज ध्वनि से डीजे बजा तो की जाएगी कार्रवाई

**निर्देश**

- दशहरा पर्व को लेकर प्रधानों के साथ एसडीएम व सीओ ने की बैठक

सलेमपुर, हिन्दुस्तान संवाद। दुर्गा पूजा, दशहरा एवं मूर्ति विसर्जन को लेकर एसडीएम सलेमपुर दिशा श्रीवास्तव व सीओ दीपक शुक्ला की अध्यक्षता में रविवार को मूर्ति के आयोजकों, ग्राम प्रधानों समेत नगर अध्यक्ष के साथ बैठक किया। इस दौरान आयोजकों को मानक विरुद्ध डीजे नहीं बजने, दुर्गा मां के विसर्जन में बालाओं के नृत्य पर नहीं कराने का सख्ती से निर्देश दिया गया। इसका उलंघन करने वालों पर कार्रवाई होगी।

सीओ दीपक शुक्ल ने कहा कि उच्च न्यायलय का सख्त निर्देश है कि मानक व नियमों के विरुद्ध तेज ध्वनि में डीजे नही बजेगा। विसर्जन में आर्केस्ट्रा, बालाओं की नृत्य, फूहड़ गीत व अश्लीलता पर रोक रहेगी। एसडीएम दिशा श्रीवास्तव ने कहा कि सभी मूर्ति आयोजकों से निवेदन है की विसर्जन के समय एक सुनिश्चित व्यवस्था करें। जिससे दुर्गा मां का अपमान ना हो।

कोतवाल टीजे सिंह ने सभी मूर्ति आयोजकों से अपील किया कि सभी मूर्तियों के अपने दस वालिंटियर रहेंगे। बिजली विभाग के जेई उमेश चंद ने कहा दुर्गा पंडाल बिजली के तारों से दूर ही बनाए जाए और सुरक्षा के पूरे इंतजाम रखे जाएं। नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीराम यादव ने लोगो से प्रशासन के साथ सहयोग करने की अपील की। इस दौरान ईओ मृदुल सिंह, हिमांशु प्रताप सिंह, एसआई रामचन्द्र सिंह यादव, दीपक, महेन्द्र प्रताप आदि मूर्ति आयोजकों, ग्राम प्रधान एवं संभ्रान्त लोग मौजूद रहे।



रविवार को सलेमपुर कोतवाली में दशहरा पर्व को लेकर बैठक करते सीओ दीपक शुक्ल और एसडीएम दिशा श्रीवास्तव।

# दो अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**तरकुलवा।** थाना क्षेत्र के गढ़रामपुर नहर पुलिया के पास एक सप्ताह पूर्व कुछ समय के अंतराल पर हुए दो अलग-अलग सड़क हादसे में हुई दो लोगों की मौत और एक के व्यक्ति के गंभीर रूप से घायल हो जाने के मामले में पुलिस ने दो अज्ञात वाहन चालकों पर लापरवाही से वाहन चलाने व गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है।

कुशीनगर जिले के कसया थाना क्षेत्र के विशम्भरपुर की रहने वाली प्रतिमा देवी ने थाने में तहरीर दी है। उन्होंने कहा है कि उनके पति मुन्ना गुप्ता 17 सितंबर को बाइक से तरकुलवा से घर लौट रहे थे। इस बीच रात सात बजे के करीब गढ़रामपुर नहर पुलिया के पास एक अज्ञात वाहन ने गलत दिशा से आकर सामने से उनको ठोकर मार दिया, जिससे उनकी मौत हो गई थी।

इस मामले में पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। उधर, बघौचघाट थाना क्षेत्र के घुडी कुंड कला के संजय सिंह ने तहरीर देकर कहा है कि उनके बेटे क्रांतिवीर सिंह, भाई बसंत सिंह के साथ बाइक से कसया से घर लौट रहे थे।

रात 7:30 बजे के करीब एक वाहन ने उनको पीछे से टक्कर मार दिया, जिससे इलाज के दौरान क्रांतिवीर की मौत हो गई। जबकि भाई बसंत गंभीर रूप से घायल हो गया। इस मामले में भी पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## पुलिस ने चोरी की बुलेट के साथ आरोपियों को पकड़ा

**देवरिया।** सदर कोतवाली पुलिस ने शनिवार की रात वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की बुलेट के साथ दो लिफ्टरों को गिरफ्तार किया। पुलिस उनके खिलाफ विधिक कार्यवाही में जुटी है। सदर कोतवाली पुलिस शनिवार की रात शहर के साकेत नगर में वाहन चेकिंग कर रही थी। इस दौरान तेज गति से एक बुलेट लेकर दो युवक आते हुए नजर आए। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो वह तेजी से बुलेट लेकर भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर उन्हें रोक लिया। पूछताछ में दोनों ने अपना नाम विशाल यादव व विशाल राजभर निवासी शहर के साकेत नगर पूर्वी, सदर कोतवाली बताया। संवाद

# दुकान में चोरी के मामले में केस

संवाद न्यूज एजेंसी

## आभूषण की दुकान में चोरी करने का मामला

रामपुर कारखाना। स्थानीय थाना क्षेत्र के गौरा चौराहे पर शुक्रवार की रात सेंध काटकर आभूषण की दुकान में चोरी करने के मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के रामगुलाम टोला के रहने वाले प्रिंस वर्मा पुत्र शिवकुमार वर्मा ने पुलिस को तहरीर दी है। आरोप लगाया है कि 27 सितंबर की रात में मौसम खराब होने के कारण अपनी दुकान से शाम को पांच बजे ताला बंद करके घर चला आया।

दूसरे दिन जब दुकान पर पहुंचा तो देखा कि दीवार तोड़कर तिजोरी से 1200 ग्राम चांदी का पायल, सोने की अंगूठी 25 ग्राम व ढाई सौ ग्राम चांदी का छल्ला, 5200 नकद चोरी हो गया है। जबकि गौरा चौराहे पर प्रतिदिन पुलिस का पिकेट लगता है।

---

# प्रयागराज में यूपीएससी की तैयारी कर रहा था अपहरणकर्ता

## गोपालगंज के फुलवरिया से आठ वर्षीय बालक का अपहरण कर 10 लाख रुपये फिरौती मांगने का मामला

आगमन संवाददाता, लार: बिहार के गोपालगंज जिले से आठ वर्षीय बालक का अपहरण करने वाला अमित सिंह प्रयागराज में यूपीएससी की तैयारी कर रहा था। रुपये की कमी आई तो उसने अपने एक साथी को साथ लेकर बालक का अपहरण कर लिया और 10 लाख रुपये की फिरौती मांगी। इसका पर्दाफाश गोपालगंज पुलिस ने पूछताछ के बाद किया है। रविवार को फुलवरिया पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उधर पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपित की बहन को छोड़ दिया।

- यूपीएससी तैयारी में रुपये की कमी आई तो साथी संग मिल किया बालक का अपहरण
- गिरफ्तार करने के बाद पुलिस की पूछताछ में अपहरण की योजना का किया पर्दाफाश

### एक भाई गया जेल तो दूसरे ने छोड़ दी दुनिया

दो बहनों की जिम्मेदारी विशाल व अमित पर थी। बड़ी बहन की विशाल ने शादी कर दी थी। छोटे भाई अमित को अच्छी शिक्षा दिलाना चाहते थे। जबकि छोटी बहन की धूमधाम से शादी करने की उसकी योजना थी। जब छोटे भाई अमित की गिरफ्तारी की सूचना विशाल को मिली तो उस समय विशाल वाराणसी में थे। बताया जा रहा है कि गांव के कुछ लोगों से विशाल ने फोन किया और अपने को बेगुनाह बताते हुए आत्महत्या करने की बात कही। गांव के लोग समझाते, उसके पहले ही ट्रेन के सामने कूदकर जान दे दी।

### यह है पूरी घटना

बिहार के गोपालगंज जनपद के फुलवरिया थाना क्षेत्र के मजिरवा कला बाजार में अपने ननिहाल में बने मकान के सामने खेल रहे आठ वर्षीय अनीश कुमार का बाइक सवार अमित व उसके साथी ने अपहरण कर लिया। इसके बाद उसे लेकर भाग आए। पुलिस ने मोबाइल फोन लोकेशन के माध्यम से पूरी घटना का पर्दाफाश करते हुए अमित को गिरफ्तार कर लिया।

देवरिया जिले के लार थाना क्षेत्र के ग्राम नेमा निवासी नथुनी सिंह के दो बेटे विशाल व अमित सिंह थे। 18 वर्ष पहले नथुनी सिंह का निधन हो गया। इसके बाद दो बहनों की जिम्मेदारी विशाल व अमित पर आ गई।

विशाल चौराहे पर बिल्डिंग मटेरियल की दुकान के साथ ही कंबाइन चलवाने का कार्य करता था। जबकि अमित प्रयागराज में रहकर यूपीएससी की तैयारी करता था। फुलवरिया थानाध्यक्ष शाहनवाज ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद उससे देर रात तक पूछताछ गई। इसके बाद उसने अपहरण करने की पूरी योजना का पर्दाफाश किया।

मोबाइल फोन से खुल सकते हैं कई और राज: विशाल व अमित के मोबाइल फोन में कई राज छुपे हैं। सूत्रों का कहना है कि मोबाइल काल डिटेल खंगाला जाए तो कई और राज खुल सकते हैं। छह माह पहले हुई एक घटना में भी इनके शामिल होने के दावे किए जा रहे हैं। हालांकि पुलिस इसकी पुष्टि नहीं कर रही है।

**विशाल को चाचा ने दी मुखाग्नि**

लार: अपहरण के मामले में भाई की गिरफ्तारी व बहन को पुलिस द्वारा उठा कर ले जाने की सूचना के बाद वाराणसी में आत्महत्या करने वाले नेमा के रहने वाले विशाल सिंह का रविवार की सुबह हरिश्चंद घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। छोटे भाई के जेल जाने के चलते चाचा बलदेव सिंह ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार के समीप ग्राम प्रधान समेत लार पुलिस भी तैनाती रही। उधर ग्रामीणों ने पुलिस की प्रताड़ना के चलते युवक के आत्महत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। साथ ही मामले की जांच ठीक से करने की आवाज उठा रहे हैं।

# चंदे के विवाद में हुए बवाल में छह आरोपी पकड़े गए

## मझवलिया में किशोर वसूल रहे थे चंदा, पड़ोसी गांव के लोगों ने किया था बवाल

संवाद न्यूज एजेंसी

खुखुंदू। थाना क्षेत्र के मझवलिया गांव में दुर्गा पूजा का चंदा मांगने को लेकर हुए बवाल में पुलिस ने रविवार को छह लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने सभी का शांतिभंग में चालान किया है। इसके अलावा घटना में शामिल अन्य की पुलिस तलाश कर रही है।

शनिवार को गांव के कुछ किशोर चंदा वसूली कर रहे थे, इसी बीच सझवलिया गांव से एक युवक पिकप लेकर पहुंचा। किशोरों ने चंदा मांगा तो वह गाली-गलौज करने लगा। इस दौरान मारपीट हो गई।

घटना के बाद चालक अपने गांव सझवलिया चला गया और कुछ ही देर में गांव से बड़ी संख्या में लोगों को लाठी-डंडे के साथ लेकर मझवलिया गांव पहुंच एक परिवार के घर में घुसकर उत्पात मचाया। महिला ने घर में घुसकर लूटपाट करने का भी आरोप लगाया था।

खुखुंदू थाना क्षेत्र के मझवलिया गांव निवासी श्रवण माली का बेटा

### पिकप चालक से हुआ था विवाद, घटना में शामिल अन्य की तलाश जारी

आनंद माली शुक्रवार को अपने अन्य दोस्तों के साथ गांव के सड़क पर दुर्गा पूजा का चंदा वसूली कर रहा था।

इसी दौरान पड़ोसी गांव सझवलिया का चालक ओमप्रकाश यादव पिकप लेकर वहां आया। लड़कों ने पिकप रोककर चंदा मांगा तो वह गाली गलौज करने लगा। इसके बाद उसने आनंद माली को मारपीट कर घायल कर दिया। इससे नाराज लड़को ने चालक की भी पिटाई कर दी।

बौखलाया चालक गांव जाकर बड़ी संख्या में गांव वालों को लेकर आनंद के घर आ पहुंचा और घर पर मौजूद मां इंदू देवी और बहन को धक्का देकर लोगों के साथ घर में जा घुसा।

हमलावर घर में आनंद को ढूंढते हुए बाक्स खोलकर सारा समान छिटते हुए जेवरातों की लूटपाट किए। पुलिस ने इस मामले में मझवलिया गांव से राहुल सैनी पुत्र श्रवण सैनी, विपुल कुमार पुत्र प्रमोद, पिंटू सैनी पुत्र दिनेश माली और सझावलिया निवासी पिकप चालक ओम प्रकाश यादव, विनोद कुमार यादव पुत्र रामदेव यादव, मुन्ना यादव पुत्र राम नगीना यादव का भारतीय न्याय संहिता के तहत शांतिभंग में चालान किया है।

### चंदा न देने वालों के साथ बदसलूकी

बरहज। करुअना-मगहरा मार्ग पर चंदा न देने वालों के साथ बदसलूकी करने संबंधी वायरल वीडियो का पुलिस ने संज्ञान लिया है। युवक बरहज थाना क्षेत्र के बताए जा रहे हैं। हालांकि, अमर उजाला इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। करुअना-मगहरा मार्ग पर सोनाड़ी गांव के निकट सीएचसी के पास कुछ युवकों द्वारा चंदा वसूलने का मामला सामने आया है। लोगों के अनुसार उक्त रास्ता सुनसान होने के साथ दो थानों का बार्डर भी है। वायरल हो रहे इस वीडियो में कुछ युवक सड़क से होकर आने-जाने वाले लोगों से चंदा मांग रहे हैं।

# KUSHINAGAR POLICE

5

# सराहनीय कार्य दिनांक:-30-09-2024

# चार गोवंशीय पशुओं के साथ दो दबोचे

अहिरौली बाजार, हिन्दुस्तान संवाद। स्थानीय पुलिस ने अंतरराज्यीय पशु तस्करी गैंग के दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से चार गोवंशीय पशु मुक्त कराए गए हैं। पुलिस विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के तिनहवा रोड पर असना और भलुहां गांव के बीच मुख्य सड़क के पास एक पिकअप को पकड़ा। उस पर चार गोवंशीय पशु और उन्हें काटने का सामान मिला। पुलिस ने पकड़े गए पशु तस्कर मुनीब उर्फ मनीष प्रसाद निवासी पगरा बसन्तपुर थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर और इरशाद साई निवासी बाजारी टोला देउरवा थाना गोपालपुर जनपद गोपालगंज बिहार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार राय ने बताया कि मुनीब उर्फ मनीष अंतरराज्यीय पशु तस्कर है। इसका एक संगठित गिरोह है, जो आए दिन बिना नम्बर प्लेट के पिकअप व डीसीएम पर पशुओं को लादकर वध के लिए बिहार भेजता है। इसके विरूद्ध जनपद के कई थानों में गोवध, पशुक्रूरता व गैंगस्टर एक्ट में कई मुकदमें पंजीकृत हैं।



प्रतिबंधित पशुओं के साथ पकड़े गए तस्करों के साथ अहिरौली बाजार पुलिस।

# त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की हुई बैठक

हाटा/ढाढा। कोतवाली परिसर में दुर्गा पूजा व दशहरा मेला को लेकर पीस कमेटी की बैठक प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में की गयी। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन प्रतिबद्ध है, कहीं से किसी प्रकार की अराजकता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। रविवार देर शाम हाटा कोतवाली में त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पीस कमेटी की बैठक हुई। प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार शुक्ल ने कहा कि त्योहारों को लेकर वालेंटियर तैयार किए जाएंगे। दुर्गा पूजा समिति अपने सदस्यों का आई कार्ड जारी कर दें, जिससे पहचान व सहयोग लेने में सुगमता बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि सभी लोग आपसी भाईचारे के साथ आपस में मिल जूल कर त्योहार मनाएं। इस दौरान मौजूद लोगों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया, जिसे समय पूर्व समाधान का आश्वासन दिया।

गांव में कमर तक लगा पानी, सुबह विधायक के साथ डीएम व एसपी ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा

# डिस्चार्ज घटा, लोगों ने जागकर बिताई रात

**विभीषिका**

**खड्डा, हिन्दुस्तान संवाद।** सीमावर्ती नेपाल के जल अधिग्रहण क्षेत्र में बारिश थमने के बाद वाल्मीकि गंडक बैराज पर नदी का डिस्चार्ज घटने लगा है। रविवार की सुबह डिस्चार्ज 5 लाख 62 हजार क्यूसेक से घटकर 4 लाख 28 हजार क्यूसेक हो गया। बावजूद इसके खड्डा रेता के गांवों में कमर तक पानी लगा है। इससे लोगों को मकानों की छतों व अन्य सुरक्षित स्थान पर रात जागकर गुजारनी पड़ी। हालांकि, तहसील प्रशासन ने बाढ़ पीड़ितों को एक गांव से दूसरे गांव आने-जाने के लिए एक दर्जन नाव तथा उनके खाने-पीने के लिए कम्युनिटी किचन की व्यवस्था किया है। बाढ़ से बचाव के लिए एसडीआरएफ की टीम भी लगाई गई है।

पहाड़ों पर भारी बारिश होने के कारण नेपाल ने शनिवार को गंडक नदी में 5 लाख 62 हजार क्यूसेक पानी छोड़ दिया था, जिससे नदी वाल्मीकि गंडक बैराज पर सीधे दबाव बनाने लगी। यह देख बैराज प्रशासन ने इसके सभी 36 फाटकों को ऊपर उठा दिया। नतीजतन गंडक नदी में बाढ़ आ गई। नदी का पानी खड्डा रेता क्षेत्र के शिवपुर, मरिचहवा, हरिहरपुर, नारायनपुर सहित अन्य कई गांवों में पहुंच गया। इन गांवों में कमर से ऊपर तक पानी लग गया। इसकी जानकारी होने पर एसडीआरएफ टीम के साथ मौके पर पहुंचे एसडीएम ऋषभ पुण्डीर, तहसीलदार महेश कुमार और इंस्पेक्टर अनिल सिंह आदि ने बाढ़ में फंसे दर्जनों लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। वहीं अन्य लोगों को बिना खाए-पीए मकान की छत, ऊंचे मचान या ऊंची जगह शरण लेना पड़ा।

रविवार की भोर में चार बजे नदी का डिस्चार्ज 5 लाख 62 हजार क्यूसेक से घटकर 5 लाख 43 हजार, पांच बजे 5 लाख 34 हजार, छह बजे 5 लाख 29 हजार, सात बजे 5 लाख 34 हजार, 8 बजे 5 लाख 15 हजार, 9 बजे 4 लाख 97 हजार, 10 बजे 4 लाख 70 हजार, 11 बजे 4 लाख 49 हजार और दोपहर 12 बजे 4 लाख 28 हजार क्यूसेक पर आ गया। यह देख रेता क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है, लेकिन गांव में कमर तक पानी लगा होने के चलते उनकी दुश्वारियां अभी कम नहीं हुई हैं। नदी खतरे के निशान 96 मीटर से 44 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है।



खड्डा के रेता क्षेत्र में बाढ़ के पानी से घिरा शिवपुर गांव।



प्रभावित इलाकों में बीमार पशुओं का इलाज करते पशु डाक्टर।



खड्डा रेता क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों में पहुंची एसडीआरएफ की टीम।



बाढ़ प्रभावित गांवों का जायजा लेते डीएम विशाल भारद्वाज, एसपी संतोष मिश्रा, विधायक विवेकानंद पाण्डेय व एसडीएम ऋषभ पुण्डीर।

### बढ़ाव से बचाव की प्रशासन ने कर ली है मुकम्मल तैयारी

विधायक एवं डीएम ने बताया कि बाढ़ के संबंध में जिला प्रशासन द्वारा सम्पूर्ण तैयारी, राहत व बचाव के उपाय किए गए हैं। इसके लिए बाढ़ राहत किट का वितरण भी किया जा रहा है। जिला प्रशासन सक्रिय होकर कार्य कर रहा है। एडीएम, एएसपी, सीओ, आपदा एक्सपर्ट, एसडीएम खड्डा, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल, पुलिसकर्मी यहां पर सक्रिय होकर लगातार कार्य कर रहे हैं। हालांकि, पानी अब स्थिर हो गया है। कुछ स्थानों पर आबादी तक पानी पहुंच गया था। वहां के लोगों को भी सुरक्षित स्थल पर पहुंचा दिया गया।

## विधायक, डीएम व एसपी बाढ़ क्षेत्र में पहुंचे

- विधायक ने बाढ़ पीड़ितों को दिया राहत किट
- लोगों से सुरक्षित ठिकानों पर रहने की अपील की

खड्डा। गंडक नदी में 5 लाख क्यूसेक से ऊपर पानी नेपाल के वाल्मीकि गंडक बैराज से छोड़े जाने के कारण बाढ़ आने की सूचना पर क्षेत्रीय विधायक विवेकानंद पांडेय, डीएम विशाल भारद्वाज और एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने पहुंचकर संयुक्त रूप से जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों को बाढ़ राहत किट दिया तथा उनका हाल जाना।

एसडीएम को निर्देश दिया कि जो लोग बाढ़ से प्रभावित हैं, उनके लिए सभी बाढ़ राहत शिविर सक्रिय कर दिए जाएं। सभी बाढ़ सुरक्षा चौकियां, शरणार्थी स्थल तथा कम्युनिटी किचन को सक्रिय कर दिया जाए। ताकि बाढ़ पीड़ितों को कोई असुविधा न हो। पशुओं के लिए भी उचित व्यवस्था की जाए। बाढ़ पीड़ितों से अपील किया कि सुरक्षित एवं चिह्नित स्थान पर ही ठहरें एवं भोजन बनाएं। चिकित्सा एवं अन्य राहत खाद्य सामग्री भी उचित मात्रा में वितरित की जाए। जिला एवं तहसील स्तर की टीम, एसडीआरएफ आदि सक्रियता से कार्य करें।

राहत सामग्री सभी में समान रूप से वितरित की जाए। एसडीआरएफ की टीम को निर्देशित किया गया कि सभी लोगों को सुरक्षित चिह्नित स्थलों पर पहुंचा दिया जाए। अगर कोई फंसा हो तो उसे तुरंत रेस्क्यू किया जाए। मेडिकल टीम भी सक्रिय होकर कार्य करे।

# नहीं रुक रहा है अवैध बालू खनन

खड्डा। खड्डा थाना क्षेत्र के भेडी जंगल में काफी दिनों से रात के अंधेरे में अवैध बालू खनन का खेल चल रहा है। इस खेल को रात के अंधेरे में अंजाम दे रहे हैं। कुछ दिन पूर्व किसी ने इसकी शिकायत एसडीएम ऋषभ पुण्डीर से की थी। शिकायत मिलने के बाद एसडीएम ने नायब तहसीलदार अभिषेक सिंह को हकीकत जानने के लिए मौके पर भेजा। मौके पर पहुंचकर नायब तहसीलदार ने छापेमारी की, तो अवैध बालू लदी एक ट्रैक्टर ट्राली सहित खनन में संलिप्त जेसीबी को पकड़ कब्जे में लेते हुए थाने लाकर सीज कर दिया गया था। वहीं खनन अधिकारी भी कुछ सप्ताह पूर्व मौके पर पहुंचकर छापेमारी की।

# दीवार तोड़ने व मारने-पीटने का आरोप

## कार्रवाई

- तमकुहीराज तहसील के खुदरा गांव का मामला
- दो लोगों को शांतिभंग में किया चालान

सलेमगढ़, हिन्दुस्तान संवाद। तमकुहीराज थाना क्षेत्र के ग्रामसभा खुदरा निवासी एक पीड़ित व्यक्ति ने पड़ोसी पर बुधवार की देर रात अज्ञात लोगों के मिलकर दरवाजे पर चढकर मारपीट करने तथा ट्रैक्टर से दीवार तोड़ने का आरोप लगाया है।

पीड़ित के परिवारजनों के शोर गुल के बाद ग्रामीणों के जुटने सभी भाग गए। पुलिस ने दो व्यक्तियों को शांतिभंग में चालान किया है। खुदरा निवासी विनोद राय पुत्र परशुराम राय ने तमकुहीराज पुलिस को दिए तहरीर में कहा कि घटना की रात में पूरा परिवार सो रहा था।

पड़ोसी पुरानी रंजिश के कारण रात 11.30 बजे आधा दर्जन लोगों के साथ लाठी डंडे के साथ दरवाजे पर पहुंचकर भद्दी भद्दी गालियां देने लगें। आवाज सुनकर दरवाजा खोलकर बाहर आया तो मुझे मारते पीटते घर में घुस गए। घर के लोगों के साथ मारपीट किये। पूरे परिवार को आतंकित कर दिया तथा ट्रैक्टर से घर का सात मीटर पक्का दीवार तोड़ दिए।

एक सागौन का पेड़ भी काट लिए। शोर होने पर गांव लोगों की भीड़ जुटने पर सभी लोग भाग निकले। पीड़ित ने मुकामी पुलिस समेत पुलिस अधीक्षक व एडीजी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। इस संबंध में तमकुहीराज एसएचओ अमित शर्मा ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। जांच चल रही है। विवाद पुरानी रंजिश में हुई है।

# बाढ़ प्रभावितों को तत्काल दें सहायता फसलों के नुकसान की दें रिपोर्ट : सीएम

## सीएम ने बाढ़ प्रभावित 11 जिलों की समीक्षा : अधिकारियों को फील्ड में रहने को कहा

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के 11 जिलों में बाढ़ के हालात की गोरखपुर में समीक्षा के दौरान राहत कार्य तेज करने के निर्देश दिए।

कुशीनगर, महाराजगंज, लखीमपुर खीरी, बलिया, फर्रुखाबाद, गोंडा, कानपुर नगर, गौतमबुद्धनगर, सीतापुर, हरदोई और शाहजहांपुर के अधिकारियों को लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर नजर रखने को कहा। वहीं बाढ़ प्रभावित जिलों के डीएम को फसलों के नुकसान का आकलन कर शासन को रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया।

सीएम ने सभी प्रभावित जिलों में एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और पीएसी की



टीमों को तैनात करने का निर्देश दिया। जिन लोगों के घरों को नुकसान अथवा पशु हानि हुई है, उन्हें 24 घंटे के भीतर वित्तीय सहायता प्रदान करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच राहत सामग्री बांटने में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।

इसमें देरी नहीं होनी चाहिए और राहत शिविरों में सभी सुविधाएं होनी चाहिए। सीएम ने आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूप को 24 घंटे क्रियाशील रखने और तटबंधों पर लगातार पेट्रोलिंग करते हुए नजर रखने के भी निर्देश दिए हैं।

### कुशीनगर में 10 लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर किया गया शिफ्ट

राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने बताया कि सीएम के निर्देश पर युद्धस्तर पर राहत कार्यों किए जा रहे हैं। कुशीनगर में गंडक नदी के कारण 1 तहसील के 5 गांव प्रभावित हैं। ऐसे में जलभराव की वजह से 8 हजार लोग प्रभावित हैं। यहां पर 16 बाढ़ शरणालय स्थापित किए गए हैं। एनडीआरएफ द्वारा शिवपुर गांव में बाढ़ के पानी में फंसे 10 लोगों को रेस्क्यू किया गया। महाराजगंज में गंडक नदी के कारण 1 तहसील का 1 गांव प्रभावित है। यहां 45 लोग प्रभावित हैं। यहां पर 1 बाढ़ शरणालय स्थापित किया गया है।

पांच लाख 62 हजार की जाली करेंसी और नेपाली मुद्रा कुशीनगर में हुई है बरामद

# जिले में पहुंचकर एनआईए टीम ने की जाली नोट मामले की जांच

**पूछताछ**

- पहले एटीएस और फिर बाद में जांच करने पहुंची एनआईए टीम
- चार घंटे तक विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी जुटा चली गई टीम

तमकुहीराज, हिन्दुस्तान संवाद। जाली करेंसी गिरोह के तह तक पहुंचने की कवायद में जुटी तीन सदस्यीय एनआईए की टीम तमकुहीराज कस्बा पहुंची। टीम के एक सदस्य थाने नहीं आकर घटना की वास्तविक जानकारी के लिए क्षेत्र में निकल गए। जबकि एनआईए के दो सदस्य थाने पहुंच कर सीओ एवं एसओ से बंद कमरे में लगभग चार घंटे तक विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी जुटाकर टीम वापस चली गई। हालांकि मामले में कुछ भी जानकारी देने से टीम के सदस्यों ने परहेज किया।

पिछले 21 सितंबर से जाली करेंसी गिरोह के टोह में जुटी तमकुहीराज, सेवरही एवं साइबर सेल की पुलिस टीम ने 23 सितंबर को तमकुहीराज कस्बे से जाली करेंसी के अवैध कारोबार में जुड़े 10 आरोपियों को हिरासत में लेकर उनके पास से 5 लाख 62 हजार भारतीय जाली करेंसी, नेपाली करेंसी, एक लाख से अधिक भारतीय मुद्रा, फर्जी नेपाली एवं भारतीय सीम कार्ड, सुतली देशी



तमकुहीराज थाने में पहुंची एनआइए की टीम।

बम, अवैध तमंचा, भारी मात्रा में कारतूस की बरामद किया था। जाली करेंसी गिरोह में शामिल आरोपियों में नौशाद खान एवं रफी अहमद उर्फ बबलू सपा के राष्ट्रीय स्तर के नेता हैं, जबकि घटना का मास्टर माइंड औरंगजेब खान उर्फ लादेन का सोशल मीडिया एक्टिविस्ट का दावा करने के साथ ही उसका जुड़ाव सपा एवं कांग्रेस पार्टी से रहा है।

बाकी आरोपियों का जुड़ाव भी सपा एवं कांग्रेस से रहा है। घटना को लेकर यूपी कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू एवं सपा सरकार में पूर्व कैबिनेट मंत्री ब्रह्मशंकर त्रिपाठी, पूर्व राज्यमंत्री राधेश्याम सिंह, पूर्व विधायक कासिम अली, पूर्व विधायक डा. पीके राय सहित सपा के जिलाध्यक्ष शुक्रुल्लाह अंसारी, सपा के राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी मधुरश्याम राय, पूर्व प्रमुख उदयनारायन गुप्ता ने सोशल मीडिया पर घटना को फर्जी करार देते हुए न्यायिक जांच की मांग की थी। जाली करेंसी कांड के 10 आरोपियों को जेल भेज देने की घटना के बाद 11 वें आरोपी पशु तस्कर मुस्तकिम को भी सेवरही थाने की पुलिस ने साइबर सेल एवं तमकुहीराज पुलिस की मदद से मुठभेड़ में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस की जांच पड़ताल चल रही थी कि घटना मे नेपाल कनेक्शन को लेकर एटीएस एवं एनआइए की टीम सक्रिय हो गई है। तीन दिन पूर्व एटीएस की तीन सदस्यीय टीम तमकुहीराज थाने पहुंच कर घटना से जुड़े तथ्यों की जानकारी संबंधित पुलिस कर्मियों से लिया था।

मामले में रविवार को सुबह 11 बजे तमकुहीराज थाने पहुंची एनआइए की टीम ने थानाध्यक्ष अमित शर्मा एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी जितेन्द्र कालरा से शाम 3 बजे तक घटना से जुड़े विभिन्न बिंदुओं से जानकारी लेकर वापस चली गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि एनआइए टीम के एक सदस्य थाने नहीं आकर घटना की जांच पड़ताल को लेकर क्षेत्र में हैं। जानकारों की मानें तो एनआइए की टीम की रडार पर क्षेत्र के कुछ गणमान्य सफेदपोश शामिल हैं, जिनका नेटवर्क देश विरोधी कार्यों में शामिल लोगों से है। एनआइए टीम की जांच से वैसे लोग बेनकाब साबित होकर सलाखों के पीछे होंगे।

# पिकअप वाहन से चार गोवंश बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

## पिकअप से लकड़ी का टुकड़ा, रस्सी और धारदार हथियार बरामद

जागरण संवाददाता, अहिरौली बाजार(कुशीनगर) : क्षेत्र के असना भलुहा गांव के पास अहिरौली बाजार पुलिस ने रविवार को पिकअप से चार गोवंश बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया। पिकअप से लकड़ी का बड़ा टुकड़ा, रस्सी व लोहे के दो धारदार हथियार मिले।

तस्करों की पहचान मुनीब उर्फ मनीष प्रसाद निवासी पगरा बसंतपुर थाना पट्हेरवा व इरशाद साईं निवासी बाजारी टोला देउरवा थाना गोपालपुर जिला गोपालगंज बिहार के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक रवि राय बताया कि अंतरप्रांतीय तस्करों के गोवंश लेकर बिहार जाने की सूचना मिली थी। असना भलुहा गांव के पास तिनहवा रोड पर वाहनों की जांच करने लगी। इस बीच बिना नंबर की पिकअप आते देख रोक कर तलाशी ली गई तो पिकअप पर चार गोवंश तथा लकड़ी का बड़ा टुकड़ा, रस्सी व लोहे के धारदार हथियार मिले। मौके से दो तस्करों को दबोच लिया गया। दोनों की पहचान शातिर तस्करों के रूप में हुई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दोनों तस्करों का आपराधिक इतिहास है। मामले में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।



अहिरौली बाजार थाना परिसर में पकड़े गए गो-तस्करों के साथ पुलिस टीम● जागरण

# तस्करों के नंबरों का सीडीआर लेकर लौटी एनआइए

## उच्चाधिकारी तय करेंगे मामले की संवेदनशीलता, देश विरोधी तथ्यों की पुष्टि होने पर एजेंसी करेगी जांच

**नकली नोट प्रकरण**

ओमप्रकाश सिंह • जागरण

- मामले से जुड़े अन्य रिकार्ड भी साथ ले गई जांच एजेंसी
- उस जगह पर भी गई टीम जहां से पकड़े गए थे तस्कर


तमकुहीराज थाना से बाहर निकलती एनआइए की टीम• जागरण

तमकुहीराज (कुशीनगर) : नकली नोटों के तस्करों के अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन का पता लगाने यहां आई राष्ट्रीय जांच एजेंसी(एनआइए) जांच-पड़ताल कर रविवार शाम को लौट गई। तीन दिन यहां रह कर टीम ने प्रकरण से जुड़े सभी तथ्यों की गहराई से छानबीन की। पुलिस के जांच अधिकारी से जानकारी ली। टीम तस्करों के नंबरों का सीडीआर व दूसरे जरूरी रिकार्ड अपने साथ ले गई है। माना जा रहा है कि टीम की रिपोर्ट पर उच्चाधिकारी मामले की संवेदनशीलता तय कर निर्णय लेंगे कि इसकी जांच एनआइए स्वयं करेगी या जिले की पुलिस।

बीते शुक्रवार को कुशीनगर आई एनआइए की टीम ने यूपी-बिहार सीमा पर बरामद नोटों के बारे में छानबीन की। रविवार को सुबह 11 बजे टीम तमकुहीराज थाने पहुंची। सीओ जितेंद्र सिंह कालरा व प्रभारी निरीक्षक अमित शर्मा से बंद कमरे में लगभग एक घंटे बातचीत की। बाद में सीओ सर्किल कार्यालय चले गए लेकिन टीम प्रभारी निरीक्षक से वार्ता करती रही। सूत्रों के अनुसार टीम ने प्रभारी निरीक्षक से नकली नोटों की खेप आने की सूचना, बरामदगी व अब तक जांच में सामने आए तथ्यों की जानकारी ली। लगभग चार घंटे जांच के बाद दोपहर तीन बजे टीम बाहर निकली। तीन दिन में टीम ने तस्करों की गतिविधियां खंगालने के साथ उनके आर्थिक संपन्नता के बारे में जानकारी की। यानी 10 वर्ष पहले उनके परिवार की माली हालत क्या थी आज क्या है। टीम बिहार सीमा से सटे उस स्थान पर भी गई जहां नकली नोटों की खेप के साथ तस्कर पकड़े गए थे। टीम ने तस्करों का विदेशी कनेक्शन व नोटों की छपाई आदि के बारे में भी जानकारी एकत्र की। ताकि यह पता चल सके कि बरामद नकली नोट विशिष्ट तरीके से तैयार किए गए हैं या सामान्य। विशिष्ट तरीके से तैयार की गई नकली नोटों में असली-नकली का भेद कर पाना मुश्किल होता है।

टीम तस्करों से जुड़ा ब्योरा, तस्करों से मिले नेपाली सिमकार्ड व उससे बात हुए नंबरों का सीडीआर सहित अन्य रिकार्ड ले गई है।

बीते शनिवार की रात पुलिस की संयुक्त टीम ने पांच लाख 62 हजार नकली नोट, तीन हजार नेपाली करेंसी के साथ 10 तस्करों को गिरफ्तार किया था। तस्करों का बिहार व नेपाली कनेक्शन भी सामने आया था। इस आधार पर पुलिस यह पता करने में जुटी रही कि तस्करों का तार पाकिस्तान, बांग्लादेश सहित किस देश से जुड़ा है। एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि जांच चल रही है। जल्द ही सबकुछ साफ हो जाएगा। एनआइए टीम आज वापस चली गई। फिर आएगी, के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह उनका विषय है, वे अपने कार्यक्रम शेयर नहीं करते, वे जब चाहें आ सकते हैं।

### तह तक गई जांच तो कई बड़े चेहरे होंगे बेनकाब

नकली नोटों की जांच में कुशीनगर पुलिस के अलावा आइबी, एटीएस व एनआइए की टीम भी शामिल हो चुकी है। एनआइए व एटीएस की जांच बेहद गोपनीय होती है। ये अपने कार्यक्रम स्थानीय पुलिस से शेयर नहीं करते। ऐसे में टीम के हाथ क्या-क्या तथ्य लगे है, यह गोपनीय है। पर यह तय है कि अगर जांच तह तक गई तो कई बड़े चेहरे भी बेनकाब होंगे। सूत्रों के अनुसार गिरोह का सरगना रफीक उर्फ बबलू खान नकली नोट के कारोबार में काफी समय से लिप्त है मगर सफेदपोशों के संरक्षण के चलते वह कभी गिरफ्त में नहीं आ सका।






# दियारा के नौ गांवों में आई बाढ़, 30 हजार लोग प्रभावित

## रविवार को डिस्चार्ज घटने के बाद भी नारायणी नदी जलस्तर लाल निशान से ऊपर, जिले के पांच गांवों में तबाही



**आधी रात के बाद घटने लगा डिस्चार्ज**



# चार वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पडरौना।** विशुनपुरा थाने की पुलिस ने चार वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। वारंटी अभियुक्तों में बुधन निवासी बड़हरा बुजुर्ग थाना विशुनपुरा, केदार निवासी बिनही थाना ठकरहा जिला प. चम्पारण, हाल मुकाम चाफ के टोला रायपट्टी थाना विशुनपुरा, महातम व महाराज यादव निवासी कोकिलपट्टी थाना विशुनपुरा शामिल हैं। पुलिस इस मामले में आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ रामसहाय चौहान, एसआई भगवान सिंह, अमन चौहान, मुकेश कुमार, कांस्टेबल अनिल यादव, सत्यम राय, समीम, बिजेन्द्र यादव शामिल रहे। संवाद

# अपहरण आदि के मुकदमे का वांछित गिरफ्तार

**पडरौना।** पडरौना कोतवाली पुलिस ने अपहरण आदि के मुकदमे में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। वांछित अभियुक्तों में उस्मान अली उर्फ छोटू व राजन प्रजापति निवासी करमहवा सिंगापट्टी कोतवाली पडरौना शामिल हैं। इस मामले में पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसएसआई महेन्द्र प्रताप सिंह, एसआई विपिन सिंह, हेड कांस्टेबल देवेन्द्र यादव, कांस्टेबल ज्ञान प्रकाश सूर्यवंशी, चन्द्रप्रकाश मिश्र शामिल रहे। संवाद

# छत पर गुजारी रात, भोजन-पानी को भी तरस गए बाढ़ पीड़ित

## घर में बाढ़ का पानी और ऊपर से बारिश, रविवार दोपहर तक भूखे-प्यासे रहे बाढ़ पीड़ित, तहसील प्रशासन की मदद भी नाकाफी

संवाद न्यूज एजेंसी

**खड्डा/छितौनी।** बाढ़ प्रभावित गांवों के लोगों की दुश्वारियां बढ़ गई हैं। घर में बाढ़ का पानी घुस जाने से छत पर पहुंचे पीड़ितों को बारिश के चलते तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ा। नीचे बाढ़ का पानी और ऊपर बारिश के कारण बाढ़ पीड़ित पूरी रात सिर छुपाने के लिए तरकीब ढूंढते रहे। शनिवार की रात कुछ गांवों में प्रधानों की ओर से भोजन के पैकेट की व्यवस्था तो की गई थी, लेकिन ये पैकेट भी पीड़ितों के आगे कम पड़ गए। लिहाजा, रविवार की दोपहर तक बाढ़ पीड़ित भूख-प्यास से बिलबिलाते रहे। प्रभावित गांवों में मदद पहुंचाने में तहसील प्रशासन भी नाकाम है। 30 हजार की आबादी बाढ़ की दुश्वारियों को झेलते हुए अंधेरे में छत पर रात गुजारने को मजबूर है।



महादेवा में घर में बाढ़ का पानी भरने से चौकी पर बैठी महिला। संवाद

शनिवार की सुबह से ही बड़ी गंडक नदी के जलस्तर में वृद्धि होने लगी। दोपहर होते-होते खड्डा रेताक्षेत्र के मरिचहवा, बसंतपुर, शिवपुर, शाहपुर, नरायणपुर, हरिहरपुर समेत कई गांव बाढ़ की चपेट में आकर जलमग्न हो गए। लोग अभी अपने सामान को समेट कर ऊंचे स्थानों की तरफ जाने की तैयारी में जुटे ही थे कि घरों में कमर तक पानी भर गया। बसंतपुर गांव निवासी जवाहिर कुशवाहा, कन्हैया चौधरी, सीमा देवी, कुंती, मरिचहवा निवासी नरेश, नथुनी, बुद्धु, बिकाऊ का कहना है कि इससे पहले कभी इतना पानी नहीं आया था। बाढ़ के पानी से पूरा घर डूब गया है। अनाज, कपड़े आदि गृहस्थी के भीगकर खराब हो चुके हैं।

शनिवार को ग्राम प्रधान की ओर से पूरी-सब्जी नाव से भेजा गया था, लेकिन रविवार की दोपहर तक उन्हें खाने-पीने के लिए कुछ भी नहीं मिला है। बाढ़ में फंसे लोग भूख-प्यास से बिलबिला रहे हैं।

गांव के कुछ लोग किसी तरह छोटी नाव से महराजगंज जिले के सोहगीबरवा गए हैं, लेकिन वहां भी पानी भर जाने से मुश्किलें बढ़ गई हैं। लोगों का कहना है कि तहसील प्रशासन अब तक मदद पहुंचाने में नाकामयाब रहा है। मवेशियों को पानी में रहना पड़ रहा है और उनके चारे तक की व्यवस्था नहीं है।

### अंधेरे में रहने को मजबूर हैं बाढ़ पीड़ित

चार साल पहले नदी में आई बाढ़ के कारण दो दर्जन से अधिक बिजली के पोल और तार नदी की धारा में विलीन हो गए। तभी से रेताक्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में बिजली की व्यवस्था नहीं है। रेताक्षेत्र के गांवों में सोलर लगाकर अंधेरे को दूर करने का प्रयास किया गया, लेकिन इन दिनों बारिश के कारण सोलर भी ठीक से काम नहीं कर रहा है।

### चूड़ा और गुड़ की मांग

बाढ़ प्रभावित गांवों में तहसील प्रशासन की ओर से अब तक पर्याप्त मदद नहीं पहुंचाई जा सकी है। भूख और प्यास से परेशान बाढ़ पीड़ित चूड़ा और गुड़ की मांग कर रहे हैं। पीड़ितों का कहना है कि वह कब तक भूखे पेट रहेंगे। अगर चूड़ा-गुड़ठ मिल जाता तो कुछ समय के लिए राहत मिल जाती।

### रेलवे लाइन और हाईवे के किनारे पीड़ितों ने ली शरण

सालिकपुर व महदेवा गांव के बाढ़ पीड़ित घरों को छोड़कर ऊंचे स्थानों पर शरण लेने पहुंच गए हैं। रविवार की सुबह खड्डा विधायक विवेकानंद पांडेय बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा करने पहुंचे। एनएच-727 के बगल में बाढ़ प्रभावित गांवों के लोग हाईवे व रेलवे लाइन के किनारे शरण लेने को मजबूर हैं।

### बाढ़ के पानी के साथ आए जहरीले सांप

बाढ़ के पानी में जहरीले जीव-जंतु भी आ गए हैं। प्रभावित गांवों के लोगों का कहना है कि बाढ़ के पानी में बहकर आए सांप व अन्य जहरीले जंतु दिख रहे हैं। कई घरों से सांप लिपटे हुए हैं। इससे वे छत से नीचे भी नहीं उतर रहे हैं।

# त्योहार में खलल डालने वालों पर होगी कार्रवाई

तम्कुहीरोड। सेवरही थाने में शांति कमेटी की बैठक हुई। दुर्गा पूजा का त्योहार और मूर्ति विसर्जन सौहार्द पूर्वक मनाने पर चर्चा हुई। इसमें खलल डालने वालों से पुलिस सख्ती के साथ निपटेगी।

सीओ जितेंद्र सिंह कालरा ने कहा कि दुर्गा पूजन आस्था व उल्लास का प्रतीक है। इसे सामाजिक सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाया जाना चाहिए। बैठक में सेवरही के एसएचओ श्रीप्रकाश राय ने आयोजकों से जानकारी ली। इस दौरान वैश्य समाज के प्रांतीय मंत्री अमरनाथ गुप्ता, पप्पू जायसवाल, विश्वनाथ प्रसाद आदि मौजूद रहे। संवाद

# विवाहिता ने ससुरालवालों पर दर्ज कराया केस

पटहेरवा। कसया थाना क्षेत्र के एक गांव में मायके में रह रही एक विवाहिता अपने ससुरालवालों के खिलाफ तहरीर दी है। पटहेरवा थाना क्षेत्र के छठियांव निवासी अपने पति, ससुर और सास के खिलाफ दहेज के लिए उत्पीड़न करने का आरोप लगाई है। उसकी तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। महिला ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2020 में छठियांव निवासी पप्पू गुप्ता से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति, ससुर नंदलाल गुप्ता और अधिक दहेज की मांग करते रहे हैं और इसके लिए उसे मारते पीटते हैं। उसके पिता गरीब हैं। जो देना था शादी में दे दिए हैं।

# चार पशुओं के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

अहिरौली बाजार। पुलिस ने रविवार को एक पिकअप से वध के लिए ले जा रहे चार राशि गोवंशीय पशुओं की बरामद कर दो पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद पशुओं को मुक्त कराते हुए पुलिस तस्करों के खिलाफ कार्रवाई में जुटी है।

थाना प्रभारी रवि कुमार राय ने बताया कि रविवार को अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के तिनहवा रोड पर असना भलुहां गांव के पास से पिकअप से तस्करी कर ले जा रहे चार पशु पुलिस ने मुक्त कराया है। पशुओं क अलावा लकड़ी का ठीहा, मोबाइल फोन आदि बरामद हुए हैं। पुलिस ने दो पशु तस्कर भी गिरफ्तार किया है।

उनकी पहचान पटहेरवा थाना क्षेत्र के गांव पगरा बसंतपुर निवासी मुनीब उर्फ मनीष प्रसाद और बिहार प्रांत के जिला गोपालगंज के थाना गोपालपुर के गांव बाजारी टोला देउरवा निवासी इरशाद साई के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त मुनीब उर्फ मनीष प्रसाद अंतरराज्यीय गो



पशु तस्करों का बरामद गाड़ी।
स्रोत-सोशल मीडिया

तस्कर है। उसका संगठित गिरोह है, जो आए दिन बिना नंर प्लेट के पिकअप- डीसीएम पर पशुओं को लादकर वध के लिए बिहार पहुंचाता है। उसके विरुद्ध थानों में गोवध व पशु क्रूरता व गैंगस्टर एक्ट में कई मुकदमे पंजीकृत हैं।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक के अलावा एसआई अजीत कुमार, संजय कुमार, जुगेश कुमार आनंद, कांस्टेबल अनिल कुमार यादव, धर्मेंद्र कुमार, राहुल कुमार, मनोज सिंह यादव, सुनील कुमार, देवेंद्र कुमार यादव शामिल रहे।

# प्रतिबंध के बावजूद शहर से गांव तक खपाई जा रहीं दवाएं

## बिहार भी भेजी गईं प्रतिबंधित दवाएं, जांच नहीं होने से धंधेबाजों को कार्रवाई का डर नहीं

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** केंद्रीय दवा मानक नियंत्रण संगठन की ओर से पैरासिटामॉल समेत 48 दवाओं को प्रतिबंधित श्रेणी में शामिल किया गया है। बावजूद इसके कुशीनगर जिले में शहर से लेकर गांव तक प्रतिबंधित दवाएं खपाई जा रहीं हैं। कुशीनगर के अलावा बिहार के गोपालगंज और प. चंपारण जिले को भी प्रतिबंधित दवाएं भेज दी गई हैं।

रविवार को दवा बाजार की पड़ताल के दौरान यह देखने को मिला कि ड्रग इंस्पेक्टर के निर्देश के बाद भी धंधेबाजों पर कार्रवाई का डर नहीं है। वह आसानी से दवाओं को खपाने का खेल कर रहे थे।

केंद्रीय दवा मानक नियंत्रण संगठन ने करीब एक महीने पहले भी एफडीसी (फिक्सड डोज कंबिनेशन) श्रेणी में आने वाली 156 दवाओं को प्रतिबंधित किया था। अब 48 और दवाओं को प्रतिबंधित किया गया है। इसमें बुखार की सबसे अधिक बिकने वाली दवा पैरासिटामॉल, मधुमेह टाइप वन की सबसे प्रचलित दवा गिलमीप्राइड, ब्लड प्रेशर की दवा टेल्मीसार्टन, गैस की दवा पैनडी आदि शामिल हैं। जांच में यह सभी दवाएं अधोमानक मिलीं हैं।

सीडीएससीओ ने इन दवाओं के बैच नंबर को प्रतिबंधित सूची में डालते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इस निर्देश के बाद ड्रग इंस्पेक्टर दीपक पांडेय की ओर से दवा कारोबारियों को पत्र भेजकर निर्माता कंपनियों को स्टॉक वापस करने का निर्देश दिया है। मगर, इस निर्देश का कुशीनगर जिले में अधिकांश दवा कारोबारी पालन नहीं कर रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि प्रतिबंधित दवाओं को धंधेबाज चौक-चौराहों पर संचालित मेडिकल स्टोर्स के अलावा बिहार के गोपालगंज, सीवान और प. चम्पारण आदि जगहों पर भेज दवा की खपत करने में जुटे हैं। वहीं, कुछ फुटकर कारोबारियों के पास भी इन दवाओं का स्टॉक पड़ा हुआ है। ज्यादातर दवाओं की एक्सपायरी डेट नजदीक है।



रैक में रखी गईं दवाएं। संवाद

*थोक व फुटकर दवा कारोबारियों को पत्र भेज उन्हें दवाओं की बिक्री नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं। सोमवार से अभियान चलाकर थोक व फुटकर दवा की दुकानों की जांच की जाएगी। जिन दुकानों पर प्रतिबंधित बैच नंबर की दवाएं मिलेंगी, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। -**दीपक पांडेय,** ड्रग इंस्पेक्टर*

### वापसी को लेकर ऊहापोह में कारोबारी

शहर के दवा कारोबारियों का कहना है कि प्रतिबंधित श्रेणी में शामिल किए गए दवाओं की बिक्री को लेकर ड्रग इंस्पेक्टर ने पत्र जारी कर वापसी का निर्देश तो दिया है, लेकिन निर्माता कंपनियों की तरफ से अब तक वापसी को लेकर कोई निर्णय नहीं लिया गया है। लिहाजा, वह प्रतिबंधित दवाओं को वापस करने को लेकर ऊहापोह की स्थिति में हैं।

# पुलिस से की कार्रवाई की मांग

**पटहेरवा।** थाना क्षेत्र के सपहीं खुर्द निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने दो युवक पर पटहेरवा डोल मेला से घर आने के दौरान हमला करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। सपही के राजकुमार खरवार ने पटहेरवा तहरीर में बताया है कि वह 19 सितंबर की शाम डोल मेला से घर जा रहा था। इसी दौरान अन्नू गुप्ता निवासी सपही खुर्द व चंदन गुप्ता निवासी सपही रास्ते में रोककर उन पर हमला कर मारने पीटने लगे। इससे उनकी हाथ की उंगली टूट गई। पीड़ित तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई में जुटी है। संवाद

# ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न का केस

**पटहेरवा।** कसया थाना क्षेत्र के एक गांव में मायके रह रही विवाहिता ने पटहेरवा पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने थाना क्षेत्र के छठियाव गांव निवासी पति, ससुर, देवर और सास के खिलाफ दहेज के लिए उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। पुलिस तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच में जुटी है। महिला ने तहरीर में बताया है उसकी शादी 2020 में छठियांव गांव में पप्पू गुप्ता से हुई है। शादी के बाद से ही पति, ससुर नंदलाल गुप्ता और दहेज की मांग करते रहे हैं। इसके लिए मारते-पीटते रहते हैं। इससे परेशान होकर वह दो वर्षीय बेटी के मायके में रह रही है। संवाद

---

# जाली नोट प्रकरण : एनआईए की टीम ने थाने में खंगाले रिकॉर्ड, रफी के घर पहुंची

## दो दिन से जमी हुई है एनआईए की टीम, थाने में सीओ और इंस्पेक्टर को बुलाकर ली जानकारी

संवाद न्यूज एजेंसी

**तमकुहीराज (कुशीनगर)।** जाली नोट मामले में विदेश कनेक्शन की जांच कर रही एनआईए की टीम रविवार को भी तमकुहीराज में जमी रही। टीम के दो सदस्य करीब चार घंटे तक थाने में बैठकर कार्रवाई से जुड़े रिकॉर्ड खंगालते रहे।

वहीं, टीम के दो सदस्य जाली नोट मामले के मुख्य आरोपी सपा नेता रफी खान उर्फ बबलू के घर पहुंचे और परिवार की महिलाओं और मौजूद रिश्तेदारों से पूछताछ की। टीम के सदस्य बीच-बीच में फोन कर उच्चाधिकारियों को कार्रवाई से अवगत कराते रहे।

थाने में जांच-पड़ताल के दौरान एनआईए टीम के सदस्य सीओ और इंस्पेक्टर को जरूरत के हिसाब से बुलाकर जानकारी लेते रहे। जब तक टीम थाने में थी, सीओ भी मौजूद रहे। सूत्रों के मुताबिक टीम ने



रफी खान। स्रोत- सोशल मीडिया

आरोपियों का नेपाल, बिहार, बंगाल और असम का कनेक्शन तलाशने पर पूरे दिन काम किया। तमकुहीराज और सेवरही थाना क्षेत्र के सपा नेता रफी खान उर्फ बबलू समेत 10 लोगों को पुलिस जाली नोटों के अलावा नेपाल की करेंसी, अवैध असलहा और बम बनाने वाले उपकरण के साथ गिरफ्तार कर जेल भिजवा चुकी है, 11वें आरोपी को दूसरे दिन मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस की जांच में

### सीसीटीवी फुटेज कब्जे में ली

जाली नोट से जुड़े एक-एक बिंदु को जांच में शामिल किया जा रहा है। पूरी कार्रवाई से पुलिस को दूर रखा जा रहा है। जांच एजेंसियों में शामिल सदस्यों का मानना है कि देश विरोधी गतिविधियों में शामिल आरोपियों के बारे में स्थानीय पुलिस को कोई जानकारी नहीं थी और फोटो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इसलिए जांच में गोपनीयता बरती जा रही है। एनआईए की टीम ने कस्बे और रफी खान उर्फ बबलू के घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी पुलिस के माध्यम से मंगाई और साथ ले गई।

इन आरोपियों का दूसरे देश से कनेक्शन मिला तो एनआईए और एटीएस ने भी जांच शुरू कर दी। चार दिन पूर्व एटीएस की टीम भी तमकुहीराज थाने पहुंची थी।

अब दो दिन से एनआईए की टीम जमी है। टीम के सदस्य सुबह 11 बजे तमकुहीराज थाने पहुंचे। दो सदस्य थाने में रुक गए और दो कस्बे में निकल गए। कस्बे में अलग-अलग स्थानों पर लोगों से जाली नोट और आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई। इसके बाद रफी खान उर्फ बबलू के घर पहुंचकर उसके परिजनों से पूछताछ की।

शाम करीब तीन बजे एनआईए की टीम थाने से दस्तावेज लेकर निकल गई। सूत्रों के मुताबिक आरोपियों के संपर्क में रहने वाले कुछ सफेदपोशों का नाम भी सामने आया है। इस विषय पर सीओ जितेंद्र कालरा और एनआईए टीम के सदस्यों से काफी देर तक बात हुई।

# सेवानिवृत्त आयकर आयुक्त का मोबाइल चोरी

पकवा इनार। महात्मा बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में रविवार को भ्रमण पर आए सेवानिवृत्त मुख्य आयकर आयुक्त का मोबाइल मुख्य मंदिर से चोरी हो गया। वे अपने परिजन व रिश्तेदारों के साथ कुशीनगर भ्रमण पर आए थे।

पूर्व आयकर आयुक्त शिशिर झा 15 लोगों के साथ बस व निजी कार से कुशीनगर आए थे। दोपहर बाद करीब ढाई बजे मुख्य मंदिर में पहुंचे। पूजा करने के दौरान मोबाइल फर्श पर रखा था। पूजा व परिक्रमा कर बाहर निकल आए।

होटल पहुंचने पर किसी से बात करने के लिए मोबाइल ढूंढ़ने लगे। मोबाइल नहीं मिला तो उन्होंने दूसरे मोबाइल से फोन किया तो उनके नंबर पर कॉल जा रही थी। लेकिन कोई रिसीव नहीं कर रहा था। मोबाइल ढूंढ़ते हुए मुख्य मंदिर पहुंचे, लेकिन वहां मोबाइल नहीं मिला। संवाद

# बुद्धनगरी को बदनाम कर रहे अपराधी और रफी जैसे धंधेबाज

## आपराधिक गतिविधियों से सांस्कृतिक पर पहचान पर लग रहा धब्बा

संवाद न्यूज एजेंसी

कुशीनगर। शांति और अहिंसा का संदेश देने वाली महात्मा बुद्ध की परिनिर्वाण स्थली शातिर अपराधियों के केंद्र की रूप में सुर्खियों में आने लगी है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की आपराधिक गतिविधियों में बिहार के सीमावर्ती इलाके तमकुहीराज और तरयासुजान के लोगों का नाम सामने आया है। सपा नेता रफी खान उर्फ बबलू जैसे धंधेबाज इस धरती की खूबसूरत सांस्कृतिक पहचान पर धब्बा लगा रहे हैं।

बांग्लादेशी रोहिंग्या के जन्म प्रमाणपत्र, बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के घर पर हमला और अब जाली नोट प्रकरण। इन मामलों में कुशीनगर और विशेषकर तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के लोगों की संलिप्तता सामने आई है। सलमान खान पर हमले के लिए रेकी मामले में अजय कश्यप और फर्जी जन्म प्रमाणपत्र से लेकर आधार कार्ड बनाने में संजीव सिंह, सतीश सोनी और अरविंद प्रसाद को पुलिस ने दबोचा। शातिरों ने न केवल बड़े पैमाने पर अपराध को अंजाम दिया बल्कि जल्द अमीर बनने की चाहत में विदेशों से हथियारों की डील, मसालों और जाली नोटों के धंधा में राष्ट्र की सुरक्षा का सौदा करने से भी गुरेज नहीं किया।

*बिहार बॉर्डर से जुड़ा इलाका होने के कारण ऐसे गंभीर मामलों में लोगों की संलिप्तता मिल रही है। संदिग्धों के रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं। इनके एक-दूसरे से कनेक्शन का पता लगाया जा रहा है। –**संतोष कुमार मिश्रा**, एसपी*

### नाम सामने आने पर परिजन भी रह गए हैरान

जून के पहले सप्ताह में धनंजय सिंह उर्फ अजय कश्यप मुंबई में गिरफ्तार हुआ। उसके परिजनों को भी उसकी करतूतों की भनक नहीं थी। जून में ही यूजीसी नेट के पर्चा लीक मामले में सीबीआई ने सिंधुआ से निखिल को गिरफ्तार किया था। उसके पिता को भी बेटे की करतूत की जानकारी नहीं थी। जन्म प्रमाणपत्र फर्जीवाड़े में गिरफ्तार सतीश सोनी, संजीव सिंह और अरविंद प्रसाद की भी गांव में छवि अच्छी थी। जाली नोट प्रकरण में पकड़े गए आरोपियों ने भी साफ-सुथरी सामाजिक छवि गढ़ रखी थी।

### इन मामलों से सुर्खियों में आया नाम

**धनंजय ने रची सलमान पर हमले की साजिश** — केस 1

2 जून को तुर्कपट्टी थानाक्षेत्र के पकड़ी गोसाईं का धनंजय सिंह उर्फ अजय कश्यप बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान पर हमले की साजिश में मुंबई में पकड़ा गया। धनंजय सिंह का नाम साजिश रचने और हथियार तस्करी में पहले स्थान पर था। हथियारों की तस्करी के लिए धनंजय ने विदेश से डील की थी।

**फर्जी जन्म प्रमाण पत्र में एटीएस ने दबोचा** — केस 2

दो अगस्त को रायबरेली के सलोन में बांग्लादेशी रोहिंग्या के फर्जी जन्म प्रमाणपत्र बनाने के मामले की जांच कर रही एटीएस तरयासुजान क्षेत्र में पहुंची और सीएसपी संचालक व विशुनपुरा सीएचसी में तैनात डाटा ऑपरेटर को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ।

**जाली नोट के साथ 10 की गिरफ्तारी निकला विदेशी कनेक्शन** — केस 3

24 सितंबर को पुलिस ने नकली नोट का कारोबार करने वाले अंतरराष्ट्रीय गैंग का पर्दाफाश किया। गैंग के सरगना समेत 10 गुर्गों की गिरफ्तारी के साथ 5.62 लाख रुपये के जाली नोट, 10 तमंचे और चार बम बरामद किए गए। मुख्य आरोपी रफी खान समाजवादी लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय सचिव था। एनआईए भी मामले की जांच में जुटी है।

**फर्जी वेबसाइट से बनाए दस्तावेज दिल्ली क्राइम ब्रांच ने उठाया** — केस 4

25 अगस्त को गोरखपुर के इंदिरा नगर से दिल्ली क्राइम ब्रांच ने तमकुहीराज क्षेत्र के लतवाजीत गांव के अमित गोंड को गिरफ्तार किया। बताया गया कि वह देश भर में जारी होने वाले फर्जी दस्तावेज का मास्टरमाइंड है। उसके गैंग के गुर्गे फर्जी वेबसाइट के माध्यम से ऐसे दस्तावेज तैयार कर देते थे, जिसे जारी करने का अधिकार केवल केंद्र सरकार को है।

MAHARAJ GANJ POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-30-09-2024

# लज्जा भंग व मारपीट करने के मामले में केस दर्ज

**पनियरा।** पनियरा क्षेत्र के एक गांव की 76 वर्षीया महिला की झोपड़ी कुछ लोगों ने तोड़ दिया। महिला ने झोपड़ी तोड़ने व लज्जा भंग की धमकी देते हुए मारपीट करने का आरोप लगाया है। महिला के अनुसार पुरानी रंजिश को लेकर गांव के कुछ लोगों ने 20 सितंबर को उसकी झोपड़ी तोड़ दी। मामले में थाने पर तहरीर दी तो मामला शांत कराया गया। इधर चार दिन पूर्व फिर आरोपियों ने उसे बुरी तरह से मारपीट कर घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर जांच-पड़ताल की जा रही है।

# वाहनों के खिलाफ चलाया गया जांच अभियान

**महराजगंज।** एसपी सोमेन्द्र मीना के निर्देश पर रविवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में वाहनों की जांच के लिए सघन जांच अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी, बिना हेलमेट लगाये, बिना लाइसेंस ड्राइविंग, सवारी गाडियों में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने पर व तेज गति से वाहन चलाते समय तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 138 वाहनों का चालान किया गया।

# 11 विवेचना निस्तारित, सात लोग भेजे गए जेल

**महराजगंज।** एसपी के निर्देश पर जिले के विभिन्न थानों की पुलिस रविवार को 11 विवेचनाओं का निस्तारण उनके गुण-दोष आधार पर किया। इसके अलावा विभिन्न अपराधों में कुल सात आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय चालान किया गया। पुलिस कार्यालय के मीडिया सेल के अनुसार अपराध के रोकथाम के लिए निरतंर कार्रवाई जारी है।

# पांच लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपित धराया

**पुरन्दरपुर।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में रविवार को पुरन्दरपुर थाना की पुलिस पांच लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपित रामधन सहानी पुत्र बनाहे निवासी टेढ़ी टोला बेरी को गिरफ्तार की। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई।



परसामलिक थाने पर एसडीएम व सीओ ने पीस कमेटी की बैठक की।

# शांतिपूर्वक त्योहार मनाने को मांगा सहयोग

**भगवानपुर।** नौतनवा एसडीएम नंदप्रकाश मौर्य व सीओ जयप्रकाश त्रिपाठी ने परसामलिक थाने में नवरात्र को लेकर पीस कमेटी की बैठक की। सभी लोगों से शांतिपूर्वक त्योहार मनाने की अपील करते हुए सहयोग मांगा गया। एसडीएम ने कहा कि सभी लोग आपसी भाईचारा का परिचय देते हुए त्योहार मनाएं। सीओ ने बताया कि दुर्गा पूजा पंडाल में किसी तरह की दखलअंदाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसओ उमेश कुमार ने कहा कि प्रतिमा वाले स्थान पर अधिक ध्वनि में हार्न बजाने व डीजे बजाने पर कार्रवाई होगी। उपनिरीक्षक दिलीप कुमार, आदर्श सिंह, अभिजीत, अनिल कुमार सिंह, रामजीत, कांस्टेबल रामप्रवेश गौड़, दीपक प्रसाद, सुनील कुमार, जितेन्द्र यादव, संतोष कुमार यादव, प्रधान गनेश प्रसाद, जीतबहादुर उर्फ भोला यादव, राजू उर्फ लल्लू पासवान आदि मौजूद रहे।

# युवक के खिलाफ छेड़खानी का केस

परतावल। श्यामदेउरवा क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती के साथ छेड़छाड़ करने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने छेड़खानी का केस दर्ज कर लिया है। युवती के पिता ने तहरीर देकर बताया कि गांव में दो जगह घर है। इससे दोनों घरों पर आना-जाना लगा रहता है। 27 सितंबर को उसकी बेटी दूसरे वाले घर जा रही थी कि इसी बीच गांव का ही एक युवक उसे रास्ते में रोक लिया और छेड़छाड़ करने लगा। विरोध पर गाली-गलौज देते हुए धमकी देने लगा। वह भागकर घर आई और आपबीती बताई। एसओ अभिषेक सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी युवक अमन विश्वकर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# फरेंदा पुलिस ने 25 हजार का इनामी बदमाश दबोचा

**महराजगंज, निज संवाददाता।** हत्या के प्रयास और गोकशी जैसे गंभीर अपराधों में वांछित चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी को फरेंदा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित कुशीनगर के कसया क्षेत्र का रहने वाला है। उसके खिलाफ पुलिस कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

एसपी सोमेंद्र मीना के निर्देशों के क्रम में रविवार को थाना फरेंदा पुलिस ने एक 25 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार किया। अभियुक्त की पहचान जिबरील अंसारी के रूप में हुई है। जिबरील अंसारी हत्या के प्रयास व गोवध निवारण अधिनियम, पशुक्रूरता अधिनियम से संबंधित मामले में वर्ष 2019 से वांछित था। उसकी गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। आरोपित जिबरील अंसारी पुत्र लियाकत अंसारी शिवपुर बाजार (बुजुर्ग) थाना कसया, जनपद कुशीनगर का रहने वाला है। वर्तमान में वह घोरघटिया, थाना कुबेरस्थान, जनपद कुशीनगर में निवास कर रहा था। आरोपित जिबरील को धानी ढाला कस्बा फरेंदा के पास से फरेंदा पुलिस ने रविवार दोपहर गिरफ्तार किया। गिरफ्तार करने वाली टीम में फरेंदा के एसआई रणविजय वर्मा और कांस्टेबल नवनीत यादव शामिल रहे।

# महिला को पीटकर लूटने के आरोप में पांच पर केस

## सख्ती

**निचलौल, हिन्दुस्तान संवाद।** निचलौल कस्बे के मियां वार्ड में एक महिला के घर में घुसकर मारपीट करने और लूट के आरोप में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। मामले में पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है।

निचलौल कस्बे के मियां मोहल्ला निवासिनी फातमा खातून ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीते 27 जुलाई की रात में उसके दरवाजे पर एक बाइक खड़ी थी। उसके घर के बगल में रहने वाले किरायेदार पुरानी रंजिश को लेकर बाइक की रोशनी लगने की बात पर कुछ लोगों के साथ लाठी डंडा से लैश होकर उसके दरवाजे पर चला आया। इसके बाद घर में घुसकर लाठी डंडा और चाकू से मारने-पीटने लगे। घर के सेराज, मेराज, उसकी बहू और पति को भी मारपीट कर घायल कर दिया। खिड़की का शीशा तोड़ दिया और बॉक्स का ताला तोड़कर 10 हजार रुपये लूट लिया। पुलिस ने रूपेश, संदीप, मिथिलेश, सुनील और देवेन्द्र सभी निवासी मियां मोहल्ला नगर पंचायत निचलौल पर केस दर्ज हुआ है।

# टूठीबारी से लहसुन लेकर चेन्नई निकला ट्रक गायब

टूठीबारी, हिन्दुस्तान संवाद। ठूठीबारी क्षेत्र से 120 कुंतल लहसुन लेकर चेन्नई के लिए निकला ट्रक रास्ते से ही गायब हो गया है। लहसुन भेजने वाले व्यापारी ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के टोला धर्मौली निवासी चंदन यादव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका भाई गांव-देहात से फुटकर में लहसुन खरीदकर इकट्ठा किया था। उसे चेन्नई के बालाजी ट्रेडर्स कोयंबटूर में भेजने के लिए हरियाणा के एक ट्रांसपोर्ट कंपनी से संपर्क किया गया। इस पर ट्रांसपोर्ट मालिक ने माल ले जाने के लिए ट्रक भेजा और धर्मौली के यदुवंशी ट्रेडर्स से ट्रक पर 120 कुंतल लहसुन लोड कर कृषि उत्पादन मंडी समिति से गेट पास लेकर चेन्नई के लिए रवाना हुआ। कई दिन के बाद जब उसका कहीं पता नहीं चला तो पीड़ित व्यापारी ने हरियाणा के ट्रांसपोर्ट कंपनी मालिक, चालक और अलीगढ़ निवासी ट्रक मालिक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

प्रभारी कोतवाल योगेन्द्र कुमार ने बताया कि धोखाधड़ी के मामले में तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# मकान से तस्करी का सामान बरामद, कारोबारी फरार

खनुआ। नायब तहसीलदार नौतनवा सौरभ कुमार श्रीवास्तव, खनुआ चौकी प्रभारी अभय कुमार उपाध्याय व एसएसबी खनुआ की संयुक्त टीम ने खनुआ गांव के पश्चिम बाग के पास एक नवनिर्मित मकान से तस्करी के सामान बरामद किया है। तस्करी की चीनी, चायपत्ती, सोयाबीन, काजू, चिप्स को लावारिस हालत में बरामद किया गया।

खनुआ चौकी प्रभारी अभय कुमार उपाध्याय ने बताया कि नायब तहसीलदार नौतनवा सौरभ कुमार श्रीवास्तव, खनुआ चौकी की पुलिस टीम हेड कांस्टेबल सत्यनारायण, कांस्टेबल अवनीश यादव, अमरेश राय और एसएसबी बीओपी खनुआ के एएसआई जीडी विजय कुमार, जीडी गुम्मडी सिट्टी बाबू, बलराम यादव की संयुक्त टीम ने छापेमारी की।

# महराजगंज महोत्सव का आगाज कल से

## तैयारी पूरी

महराजगंज, निज संवाददाता। जिले के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले महराजगंज महोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। लगातार बारिश से तैयारियों में आए व्यवधान को दूर करने के लिए जिला प्रशासन युद्ध स्तर पर काम करा रहा है। पहली अक्तूबर से शुरू होने वाले महोत्सव के पंडाल के अंदर की तैयारी 75 फीसदी कर ली गई है। पंडाल के बाहर स्टाल व पैगोडा लगाने के लिए कीचड़ को साफ कराया जा रहा है।

मैदान में जमा हुए बारिश की पानी को निकालने के लिए सीवर सेक्शन मशीन का इस्तेमाल किया गया और मैदान को सुखाने के लिए बाहर से सूखी मिट्टी मंगाकर डाली जा रही है। मुख्य कार्यक्रम पीजी कॉलेज के मैदान में आयोजित किए जाएंगे, जहां प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है कि तैयारियों में कोई कमी न रह जाए। जिलाधिकारी अनुनय झा, पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना, मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, अपर जिलाधिकारी डॉ. पंकज कुमार वर्मा और एसडीएम सदर रमेश कुमार रविवार को महोत्सव स्थल पर तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने मैदान में सफाई कार्य और अन्य इंतजामों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। सफाई को लेकर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिसके लिए सफा कर्मियों की बड़ी टीम को मैदान में उता गया है ताकि आयोजन स्थल को पू तरह तैयार किया जा सके। बारिश वे चलते महोत्सव के मुख्य पंडाल क वाटरप्रूफ जर्मन हैंगर से तैयार किय जा रहा है। आयोजन स्थल पर पर्याप व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है ताकि प्रतिभागी और दर्शक किसी भ प्रकार की असुविधा का सामना न करन पड़े। निमंत्रण पत्र तैयार हो चुका है उस पर अतिथियों व मेहमानों को बुला के लिए नाम लिखकर बांटने का भ कार्य शुरू करा दिया गया है।



डीएम अनुनय झा, एसपी सोमेन्द्र मीना, सीडीओ अनुराज जैन, एडीएम डॉ. पंकज कुमार वर्मा व एसडीएम सदर रमेश कुमार ने महोत्सव की तैयारियों का निरीक्षण किया।

> महोत्सव की तैयारी के लिए सभी आवश्यक उपा किए जा रहे हैं और बारि के बावजूद महोत्सव के कार्यक्रमों क सफलतापूर्वक आयोजित करने का हर संभव प्रयास हो रहा है। महराजगंज महोत्सव जिले के सांस्कृतिक और सामाजिक विकास को बढ़ावा देने के साथ ही स्थानीय कला और कलाकारों को प्रोत्साहन देने का एक बेहतरीन मंच साबित होगा।
>
> – डॉ. पंकज कुमार वर्मा, एडीएम

### सुर संध्या में मंच पर उतरेंगे बॉलीवुड के सितारे

महराजगंज में कई फिल्मों में गीत गा चुकी मोनाली ठाकुर, पंजाबी सिंगर बी प्रान, भोजपुरी फिल्म अभिनेता व गायक मनोज तिवारी व अभिनेत्री अक्षरा सिंह आकर्षकण का केन्द्र रहेंगी। पहले दिन मोनाली ठाकुर, दूसरे दिन बी प्रान व तीसरे दिन मनोज तिवारी व अक्षरा सिंह की जोड़ी महोत्सव में धमाल मचाएगी। इसके अलावा महोत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, खेलकूद प्रतियोगिताओं और स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियों का आयोजन होगा। इसके साथ ही, महोत्सव में जिले की सांस्कृतिक और सामाजिक धरोहर को प्रदर्शित किया जाएगा। जनपद वासियों के लिए यह आयोजन खास आकर्षण का केंद्र बनने वाला है।

# स्टीमर से पहुंचे अफसरों ने बांटी राहत सामग्री

चलौल/महराजगंज, हिटी। गंडक दी के दियारा क्षेत्र में बाढ़ से प्रभावित ांवों सोहगीबरवा, शिकारपुर और ातहा का डीएम अनुनय झा, एसपी ामेंद्र मीना और जिला पंचायत अध्यक्ष विकांत पटेल ने रविवार को सडीआरएफ की स्टीमर से निरीक्षण कया। शिकारपुर गांव में स्टीमर से हुंचे अधिकारी अपने साथ राहत ामग्री भी ले गए थे। जिला पंचायत ध्यक्ष रविकांत पटेल अपने हाथ से टीमर से राहत सामग्री का पैकेट ठाकर खिड़की के रास्ते घरों में मौजूद ाढ़ पीड़ितों तक पहुंचाया। दुर्गम क्षेत्र डीएम, एसपी व जिपं अध्यक्ष को मदद के आए देख ग्रामीणों के चेहरे पर प्रसन्नता देखने को मिली।



डीएम, एसपी व जिला पंचायत अध्यक्ष ने बाढ़ प्रभावित गांवों का निरीक्षण किया।

हालांकि, राहत की बात यह है कि बाढ़ का पानी धीरे-धीरे उतरने लगा है, जिससे स्थिति में सुधार होने की उम्मीद है। डीएम अनुनय झा ने कहा कि रविवार शाम चार बजे जिपं अध्यक्ष और एसपी के साथ बाढ़ प्रभावित गांवों का निरीक्षण किया गया। शिकारपुर में राहत सामग्री का वितरण किया गया, और वहां के लोगों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए। बाढ़ का पानी नीचे उतर रहा है, और अगले 24 घंटों में स्थिति सामान्य होने का अनुमान है। जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग व पशुपालन विभाग अलर्ट पर हैं। इस मौके पर एसडीएम शैलेंद्र गौतम, सीओ अनुज कुमार सिंह, प्रधान प्रतिनिधि रामदरश कुशवाहा, रंजीत राय और लल्लन आदि मौजूद रहे।

# 120 क्विंटल लहसुन लेकर चेन्नई निकला ट्रक गायब

जासं, ठूठीबारीः ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र से 120 क्विंटल लहसुन लेकर चेन्नई के लिए निकला ट्रक मंजिल तक पहुंचने से पहले रास्ते में गायब हो गया है। लहसुन भेजने वाले व्यापारी ने ठूठीबारी कोतवाली में ट्रक मालिक, ट्रांसपोर्टर व चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली क्षेत्र के टोला धरमौली निवासी चंदन यादव ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि उसके भाई ने गांव देहात से फुटकर में लहसुन खरीदकर एकत्र किया था।

चेन्नई के बालाजी ट्रेडर्स कोयंबटूर में भेजने के लिए हरियाणा के आल इंडिया ट्रांसपोर्ट कंपनी से संपर्क किया गया। इस पर ट्रांसपोर्ट मालिक मनप्रीत सिंह ने माल ले जाने के लिए ट्रक भेजा। धरमौली के यदुवंशी ट्रेडर्स से ट्रक पर 120 क्विंटल लहसुन लोड कर कृषि उत्पादन मंडी समिति से गेट पास लेकर चेन्नई के लिए रवाना हुआ। कई दिन के बाद जब लहसुन अपने गंतव्य तक नहीं पहुंचा तो व्यापारी ने ट्रक लदे माल की खोजबीन शुरू कर दी। बावजूद उसका कहीं अता-पता नहीं चला। जिसके बाद पीड़ित व्यापारी ने हरियाणा के ट्रांसपोर्ट कंपनी के मालिक मनप्रीत सिंह, चालक उमर उर्फ लाला और ट्रक मालिक मजीद खान निवासी अलीगढ़ के विरुद्ध थाने में तहरीर दी।

कोतवाली प्रभारी योगेंद्र कुमार ने बताया कि धोखाधड़ी के मामले में तीन लोगों पर अभियोग पंजीकृत कर मामले की जांच की जा रही है।

# पिकअप की ठोकर स



राजेश की फाइल फोटो

जागरण संवाददा
मुजुरीः पनियर
नहर पर रविवा
में एक पिकअ
सवार युवक को
दिया जिससे उस
गई। मृत युवक
बघौना के पूर्व

# दुष्कर्म का अरोप, पुलिस ने दर्ज किया छेड़खानी का मुकदमा

जासं, चौक बाजार: चौक थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला का आरोप है उसने थाने में दुष्कर्म किए जाने की तहरीर दी लेकिन पुलिस ने केवल छेड़खानी का मुकदमा दर्ज किया। चौक थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने अपने ही गांव निवासी आरोपित पर आरोप लगाया है कि वह आरोपित के घर काम करती थी, लेकिन उसकी मजदूरी आरोपित द्वारा नहीं दिया जा रहा था। चार सितंबर 2024 को जब दोपहर में मजदूरी मांगने गई तो आरोपित ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने इस मामले में आरोपित के विरुद्ध महज छेड़खानी का मुकदमा दर्ज किया है।



नौतनवा थाने में व्यापारियों के साथ बैठक करते प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह। जागरण

# शांति और सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने को लेकर हुई बैठक

जागरण संवाददाता, नौतनवा : नगर की शांति और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के दृष्टिगत रविवार की सुबह प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह ने स्थानीय व्यापारियों के साथ बैठक की। इसमें उन्होंने व्यापारियों के समक्ष आ रही समस्याओं की जानकारी ली और सूचनाओं के आदान-प्रदान पर बल देते हुए एक-दूसरे के सहयोग से नगर में शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। अतिरिक्त निरीक्षक अजय कुमार सिंह, संतोष जायसवाल, संतोष अग्रहरि, रामरूप जायसवाल, राकेश जायसवाल, अमित जायसवाल, जगदंबा वर्मा, रामप्रसाद, अमरिंदर सिंह, रवि मद्धेशिया, राणा प्रताप सिंह, विजय सर्राफ, अनिल श्रीवास्तव, इंदल तिवारी, विनोद मिश्र, विनोद पटवा मौजूद रहे।

सावधान
(Tradem
"SAHU" या "No. 1 SAHU

# भाइचारे के साथ मनाएं नवरात्र अराजकतत्वों पर रहेगी नजर

जासं, हरपुर तिवारीः श्यामदेउरवा थाना परिसर में रविवार को आगामी दुर्गापूजा को लेकर एसडीएम के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक हुई। रविवार को तहसीलदार, सीओ, थानाध्यक्ष व जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। थाना क्षेत्र के तमाम ग्राम प्रधान एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। सरकार एवं जिला प्रशासन के स्तर पर जारी गाइड लाइन से सभी को अवगत कराते हुए दिशा-निर्देशों का अनुपालन करने का निर्देश दिया गया। जारी निर्देशों का पालन नहीं करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। सदर एसडीएम ने बताया कि सभी लोगों को दुर्गा पूजा शांतिपूर्वक तरीके से मनाने का आग्रह किया। आपसी प्रेम व स्वभाव के साथ पर्व को मनाएं। मूर्ति पूजा, रावण दहन, रामलीला एवं डीजे पर बगैर अनुमति के रोक रहेगी। सीओ सदर आभा सिंह ने कहा कि हर तरफ पुलिस की नजर रहेगी। इस दौरान, तहसीलदार पंकज कुमार शाही, सदर सीओ आभा सिंह, थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक उपनिरीक्षक भगवान बक्श सिंह, चौकी इंचार्ज परतावल मनीष पटेल, चौकी इंचार्ज कतरारी रामरतन यादव, उपनिरीक्षक शिवानंद सिंह, सुनील सिंह, ओमप्रकाश यादव, अजय सिंह, मौजूद रहे।

# महोत्सव की तैयारी तेज, डीएम ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

- एक से तीन अक्टूबर तक महोत्सव के दौरान होंगे विविध कार्यक्रम
- मोनाली ठाकुर, बी प्राक, मनोज तिवारी व अक्षरा की होगी प्रस्तुति

महराजगंज महोत्सव का लोगो

जागरण संवाददाता, महराजगंजः महराजगंज के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले महराजगंज महोत्सव 2024 की तैयारी तेज हो गई है। जवाहर लाल नेहरू स्मारक पोस्ट ग्रेजुएट कालेज में एक अक्टूबर से तीन अक्टूबर तक महोत्सव के दौरान विविध कार्यक्रम होंगे। मंच पर तीन दिनों तक स्थानीय से लेकर बालीवुड के कलाकारों की प्रस्तुति होगी। प्रदेश भर से विभिन्न प्रमुख उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगेगी। महोत्सव की तैयारी को लेकर पूरा प्रशासनिक अमला जुटा है। जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना ने रविवार को पीजी कालेज व पुलिस लाइन का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए।

दरअसल महोत्सव के मुख्य आकर्षण में एक अक्टूबर को मोनाली ठाकुर और दो अक्टूबर को बी. प्राक की प्रस्तुति होगी। तीन अक्टूबर को भोजपुरी संध्या में भोजपुरी स्टार मनोज तिवारी व अक्षरा सिंह अपने गायन से लोगों का मनोरंजन करेंगे। महोत्सव में स्थानीय कलाकार भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन महोत्सव में चार चांद लगाएंगे। इसके अतिरिक्त महोत्सव में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रम की सफलता को लेकर जिलाधिकारी अनुनय झा ने अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए तेजी से कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं।

पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना ने कहा कि बैरिकेडिंग मजबूत रखें। साथ ही पार्किंग की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, अपर जिलाधिकारी डा. पंकज कुमार वर्मा, उपजिलाधिकारी सदर रमेश यादव, जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी, ईओ नगर पालिका महराजगंज आलोक मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# चेन्नई भेजा जा रहा लहसुन वाहन समेत लापता

## 20 क्विंटल लहसुन लदा था वाहन पर, चालक, मालिक और ट्रांसपोर्टर पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**ठूठीबारी।** धरमौली गांव से व्यापारी ने ट्रांसपोर्टर से 12 टन लहसुन चेन्नई भेजा, लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही डीसीएम लापता हो गया। व्यापारी ने ट्रांसपोर्टर, चालक और गाड़ी मालिक के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने अलीगढ़ निवासी ट्रक मालिक, चालक और हरियाणा निवासी ट्रांसपोर्ट के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

ठूठीबारी ग्राम सभा के टोला धरमौली निवासी चंदन यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मेरे भाई नरसिंह यादव कि ओर से यदुवंशी ट्रेडर्स का संचालन किया जाता है। भाई फुटकर में गांव देहात से लहसुन की खरीदारी करता है और बड़ी मात्रा में ट्रांसपोर्टर के जरिए भारत के बड़ी-बड़ी मंडियों में विक्रय के लिए भेजता है।

आरोप है कि लहसुन चेन्नई भेजने के लिए ट्रांसपोर्ट हरियाणा से संपर्क किया तो ट्रांसपोर्ट कंपनी ने डीसीएम लहसुन लेने धरमौली गांव 15 सितंबर 2024 को भेजा। भाई की गैर मौजूदगी में उनके कर्मचारियों ने 120 क्विंटल लहसुन लोड कर दिया गया। वाहन चालक को रशीद काटकर कृषि उत्पादन मंडी समिति गड़ौरा की ओर से जारी कागजात दे दिया गया।

भाई नरसिंह यादव वाहन की खोजबीन करते हुए अलीगढ़ गए तो ट्रक व माल का पता नहीं चला। आरोप है कि ट्रक ड्राइवर, ट्रक मालिक और ट्रांसपोर्ट कंपनी मनप्रीत सिंह पंचकूला हरियाणा तीनों लोग मिलकर धोखाधड़ी कर ट्रक माल समेत लेकर फरार हो गए।

ठूठीबारी कोतवाली प्रभारी योगेंद्र कुमार के अनुसार, पीड़ित चंदन यादव की तहरीर पर ट्रक चालक उमर उर्फ लाला, ट्रक मालिक मजीद खान निवासी गजुगढ़ी, टप्पल अलीगढ़ उत्तर प्रदेश तथा आल इंडिया ट्रांसपोर्ट कंपनी पंचकूला हरियाणा मनप्रीत सिंह के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज हुआ है।

BCA
PGDCA
पॉ
B.A.,M.A
Contact :
IIET

# पुलिस ने चार वारंटियों को गिरफ्तार किया

**नौतनवा।** क्षेत्र में मारपीट के मामलों में अलग-अलग गांव के चार वारंटियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय चालान कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह के अनुसार, क्षेत्र के गांव गनेशपुर टोला सेखुआनी निवासी राजू मारपीट के मामले में आरोपी थे। गैर जमानती वारंट था। इसी तरह से लोहसी गांव के परशुराम, मधुर श्याम तथा सुनील वर्ष 2007 में मारपीट, गाली गलौज के मामले में आरोपी था। उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। सभी लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय चालान कर जेल भेज दिया गया। संवाद

# 25 हजार के इनामी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**फरेंदा।** हत्या के प्रयास व गोकशी के मुकदमे में वांछित 25 हजार के इनामी अभियुक्त को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को काफी दिनों से आरोपी की तलाश थी। गिरफ्तारी के बाद पुलिस विधिक कार्रवाई में जुट गई है। क्षेत्राधिकारी अनिरूद्ध कुमार ने बताया कि रविवार को पुलिस टीम ने कस्बे के धानी ढाला से एक 25 हजार के इनामी को गिरफ्तार किया। जिबरील अंसारी निवासी शिवपुर बाजार थाना कसया जनपद कुशीनगर पर हत्या का प्रयास सहित गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम में मुकदमा दर्ज है। संवाद

# आधी रात को घूम रहे युवकों को पुलिस ने उठाया

**महराजगंज।** श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के परतावल चौकी अंतर्गत पुराना सिनेमा हाल के पास से पुलिस ने शनिवार की देर रात लगभग एक बजे चार लड़को को घूमते हुए पकड़ लिया। रविवार को दिनभर उनसे पूछताछ होती रही। युवकों के परिजन पुलिस चौकी के अगल बगल घुमते रहे। पूछताछ के बाद उन्हें परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। जानकारी के अनुसार शनिवार की रात परतावल चौकी पुलिस गश्त कर रही थी। देर रात चार युवक पुराना सिनेमा हाल के पास संदिग्ध हाल में घूमते हुए मिले। सभी को पुलिस ने पकड़ कर चौकी पर बैठा लिया। संवाद

# दुष्कर्म का आरोप, छेड़छाड़ का केस दर्ज

**चौक बाजार।** क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है। आरोप है कि दुष्कर्म के मामले में छेड़छाड़ का केस दर्ज किया गया है। चौक क्षेत्र के एक गांव की महिला ने अपने ही गांव के एक व्यक्ति पर आरोप लगाया है कि वह उसके घर काम करती थी। चार सितंबर 2024 को दोपहर में मजदूरी मांगने गई तो उसने मौके का फायदा उठाकर दुष्कर्म किया। विरोध करने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। थानाध्यक्ष शैलेंद्र शुक्ला ने मामले की जानकारी नहीं होने की बात कही। संवाद

# सील गोदामों में भरे मिले तस्करी के सामान

- तस्करों के गोदाम पर 24 सितंबर को प्रशासन ने जड़ा था ताला
- मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में खोला गया गोदाम

जासं, खनुआ : सोनौली कोतवाली के खनुआ में 24 सितंबर को तस्करी का सामान डंप करने के लिए बनाए गए गोदाम को सील करने के बाद मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में रविवार को खोला। गोदाम में लाखों की तस्करी के सामान रखे गए थे। गोदाम से बरामद सामान को ट्रैक्टर-ट्राली व पिकअप से सोनौली कोतवाली परिसर में पहुंचाया कया। जहां कार्रवाई के लिए कस्टम विभाग को सिपुर्द कर दिया गया। नायब तहसीलदार सौरभ कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने गोदामों को पांच दिन पूर्व सील किया था। गोदाम का कोई भी मालिक वैध कागजातों के साथ सामने नहीं आया। गोदामों से 55 बोरी चीनी, 14 बैग चायपत्ती, 10 बोरी सोयाबड़ी, पांच गत्ता काजू, 14 बोरी और 11 गत्ता चिप्स बरामद बरामद किया गया। सोनौली थानाध्यक्ष अंकित सिंह ने बताया गोदाम में डंप की गई सामग्री किसकी है, जांच की जा रही है।



खनुआ में सील गोदामों से बरामद तस्करी के सामान • जागरण

## युवती से छेड़छाड़, आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज

**महराजगंज।** श्यामदेउरवां क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती के साथ छेड़छाड़ करने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी तहरीर में युवती के पिता ने बताया कि गांव में दो जगह घर है। दोनों घरों पर आना-जाना लगा रहता है। मेरी बेटी भी अक्सर आती-जाती रहती है। शुक्रवार को मेरी बेटी दूसरे वाले घर जा रही थी। तभी गांव का ही एक युवक उसे रास्ते में रोक लिया और छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर गाली गलौज देते हुए धमकी देने लगा। किसी तरह वह भागकर वह घर आई और आपबीती बताई। संवाद

## कोर्ट के आदेश पर पांच के खिलाफ केस दर्ज

**निचलौल।** स्थानीय नगर स्थित मियां मोहल्ला में हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर पांच लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव कन्नौजिया के अनुसार, निचलौल नगर के मियां मोहल्ला निवासी फातिमा खातून ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि उनके मोहल्ले के कुछ लोगों पर आरोप लगाया था कि वह लोग उनके घर में घुसकर जान से मारने की नियत से हमला किए थे। आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच की जा रही है। मियां मोहल्ला निवासी रूपेश वर्मा, संदीप वर्मा, मिथिलेश वर्मा, सुनील वर्मा व देवेंद्र वर्मा के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया है। संवाद

# राहत सामग्री का किया गया वितरण

महराजगंज। निचलौल के साथ सोहगीबरवा बाढ़ प्रभावित गांवों का रविवार को जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने निरीक्षण किया। शिकारपुर में राहत सामग्री का वितरण किया।

जिलाधिकारी ने सभी बाढ़ प्रभावित ग्राम पंचायतों में प्रभावी ढंग से राहत सामग्री के वितरण और अन्य आवश्यक सहायता को ग्रामीणों उपलब्ध कराने के लिए उपजिलाधिकारी निचलौल को निर्देशित किया। उन्होंने सिंचाई विभाग, स्वास्थ्य, पशुपालन सहित आपदा राहत से संबंधित विभागों को सक्रिय रहकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ राहत का कार्य बेहद संवेदनशीलता और सक्रियता के साथ किया जाए। संवाद

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-30-09-2024

# महिला के मकान का दीवाल ढहाया, मुकदमा

**बस्ती (एसएनबी)।** रूधौली थानाक्षेत्र के पटवरिया गांव की रहने वाली झिनका देवी के पति नरसिंह ने गांव के ही इन्द्रावती पत्नी कन्हैया लाल से 15 धुर आवासीय जमीन को 22 हजार रूपये में खरीद कर चारो तरफ से नीव बनवाया था। जिसपर झिनका देवी टीन शेड का कमरा बनाकर अपने बच्चो के साथ रह रही थी। लेकिन विपक्षी कन्हैया लाल, आशीष शर्मा व सुमन शर्मा द्वारा एकराय होकर झिनका देवी को जान से मारने की धमकी देते हुए चारो तरफ से जुड़ाई हुई दीवाल को तोड़ कर गिरा दिया। मामले में पीड़िता झिनका देवी पत्नी नरसिंह ग्राम पटवारिया थाना रुधौली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कन्हैया लाल पुत्र रामलाल, आशीष शर्मा पुत्र कन्हैयालाल, सुमन शर्मा पुत्री कन्हैया लाल निवासीगण पटवरिया थाना रूधौली के विरूद्ध धारा 324(4), 351(2), 352 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मासूम के मौत के मामले में ग्रामीणों का प्रदर्शन, कार्रवाई की मांग

**हर्रैया(एसएनबी)।** भारत सरकार के जल जीवन मिशन योजना अन्तर्गत कार्यरत जैक्शन कम्पनी द्वारा सड़क किनारे मौत को दावत देने वाले गे में गिरने से बेटे के मौत का जिम्मेदार जैक्शन कम्पनी को बताते हुए मृतक के पिता ने कम्पनी के जिम्मेदारों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का अभियोग दर्ज करने के संदर्भ में छावनी थाने में प्रार्थना पत्र दिया है। समाजसेवी चंद्रमणि पांडेय सुदामा के साथ ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर ठेकेदार सहित जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग किया। पीड़ित ने बताया कि बीते 28.09.2024 को दिन में करीब ९00 बजे उनका बेटा श्रेयांस गांव में सड़क किनारे पानी की टंकी हेतु खोदे गए 10 फिट गड्ढे में गिर गया जिससे मौत हो गई। मार्ग किनारे सुरक्षा की दृष्टि से कोई बेरिकेटिंग नहीं किया गया था। सूचना पर परिजनों व ग्रामीणों ने उसे निकालकर आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विक्रमजोत पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रार्थी रोजी रोटी हेतु दिल्ली रहता है। ऐसे में उनके पिता से एक कागज पर अंगूठा लगवाकर शव पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया किन्तु बेटे के मौत के जिम्मेदार जैक्शन कम्पनी व उसके ठेकेदारों पर अभियोग दर्ज नहीं किया गया। पीड़ित के पक्ष में आवाज बुलंद करते हुए जनपद के चर्चित समाजसेवी व भाजपा नेता चन्द्रमणि पाण्डेय सुदामा ने कहा कि कम्पनी द्वारा न केवल क्षेत्र के कई गांवों में इस तरह का मौत को दावत देने वाला गड्ढा खोदकर छोड़ा गया है। गोडसरा शुक्ल में ही इसके पूर्व में पंचायत भवन के पास टंकी निर्माण हेतु खोदे गये गे की पटाई आज तक नहीं कराया गया जबकि एक माह पूर्व उस गे में भी एक बछड़ा गिर गया था जिससे स्पष्ट है कि ये लोग टंकी निर्माण हेतु गा तो खोदते हैं किन्तु सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित नहीं करते । ऐसे में दोषियों पर कठोर कार्यवाही नितांत आवश्यक है ताकि निकट भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो फिर किसी श्रेयांस की मौत न हो घटना के 24 घंटे बाद संबंधित कम्पनी के जिम्मेदारों द्वारा पीड़ित परिवार से न मिलना संवेदन हीनता का परिचायक है। थानाध्यक्ष छावनी ने प्रार्थना पत्र आपदा रजिस्टर पर तत्काल दर्ज कराते हुए आश्वासन दिया कि पीएम रिपोर्ट आने के उपरान्त एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इस मौके पर क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि बृजेश पाण्डेय,विजय पाण्डेय,राम चरन शर्मा, प्रमोद तिवारी, राजीव पाण्डेय , राकेश पाण्डेय, पृथ्वीराज चौहान, अरूण सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद।



# पुलिस और आरपीएफ ने ट्रैक पर की गश्त

**बस्ती।** सिविल पुलिस व आरपीएफ ने रविवार को रेलवे ट्रैक के किलोमीटर संख्या-564/0 से 565/56 तक अप -डाउन ट्रैक पर पैदल गश्त किया गया। पिछले कुछ दिनों से ट्रैक पर अवरोध उत्पन्न कर ट्रेनों के पलटने की हुई साजिश को देखते हुए पुलिस व आरपीएफ सतर्क है। थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती महेश सिंह, चौकी प्रभारी प्लास्टिक काम्पलेक्स सुरेश कुमार, चौकी प्रभारी दक्षिण दरवाजा ओपी मिश्रा, चौकी प्रभारी हंडिया आशुतोष शुक्ला, एसआई आरपीएफ सुनील कुमार कसाना मय फोर्स शामिल रहे।

# महिला प्रसव प्रकरण पर जांच के लिए

# पहुंची तीन सदस्यीय टीम



**कुदरहा (एसएनबी)।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुदरहा पर स्टाफ नर्स द्वारा महिला वार्ड में प्रसव कराने से नाराज एएनएम ने महिला वार्ड का दरवाजा बंद कर बाहर से ताला लगाने के प्रकरण में गठित तीन सदस्यीय टीम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुदरहा पहुँची और एएनएम स्टाफ नर्स और दाई से बारी-बारी पूछताछ कर बयान दर्ज किया।

बता दें कि मंगलवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुदरहा पर स्टाफ नर्स द्वारा प्रसव कराने को लेकर विवाद हो गया था। स्टाफ नर्स के महिला वार्ड में प्रसव कराने से नाराज एएनएम विनोद सिंह महिला वार्ड का दरवाजा बंद कर बाहर से ताला लगा दिया था। प्रसूता गुंजा देवी नवजात शिशु स्टाफ नर्स दाई और परिजन लगभग ढाई घंटा गर्मी में अंधेरे में बंद थे। पति रविंद्र की सूचना पर पहुँची डायल 112 पीआरबी पुलिस टीम ने महिला वार्ड का ताला खुलवाकर जच्चा बच्चा को सुरक्षित बाहर निकाला। एएनएम के कृत्य से नाराज सीएमओ बृहस्पतिवार को प्रसूता गुंजा देवी के घर पियारेपुर पहुंचे जच्चा बच्चा का जांच पड़ताल कर पति से पूछताछ किया। सीएमओ के निर्देश पर एमओआईसी डा. फैज वारिश ने बृहस्पतिवार को ही वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डाक्टर जेपी चौधरी के नेतृत्व में महिला चिकित्सा अधिकारी डाक्टर रजनी और एचएस रामप्रकाश की तीन सदस्य जांच टीम का गठन किया किया था। रविवार को जांच टीम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुदरहा पहुंची और वार्ड में प्रसव कराने और महिला वार्ड में ताला लगाने संबंधित एएनएम विनोद सिंह स्टाफ नर्स मंजू और दाई कुंता देवी से पूछताछ कर बयान दर्ज किया। जांच टीम अधिकारी बाल रोग विशेषज्ञ डाक्टर जेपी चौधरी ने बताया कि प्रसव के बाद महिला वार्ड में ताला लगाए जाने के प्रकरण में सभी लोगों से पूछताछ कर रिपोर्ट बनाकर चिकित्सा प्रभारी डाक्टर फैज वारिश को सौंप दिया गया है।

**एएनएम स्टाफ नर्स और दाई से बारी-बारी पूछताछ कर बयान दर्ज किया**

# गिरफ्तारी के लिए छापेमारी

**नगर बा जार (एसएनबी)।** बहुचर्चित शक्ति प्रताप सिंह हत्याकांड में पुलिस पूरी तरह से एक्टिव मोड में है। आरोपियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। रविवार को नागेश सिंह के मैरिज हालउनके काम्प्लेक्स में मौजूद दुकानदारों से भी पूछताछ की गई। पुलिस टीम किसी गंगा नामक व्यक्ति की तलाश कर रही थी।

पुलिस टीम जब मैरेज हाल पर दबिश के लिए पहुंची, तो दुकानदारों में हड़कंप मच गया। थोड़ी देर बाद उन्हे पता चला कि वह शक्ति सिंह हत्याकांड की जांच कर रही है। इससे पूर्व टीम सिविल लाइन स्थित जय शक्ति आश्रम भी गई थी। अब टीम नागेश से जुड़े लोगों की तलाश कर रही है। नगर थाना क्षेत्र के रानीपुर गांव स्थित उनके मकान में लगे सीसीटीवी का डीवीआर भी निकाल कर पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। थानाध्यक्ष नगर देवेंद्र सिंह ने बताया कि जल्द ही हत्यारोपियों की गिरफ्तारी होगी। डीवीआरकब्जे में लिया है। सर्विलांस भी पूरी तरह से एक्टिव है।

**शक्ति सिंह हत्याकांड**

गत दिनों दुबौलिया थाना क्षेत्र के सरयू नदी के तट पर दो बोरों में भरी हुई खून से लथपथ लाश को बरामद किया गया था। जिसकी पहचान नगर थाना क्षेत्र के रानीपुर निवासी शक्ति सिंह पुत्र स्व. रमेश प्रताप सिंह के रूप में की गयी थी। शव की पहचान के बाद मृतक के भाई विक्रम प्रताप सिंह पुत्र स्व.रमेश प्रताप सिंह निवासी रानीपुर थाना नगर ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि बीते 24 सितम्बर कोउसके छोटे भाई शक्ति प्रताप सिंह (32) को पुरानी रंजिश कोलेकर आरोपियों ने अपहरण कर लिया था और उसकी पिटाई कर हत्या करने के बाद शव को बोरे में भरकर दुबौलिया थाना क्षेत्र के सरयू नदी में फेंक दिया गया था। शव की शिनाख्त करने वाले मृतक शक्ति सिंह के भाई विक्रम प्रताप सिंह की तहरीर पर नगर पुलिस ने कप्तानगंज के पूर्व विधायक रहे स्व. राना कृष्ण किंकर सिंह के पुत्र भाजपा नेता राना नागेश प्रताप सिंह,रवि सिंह पुत्र ओम प्रकाश सिंह निवासी बेलाड़ी थाना नगर व शैलेश सिंह तथा मनोज शुक्ल तथा कुछ अज्ञात के विरुद्ध धारा 103 (1), 140 (1),238 बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया ।

# रुपये लेकर घर से फरार हुई लड़की, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देकर मड़वानगर गांव निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी 16 साल की बेटी जो बीते 21 सितम्बर को घर से बिना किसी को कुछ बताये निकल गयी और वापस लौट कर नही आयी। यह भी पुलिस को बताया कि घर से जाने के दौरान लड़की अपने साथ अपना आधार कार्ड तथा 50 हजार रूपये भी ले गयी है। मामले में कोतवाली पुलिस ने अज्ञात पर धारा 137 (2) बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत करते हुए मामले की छानबीन करने में जुट गयी है। इसी प्रकार से वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के जमदाशाही गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी 15 साल की बेटी अचानक घर से कहीं चली गयी। जिसकी काफी खोजबीन करने के बाद भी कहीं कुछ पता नही चला। मामले में पीड़ित की शिकायत पर वाल्टरगंज पुलिस ने धारा 137 (2) बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

# ऑपरेशन साथ-साथ के तहत पांच जोड़ों को मिलाया

**बस्ती (एसएनबी)।** महिला थाने पर ऑपरेशन साथ-साथ के तहत प्रभारी निरीक्षक डा. शालिनी सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पांच दम्पत्तियों के टूटते परिवारों के बीच आपसी मतभेद को दूर कर मिलाया गया। जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक महिला थाना डा. शालिनी सिंह द्वारा पति-पत्नी के पांच जोड़े को उनके बीच विभिन्न कारणों से मतभेदों को दूर कर मिलाया गया। जिन परिवार को कन्वेन्स किया गया उनमें अंशू भारद्वाज पत्नी मनीष निवासनी भटोलवा थाना कोतवाली, ममता पत्नी अवधेश निवासनी सुसापार थाना लालगंज, रिंकी पत्नी रामू चौहान निवासी बांसगांव थाना हर्रैया, अजमेरूनिसा पत्नी मोहम्मद अशरफ अंसारी निवासी लेडवा थाना बखिरा जनपद संत कबीर नगर व मीरा पत्नी रामबिलास निवासी परसा झूंगिया थाना सोनहा शामिल रही। प्रभारी निरीक्षक डॉ शालिनी सिंह ने बताया कि इनके बीच पारिवारिक मनमुटाव काफी दिनों से चल रहा था, जिसके चलते इनके आपसी रिश्ते पिछले कई महीनों से खराब थे। अभी तक दोनों पक्ष एक दूसरे के साथ नहीं रहना चाहते थे। किंतु अब काफी कोशिशों और समझाने बुझाने पर दोनों पक्ष एक साथ रहने को तैयार हो गए। महिला थाना पर सुलह समझौता करवाया गया। जिसके क्रम में पति- पत्नी को महिला थाने से राजी-खुशी विदा किया गया।

# महिला से छेड़खानी व दुष्कर्म का प्रयास मुकदमा दर्ज

**बस्ती (एसएनबी)।** महिला को घर में अकेला पाकर अभियुक्त द्वारा छेड़खानी करते हुए कमरे में खींचकर ले गया जहां उसके साथ यौन सम्बन्ध बनाने का प्रयास करने लगा। महिला द्वारा विरोध करने पर उसे गालियां व जान से मारने की धमकी दी गयी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अभियुक्त पर मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज थाने की पुलिस को लिखित तहरीर देकर एक महिला ने आरोप लगाया कि घर में अकेली पाकर अभियुक्त बाबर अली द्वारा छेड़खानी करते हुए यौंन सम्बन्ध बनाने की कोशिश करने लगा। इसकी शिकायत जब उसने अपने पति व घर के सदस्यो से की तो घर वालो ने उसे चुप करा दिया। पुनः अभियुक्त बाबर अली ने 8 जुलाई की शाम करीब 7 बजे उसका हाथ पकड़कर जबरदस्ती कमरे में खींचकर ले गया और शारीरिक सम्बन्ध बनाने की कोशिश करने लगा। जिससे वह शोर मचाने व चिल्लाने लगी। इस बात से नाराज होकर बाबर अली ने गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी देते हुए कमरे में बन्द कर दिया। मामले में लालगंज पुलिस ने अभियुक्त बाबर अली पुत्र इस्लाम निवासी बानपुर थाना लालगंज के विरूद्ध धारा 74, 75(1)(1), 76, 79, 115(2), 351(2), 352 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# अश्लील मैसेज भेजकर शादी तुड़वाने का प्रयास, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** एक युवती के मंगेतर के पास विपक्षी द्वारा अश्लील मैसेज भेजकर शादी तुड़वाने का प्रयास किया जा रहा था। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अभियुक्त पर मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज थाने की पुलिस को लिखित तहरीर देकर एक युवती ने आरोप लगाया कि उसके होने वाले पति के मोबाइल पर विपक्षी उमापति द्वारा अपने मोबाइल से शादी तोड़ने व बदनाम करने की नियत से अश्लील मैसेज भेजा गया तथा उसे ब्लैकमेल किया। मामले में पुलिस ने आरोपी उमापति पुत्र सम्पति निवासी रैने थाना लालगंज के विरूद्ध धारा 67 आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मारपीट के मामले में वारंटी गिरफ्तार

**बस्ती (एसएनबी)।** मारपीट के एक मामले में वांछित अभियुक्त के विरूद्ध वारन्ट जारी होने के बाद थाना पुरानी बस्ती की पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार करते हुए संबंधित न्यायालय में पेष कर दिया है। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी के आदेश के क्रम में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी सदर सत्येंद्र भूषण तिवारी के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष महेश सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक आशुतोष शुक्ला द्वारा वारंटी महिपाल पुत्र सुंदर चौधरी निवासी कोडरा पांडे थाना पुरानी बस्ती को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। अभियुक्त महिपाल के विरूद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी एवं व 3(1) द एससी एसटी एक्ट के तहत थाना पुरानी बस्ती में मुकदमा पंजीकृत हुआ था, जिसके विरूद्ध न्यायालय द्वारा नोटिस जारी होने के बाद भी वह फरार चल रहा था। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष महेश सिंह व उप निरीक्षक आशुतोष शुक्ला के साथ आरक्षी सचिन, आरक्षी कृष्ण मोहन यादव थाना पुरानी बस्ती मौजूद रहे।

# नाबालिग से छेड़खानी, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** दुकान पर जाते समय नाबालिग लड़की के साथ एक युवक द्वारा छेड़खानी की गयी। जिसका विरोध करने पर गालियां देते हुए पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी गयी। इस सम्बन्ध में लड़की की मां की शिकायत व न्यायालय के आदेश पर स्थानीय पुलिस ने अभियुक्तो पर मुकदमा दर्ज किया है। वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 15 साल की लड़की गांव के बाहर स्थित दुकान पर जा रही थी। जिसे गांव के ही रमेश नाम के युवक ने उसे रास्ते में रोक लिया और हाथ पकड़कर छेड़खानी करने लगा। लड़की ने जब यह बात अपने परिवार को आकर बतायी तो परिजनो ने इसका विरोध किया। जिसपर अभियुक्त रमेश व उसके परिवार वाले एकराय होकर घर पर पहुंचे और किसी से शिकायत करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। मामले में लड़की की मां ने कार्यवाही के लिए न्यायालय का सहारा लिया। जिसपर न्यायालय के आदेश पर वाल्टरगंज थाने की पुलिस ने आरोपी रमेश, दिनेश, बाबूलाल पुत्रगण रामकुमार उर्फ शिवकुमार, सुनील, अनिल, बालमुकुन्द पुत्रगण शिवपूजन, गोलू पुत्र साधू निवासीगण कटहरा थाना वाल्टरगंज के विरूद्ध धारा 191(2), 74, 115(2), 352, 351(2) बीएनएस व 7/8 पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# भूमि की पैमाईश कराने पर दो भाइयों की पिटाई, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** विपक्षियों द्वारा न्यायालय में विचाराधीन भूमि पर निर्माण कार्य कराने तथा पीड़ित व्यक्ति व उसके भाई द्वारा रोकने पर गालियां देते हुए मारापीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अभियुक्तो पर मुकदमा दर्ज किया है। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के हवेली खास स्थित भूमि का अनिल चौहान व उसके चाचा रामबेलास के बीच में विवाद का न्यायालय में मुकदमा चल रहा था। लेकिन विपक्षी रामबेलास उक्त भूमि पर अचानक निर्माण कार्य कराने लगे। जिन्हें अनिल चौहान व भाई ऋषि चौहान ने रोकते हुए लेखपाल बुलाकर पैमाईश करा दिया। इसी बात से नाराज होकर लेखपाल के जाने के बाद विपक्षी रामबेलास व उसके परिवार के लोगो ने मिलकर दोनो भाईयों को गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित अनिल चौहान पुत्र हरिलाल चौहान निवासी ग्राम हवेली खास थाना पुरानी बस्ती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी चाचा रामबेलास पुत्र संचित चौहान, रामवृक्ष पुत्र रामबेलास, राहुल पुत्र राम वृक्ष व मीना देवी पत्नी राम वृक्ष निवासीगण हवेली खास थाना पुरानी बस्ती के विरूद्ध धारा 115(2), 351(3) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पीस कमेटी की बैठक

**हर्रैया (एसएनबी)।** थाना परिसर में रविवार को शान्ति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता नायब तहसीलदार शौकत अली ने किया। बैठक का संचालन थानाध्यक्ष तहसीलदार सिंह ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए नायब तहसीलदार ने कहा कि नवरात्र और दशहरा को आपसी भाईचारे के साथ शान्ति पूर्वक मनाएं। थानाध्यक्ष ने दुर्गा मूर्ति स्थापित करने वाले आयोजकों से कहा कि उच्च न्यायालय और अधिकारियों के आदेशानुसार मूर्तियों की उंचाई तीन फिट से अधिक न हो। मूर्ति स्थापित करते समय रास्ता अवरुद्ध न होने पाए। कहा कि दुर्गा पूजा पंडालों में सुरक्षा के दृष्टिगत बिजली का अस्थाई कनेक्शन ले लें। डीजे संचालकों से उन्होंने मानक के अनुरूप वैल्यूम पर ही डी जे बजाने की अपील किया। कहा कि उलंघन करने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।पूरे नवरात्रि के दौरान सभी से शान्ति स्थापित करने के लिए सहयोग की अपील किया। लोगों से त्योहार के दौरान आने वाली समस्याओं की जानकारी प्राप्त कर समाधान का आश्वासन दिया।नगर पंचायत अध्यक्ष कुंवर कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने आयोजकों से अपील करते हुए कहा कि मूर्तियों का विसर्जन समय से करें जिससे घाट पर प्रकाश व्यवस्था, सफाई और अन्य ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को समय से फुर्सत





मिल जाए। बैठक में उप निरीक्षक राजेश कुमार, छांगुर प्रसाद, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष उमाकांत तिवारी,प्रधान रोशन अली,पूर्व सभासद झिनकान सोनकर,नगर पंचायत कर्मी अखिलेश श्रीवास्तव सहित तमाम डीजे संचालक, दुर्गा पूजा कमेटी के सदस्य गण, तमाम ग्राम प्रधान तथा गणमान्य लोग मौजूद रहे। बभनान प्रतिनिधि के अनुसार पैकोलिया थाना परिसर में आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए थानाध्यक्ष धर्मेंद्र यादव ने कहा कि त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्द ढंग से मनाएं। किसी भी घटना की आशंका होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। उन्होंने समय से प्रतिमा विसर्जन की अपील किया। कहा कि कानून व्यवस्था में विघ डालने वाले उपद्रवियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी उन्होंने डीजे संचालकों को अनुबंध पत्र भरवाते हुए मानक के अनुरूप डीजे बजाने का निर्देश दिया।

# दीवार तोड़कर दी जानमाल की धमकी दी

बस्ती। तोड़फोड़ व धमकाने के आरोप में रुधौली पुलिस ने तीन पर मुकदमा दर्ज किया है। थानाक्षेत्र के पटवारिया निवासी झिनका देवी ने तहरीर में बताया है कि गांव की इन्द्रावती पत्नी कन्हैया लाल से 15 धुर आवासीय जमीन 22 हजार रुपये में लिया था। जमीन लेने के बाद पति ने ईंट की नींव जमीन के चारों तरफ चलाकर बगल में एक कमरा टीन शेड का बनवा दिया था, जिसमें अपने तीन बच्चों के साथ रह रहे हैं। आरोप है कि विपक्षियों ने चारों तरफ से जोड़ी गई दीवार तोड़ दिया। मना करने पर अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने गांव के कन्हैया लाल, आशीष शर्मा व सुमन शर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# डीसीएम से 1.80 लाख रुपये चोरी

बस्ती, निज संवाददाता। शहर के पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र में पांडेय बाजार से रविवार को दिन में एक डीसीएम से 1.80 लाख रुपया चोरी होने की घटना सामने आई है। सूचना पर पहुंची पुरानी बस्ती थाने की टीम ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। बताया जा रहा है कि फुटेज में एक संदिग्ध युवक नजर आ रहा है, जो डीसीएम चालक के गाड़ी से हटने के बाद वहां जाता दिख रहा है। थानाध्यक्ष महेश सिंह का कहना है कि घटना की जानकारी मिली है। घटना की सत्यता की छानबीन कर उचित कार्रवाई की जा रही है।

जिले के कप्तागनंज थानांतर्गत रतास उर्फ कप्तानगंज निवासी मुन्नू पुत्र यार मोहम्मद अपनी डीसीएम लेकर रविवार को पुरानी बस्ती के पांडेय बाजार आए थे। उन्होंने बताया कि वह अपनी डीसीएम से कप्तानगंज व महराजगंज कस्बे के व्यापारियों का सामान लेने पहले भी आते रहे हैं। रविवार को भी इसी काम से खाली डीसीएम सामान ले जाने के लिए लेकर आए थे। उनके मुताबिक कप्तानगंज बाजार निवासी व्यापारी हीरालाल से 73315 रुपया, रामकुमार से 25210 रुपया, लल्लन से 42735 रुपया व करम हुसेन ने 39250 रुपया सामान लाने के लिए दिया था। इस प्रकार कुल मिलाकर 1 लाख 80 हजार 510 रुपया झोले में रखकर डीसीएम से आए थे।



दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को खंगालती पुलिस। • हिन्दुस्तान

रविवार को दोपहर करीब पौने एक बजे श्याम इंटरप्राइजेज पांडेय बाजार एक्सिस बैंक के सामने गाड़ी खड़ी की। गाड़ी से उतरकर दुकानदार से गाड़ी खड़ा करने की अनुमित लेने गए थे। उनके अनुसार इसी बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने गाड़ी के केबिन का दरवाजा खोलकर झोले वाला रुपया डीसीएम की केबिन से निकला लिया और भाग गया। लौटकर आकर देखा तो झोला गायब था। इसके बाद दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी तो उसमें एक युवक की कुछ संदिग्ध गतिविधि दिखी। थाने पर पहुंचकर घटना की जानकारी दी। पुलिस बाजार के विभिन्न प्रतिष्ठानों पर लगे सीसी कैमरे की मदद से छानबीन में जुट गई है।

# स्टाफ नर्स व वार्ड आया का बयान दर्ज

**जांच**



पीएचसी कुदरहा में जांच के दौरान स्टाफ नर्स मंजू का बयान दर्ज करती टीम।

**गायघाट, हिन्दुस्तान संवाद।** पीएचसी कुदरहा में प्रसूता, स्टाफ नर्स और तीमारदारों को वार्ड में ताला लगाकर बंद किए जाने के मामले में स्थानीय स्तर पर गठित कमेटी के लोग रविवार को अस्पताल पहुंचे। टीम ने यहां स्टाफ नर्स, वार्ड आया समेत अन्य लोगों से पूछताछ कर बयान दर्ज किया।

बता दें कि बीते मंगलवार को पियारेपुर गांव की गुंजा को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन पीएचसी कुदरहा ले गए थे। प्रसव पीड़ा से कराहती गुंजा का प्रसव यहां तैनात स्टाफ नर्स मंजू ने जेएसवाई वार्ड में ही करा दिया। यह सुन एएनएम विनोदा सिंह भड़क गई। वार्ड का दरवाजा बंद कर उसमें ताला जड़ दिया और चाभी लेकर चली गई। दो से ढाई घंटे तक जच्चा-बच्चा के साथ स्टाफ नर्स, परिजन और वार्ड के कर्मी बंद रहे और गर्मी से बेहाल हो गए थे। बाद में पहुंची पुलिस ने ताला खुलवाते हुए सभी को बाहर निकाला। प्रकरण की जांच जिले और स्थानीय स्तर की जांच टीम कर रही है। जांच टीम में शामिल वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. जेपी चौधरी के नेतृत्व में महिला चिकित्साधिकारी डॉ. रजनी और एचएस राम प्रकाश ने जांच की। वार्ड में प्रसव कराने और महिला वार्ड में ताला लगाने संबंधित बयान एएनएम विनोदा सिंह, स्टाफ नर्स मंजू और दाई कुंता देवी से पूछताछ कर दर्ज किया। डॉ. जेपी चौधरी ने बताया कि प्रसव के बाद महिला वार्ड में ताला लगाए जाने के प्रकरण में सभी लोगों से पूछताछ कर रिपोर्ट बनाकर एमओआईसी सौंप दिया गया है।

# गड्ढे में गिरकर मासूम की मौत मामले में दर्ज हो केस

**प्रदर्शन**



बालक के गड्ढे में गिरकर मौत मामले में एफआईआर दर्ज कराने की मांग को लेकर छावनी थाने पर प्रदर्शन करते लोग। ● हिन्दुस्तान

**छावनी, हिन्दुस्तान संवाद।** जल जीवन मिशन के तहत खोद गए गड्ढे में गिरकर बालक की मौत मामले में मुकदमा दर्ज हो। क्योंकि यह गड्ढा खोदकर तीन माह से छोड़ दिया गया था, जिसमें गिरकर डूबे बालक की मौत हो गई। इस मांग लेकर चंद्रमणि पांडेय के नेतृत्व में गोड़सरा के लोगों ने छावनी थाने पर प्रदर्शन किया। लोगों ने निर्माण कंपनी के विरूद्ध गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में मुकेश कुमार पुत्र रामचरन निवासी गोड़सरा थाना छावनी ने बताया कि 28 सितम्बर को दिन में करीब नौ बजे उनका बेटा श्रेयांश (8) गांव में सड़क किनारे पानी की टंकी के लिए खोदे गए 10 फिट गहर गड्ढे में गिर गया। सड़क व गड्ढे के बीच सुरक्षा के लिहाज से कोई बेरिकेटिंग नहीं किया गया था। बेटे के गिरने की सूचना पर मेरे परिजनों व ग्रामीणों ने उसे निकालकर सीएची विक्रमजोत पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। वह स्वयं रोजी रोटी के लिए दिल्ली में रहता है। ऐसे में मेरे पिताजी से एक कागज पर अंगूठा लगवाकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। किन्तु बेटे के मौत के जिम्मेदार कम्पनी व उसके ठेकेदारों पर अभियोग दर्ज नहीं किया गया।

मुकेश साथ छावनी थाने पर पहुंचे समाजसेवी व भाजपा नेता चन्द्रमणि पाण्डेय सुदामा ने कहा कि कम्पनी ने न केवल क्षेत्र के कई गांवों में इस तरह का मौत को दावत देने वाला गड्ढा खोदकर छोड़ा है। बल्कि गोडसरा शुक्ल में ही इसके पूर्व में पंचायत भवन के पास टंकी निर्माण के लिए खोदे गये गड्ढे की पटाई आज तक नहीं कराया गया। एक माह पूर्व उस गड्ढे में भी एक बछड़ा गिर गया था। स्पष्ट है कि ये लोग टंकी निर्माण के लिए गड्ढा तो खोदते हैं, किन्तु सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित नहीं करते हैं। ऐसे में दोषियों पर कठोर कार्रवाई आवश्यक है।

थाने पर प्रदर्शन करने वालों ने कहा कि निकट भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो, फिर किसी श्रेयांस की मौत नहीं हो इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। घटना के 24 घंटे बाद संबंधित कम्पनी के जिम्मेदारों ने पीड़ित परिवार से मुलाकात नहीं की। थानाध्यक्ष छावनी ने प्रार्थना पत्र आपदा रजिस्टर पर तत्काल दर्ज कराते हुए आश्वासन दिया कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रदर्शन करने वालों में बीडीसी प्रतिनिधि बृजेश पाण्डेय, विजय पाण्डेय, राम चरन शर्मा, प्रमोद तिवारी, राजीव पाण्डेय, राकेश पाण्डेय, पृथ्वीराज चौहान, अरूण सिंह आदि रहे।

भाजपा नेता समेत अन्य पर दर्ज है केस, आरोपी मनोज शुक्ला को किया गिरफ्तार

# नागेश के लखनऊ आवास और बस्ती मैरेज हाउस पर दी दबिश

हि फॉलोअप

**बस्ती, निज संवाददाता।** शक्ति सिंह मर्डर केस में मुख्यारोपी फरार भाजपा नेता राना नागेश प्रताप सिंह की तलाश में पुलिस की टीम ने लखनऊ स्थित आवास पर दबिश दी। साथ ही रविवार को बस्ती शहर में कम्पनी बाग स्थित काम्पलेक्स व मैरेज हाल पर थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह की टीम दबिश देने पहुंची। यहां तलाशी के साथ ही दुकानदारों से भी पूछताछ की। इसके बाद टीम सिविल लाइन क्षेत्र स्थित जय शक्ति आश्रम पर भी पहुंची और नागेश के बारे में पूछताछ की। भाजपा नेता के लखनऊ स्थित आवास पर पहुंची पुलिस टीम को यहां चौकीदार समेत दो लोग मिले, जिनसे टीम ने पूछताछ की। इधर, नगर पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर रामापुर मोड़ से नामजद आरोपी मनोज शुक्ला को गिरफ्तार कर लिया। उससे भी घटना के बारे पूछताछ जारी है।

पुलिस ने शनिवार को भाजपा नेता नागेश के घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे के डीबीआर को कब्जे में ले लिया था। लेकिन डीबीआर पॉसवर्ड से लॉक है। लिहाजा जब तक इसका पासवर्ड पुलिस के हाथ नहीं लगता है, तब तक इसकी मदद से कोई साक्ष्य नहीं जुटाया जा सकेगा। पुलिस को उम्मीद है कि इसमें रिकॉर्ड फुटेज की मदद से घटनाक्रम से जुड़े अहम सुराग हाथ लग सकेंगे।

नगर थाने के रानीपुर निवासी शक्ति सिंह का अपहरण कर हत्या करने और शव छिपाने के आरोप में पूर्व विधायक राना कृष्ण किंकर सिंह के बेटे और भाजपा नेता राना नागेश प्रताप सिंह सहित चार के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। हत्या के पीछे पांच दशक पुरानी रंजिश बताई जा रही है।

फरार चल रहे नागेश से जुड़े लोगों पर लगातार पुलिस शिकंजा कसने में जुटी है, जिससे जल्द से जल्द नागेश की गिरफ्तारी हो सके। वारदात के बाद से ही आरोपितों का मोबाइल फोन बंद होने के कारण उनका लोकेशन ट्रेस कर पाना कठिन हो रहा है। कॉल डिटेल से मिली जानकारियों की मदद से पुलिस नागेश के करीबियों से भी पूछताछ करने में जुटी है।

एसपी गोपालकृष्ण चौधरी का कहना है कि पुलिस टीमें लगातार दबिश देने में जुटी हैं। जल्द ही हत्याकांड के आरोपितों की गिरफ्तारी सुनिश्चित कर ली जाएगी।



शहर के कम्पनी बाग स्थित भाजपा नेता के मैरेज हाल पर दबिश देने पहुंची थानाध्यक्ष नगर की टीम। ● हिन्दुस्तान

## 26 सितंबर को बोरे में भरकर फेंका मिला था शव

दुबौलिया के गौरा-सैफाबाद तटबंध पर सरयू नदी किनारे गुरुवार को एक युवक का शव बोरे में मिला था। उसके सिर पर गम्भीर चोट के निशान थे। देर शाम शव की पहचान नगर थाने के रानीपुर निवासी शक्ति सिंह (32) पुत्र रमेश सिंह के रूप में हुई। नगर पुलिस ने गुरुवार को ही शक्ति के गुमशुदगी का केस दर्ज किया था। शव मिलने पर शक्ति सिंह के भाई विक्रम प्रताप सिंह ने नगर पुलिस को तहरीर दी। इसमें विक्रम प्रताप सिंह ने बताया है कि गांव के राना नागेश सिंह के परिवार से दुश्मनी है। आरोप है कि राना नागेश सिंह, रवि सिंह, शैलेश सिंह और मनोज शुक्ला उनके भाई को साथ ले गए। 25 सितंबर को कुछ लोगों ने बताया कि चारों उसके भाई की पिटाई कर रहे थे। 26 सितम्बर को दुबौलिया क्षेत्र में शव बरामद हुआ था। पुलिस ने चार नामजद व अन्य अज्ञात के खिलाफ अपहरण, हत्या व शव छिपाने के आरोप में केस दर्ज किया है।

## तो नदी के किनारे ही उतारा मौत के घाट

शक्ति सिंह मर्डर केस की छानबीन में जुटी पुलिस आरोपितों की धरपकड़ के साथ ही साक्ष्य संकलन में भी जुटी है। सूत्रों की मानें तो अब तक की जांच में यह बात भी सामने आ रही है कि शक्ति सिंह को अगवा करने के बाद नदी के किनारे यानी शव बरामदगी स्थल के पास ही मौत के घाट उतारा गया था। यहां चार से अधिक लोगों के मौजूद रहने की आशंका भी जताई जा रही है। पकड़े गए आरोपी मनोज शुक्ला से भी पूछताछ कर पुलिस वारदात से जुड़ी जानकारियां जुटा रही है। हालांकि अभी इस बारे में पुलिस अफसर कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उनके सिर पर किसी भारी चीज से हमला करने की बात कही गई है। उसके सिर से कान के बीच कुल 17 वार किए गए थे। हत्या में धारदार हथियार की जगह भारी पत्थर के प्रयोग की आशंका भी इससे प्रबल हो रही है। आरोपितों की धरपकड़ के लिए थाने की टीमों के साथ ही एसओजी व स्वॉट को भी लगाया गया है।

# पुलिस के प्रयास से बस गई गृहस्थी

बस्ती। महिला थाना पुलिस के प्रयास से टूटने की कगार पर पहुंची पांच परिवारों को फिर से बसा दिया है। प्रभारी निरीक्षक डॉ. शालिनी सिंह ने बताया कि पारिवारिक मनमुटाव के चलते रिश्ते खराब चल रहे थे।

# मानक के अनुसार डीजे बजाने का भरवाया गया अनुबंध पत्र

**बैठक**

- दुर्गा पूजा, दशहरा को लेकर प्रभारी निरीक्षक ने की बैठक
- बैठक में पुलिस और डीजे संचालक-मालिक हुए शामिल

**बस्ती।** प्रभारी निरीक्षक कोतवाली राणा देवेंद्र प्रताप सिंह के संयोजन में दुर्गा पूजा, दशहरा, मेला, रामलीला आदि के संबंध में ब्लॉक रोड रौतापार स्थित एक होटल में मीटिंग हुई। मीटिंग में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ने डीजे संचालकों के मालिकों को शासन-प्रशासन से मिले निर्देशों के बारे में जानकारी दी गई।

उन्होंने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 बस्ती में लागू है। जो इसका पालन नहीं करेगा उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सभी डीजे संचालकों से नोटिस अंतर्गत धारा 168 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 का बन्धपत्र भराया गया। बंध पत्र में उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन के क्रम में डीजे साउंड सिस्टम आगामी त्योहार दुर्गा पूजा, दशहरा, मेला में लगाया जाएगा। उल्लंघन करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# युवक की मृत्यु के मामले में मुकदमा दर्ज

- युवक का दोनों पैर टूटा था, शरीर पर थे घिसटने के निशान
- चौकड़ी टोल बूथ पर एक कार के पिछले हिस्से से गिरा था मृतक

जागरण संवाददाता, छावनी: छावनी थाना क्षेत्र के चौकड़ी टोल बूथ पर शुक्रवार की देर रात एक कार के पिछले हिस्से में फंसे युवक की मृत्यु के मामले में पुलिस ने कार चालक के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस टोल बूथ के सीसी कैमरे की फुटेज के सहारे जांच पड़ताल कर कार चालक के बारे में पता लगा रही है। युवक कौन था, उसकी मृत्यु कैसे हुई, जैसे सवालों के जवाब पुलिस ढूंढ रही है।

छावनी पुलिस ने सीसी कैमरा फुटेज व कार नंबर के आधार पर कार चालक व उसके मालिक को ट्रेस कर लिया है। कार हरदोई जिले के रहने वाले व्यक्ति की बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 25 वर्ष है। उसके दोनों पैर टूट गए थे। शरीर पर घिसटने का निशान था। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।



सीसी कैमरे के फुटेज में कैद घटना में शामिल कार • सौ.टोल प्लाजा

सीसी कैमरा फुटेज की जांच में युवक कार के पिछले हिस्से से गिरता दिख रहा है। आशंका जताई जा रही है कि युवक सड़क दुर्घटना में घायल होकर कार के पिछले हिस्से में फंस गया होगा। बहरहाल चौकड़ी टोल बूथ के सहायक टोल मैनेजर नितिन पटेल की तहरीर पर कार चालक के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

गोपाल कृष्ण चौधरी, एसपी

**यह था घटनाक्रम:** चौकड़ी टोल पर शुक्रवार की रात 12 बजे के करीब टोल प्लाजा से एक कार जैसे ही आगे बढ़ी, कार के पिछले हिस्से में एक युवक फंसा दिखा। वह टोल बूथ के पास ही गिर गया। वहीं कार आगे बढ़ गई। युवक गंभीर रूप से घायल था। उसे देखते ही टोल कर्मी सन्न रह गए। कर्मियों ने एंबुलेंस से घायल को सीएचसी हर्रैया भेजा, जहां उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस के अनुसार गंभीर रूप से घायल युवक कुछ बोल भी नहीं पा रहा था, न ही उसके पास ऐसा कुछ मिला, जिससे उसके बारे में पता चल सके। युवक दुर्घटना का शिकार होकर कार में फंस गया था या वह कार के अंदर से गिरा यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। प्रभारी निरीक्षक छावनी विजय कुमार दुबे ने बताया कि सीसी कैमरे के जरिए कार को ट्रेस कर लिया है। कार हरदोई जिले के प्रभात वर्मा के नाम से पंजीकृत है।

**गोरखपुर से हरदोई जा रही थी कार:** पुलिस की छानबीन में पता चला कि कार चालक गोरखपुर से कार लेकर हरदोई जा रहा था। बताया जा रहा है कि घटना में शामिल कार काफी दिनों से गोरखपुर में खड़ी थी। कार पर जज का स्टीकर लगा हुआ था। चर्चा है कि कार से युवक के गिरने के बाद कार दोबारा टोल प्लाजा पर आई थी, मगर इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है।

# आरपीएफ व पुलिस ने रेल ट्रैक की सुरक्षा जांची



रेलवे ट्रैक का जायजा लेती आरपीएफ व पुलिस • जागरण

जागरण संवाददाता, पुरानी वस्ती: वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त लखनऊ चंद्र मोहन मिश्र व पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी के निर्देश पर आरपीएफ पोस्ट बस्ती के उपनिरीक्षक सुनील कुमार कसाना और थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती महेश सिंह की टीम ने बस्ती सुगर मिल से कड़र खास तक अप एवं डाउन ट्रैक की सुरक्षा जांची। इस दौरान रेलवे ट्रैक सुरक्षित मिला।

# न्यायालय के आदेश पर छेड़खानी व मारपीट का मुकदमा

वस्ती: वाल्टरगंज पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर एक युवक के विरुद्ध छेड़खानी तथा उसके घर वालों पर मारपीट के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र निवासी महिला ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि 15 अगस्त को उनकी बेटी गांव के बाहर दुकान पर कुछ सामान लेने जा रही थी। इसी बीच रमेश ने रास्ता रोक कर उनकी बेटी से छेड़खानी करने लगा। विरोध करने पर उसने व स्वजन ने मारा पीटा। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर रमेश, दिनेश, बाबूलाल के अलावा सुनील, अनिल, बालमुकुन्द व गोलू के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

# सिस्टम से हार दी कोर्ट में आत्महत्या की धमकी

## न्याय से वंचित शोभाशरण व ईशदत्त, भुगतान के बाद भी ट्रैक्टर नहीं देने का मामला

- उपभोक्ता आयोग ने लिखा डीएम को पत्र, तय होगी जिम्मेदारी
- 20 वर्ष से तहसील के मकड़जाल में उलझे हैं दोनों पीड़ित

जागरण संवाददाता, बस्ती: सिस्टम की बदहाली से शोभाशरण और ईशदत्त हार चुके हैं। दोनों ने न्याय न मिलने पर आत्महत्या की धमकी तक दे दी है। मामले में जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायाधीश अमरजीत वर्मा व सदस्य अजय प्रकाश सिंह की पीठ ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर न्याय की आस लगाए उपभोक्ता को भुगतान दिलाने के लिए निर्देशित किया है।

प्रकरण 33 वर्ष पुराना है। उस समय बस्ती जिले की सीमा में आने वाले गांव शिवसरा थाना कोतवाली खलीलाबाद वर्तमान जिला संतकबीर नगर निवासी ईशदत्त व शोभाशरण ने गांधीनगर स्थित मेसर्स यंत्रलोक नामक फर्म से ट्रैक्टर खरीदने के लिए भारतीय स्टेट बैंक की बनकटी की शाखा से 90 हजार रुपये ऋण लेकर 1,28,000 रुपये फर्म में जमा किया था। यंत्रलोक के मालिक गौरी शंकर उपाध्याय निवासी सुकरौली थाना लालगंज ने रुपया लेने के बाद भी ईशदत्त व शोभाशरण को ट्रैक्टर नहीं दिया, तब मजबूर होकर 1991 में उपभोक्ता अदालत में मुकदमा दाखिल किया। 10 अक्टूबर 1994 को अदालत ने फैसला दिया कि जब तक फर्म मालिक व कंपनी के निदेशक द्वारा रुपया वापस नहीं किया जाता है, क्षतिपूर्ति के रूप में 18 प्रतिशत ब्याज भी देना होगा। न्यायालय के इस आदेश का पालन नहीं किया गया तो लंबे इंतजार के बाद 2005 में पीड़ितों की तरफ से न्यायालय के आदेश का अनुपालन कराने के लिए इजरा प्रार्थना दाखिल किया गया। न्यायालय ने गौरीशंकर उपाध्याय की संपत्ति को नीलाम कर धनराशि वसूलकर भुगतान करने के लिए जिलाधिकारी को पत्र प्रेषित किया। चार अप्रैल 2013 को नीलामी हुई। सबसे ज्यादा बोली पांच लाख 80 हजार रुपये लगाने वाले मुंडेरवा थाना क्षेत्र के छपिया निवासी गिरिजेश पांडेय को अपनी माता देवकी पांडेय के पक्ष में नीलामी से खरीद का हक प्राप्त हुआ। उनसे 25 प्रतिशत धनराशि 1,20,000 रुपया जमा करा ली गई। शेष धनराशि 15 दिन के अंदर जमा करना था, जिसे गिरजेश पांडेय ने जमा नहीं किया। इसी दौरान गौरीशंकर की मृत्यु हो जाने पर उनके पुत्र सन्तोष उपाध्याय के विरुद्ध प्रक्रिया अमल में लायी गई। न्यायालय को तहसील प्रशासन की तरफ से अवगत कराया गया कि अग्रिम धनराशि जब्त कर ली गई है, जबकि जब्त नहीं की गई। यह धनराशि तहसील के रजिस्टर नंबर चार में जमा कर दी गई थी। 16 मई 2023 को 10 लाख 70 हजार रुपये गिरजेश पांडेय से जमा कराए गए। 56,670 रुपये संग्रह शुल्क निर्धारित किया गया। पीड़ितों की तरफ से 11,33,370 रुपये भुगतान करने का अनुरोध किया गया। वर्तमान न्यायाधीश ने इस धनराशि को न्यायालय के खाते में जमा करने के लिए जिलाधिकारी को पत्र प्रेषित किया। जवाब में तहसीलदार ने कहा कि नीलामी प्रक्रिया दोषपूर्ण थी। वर्ष 2013 से 2023 के बीच में बाजार भाव में उछाल आया, इसका लाभ विक्रेता को नहीं प्राप्त हो पाया। तहसीलदार ने नीलामी प्रक्रिया को निरस्त कर दिया और क्रेता को धन वापस करने का आदेश दे दिया। दीवानी प्रक्रिया संहिता के आदेश 21 के तहत नीलामी, विक्रय व विक्रय प्रमाण पत्र व विक्रय निरस्त करने के जो उपबंध दिए गए हैं, उसके अनुसार समस्त अधिकार न्यायालय में ही निहित हैं। प्रस्तुत प्रकरण में तहसीलदार को नीलामी निरस्त करने का अधिकार नहीं था, अपितु उपभोक्ता आयोग को यह अधिकार था। न्यायालय ने माना कि विक्रय से लेकर नीलामी तक पूरी प्रक्रिया न्यायालय के संज्ञान में प्रत्येक स्तर पर की जानी थी, जो पूरी नहीं की गई। यह अवमानना की परिधि में आता है। इस संपूर्ण मामले में 33 वर्ष से ईशदत्त व शोभाशरण लड़ रहे हैं। ईशदत ने उपभोक्ता आयोग में पत्र देकर कहा है कि वह तहसील के चक्कर लगा-लगाकर हताश होकर इस न्यायालय में आग लगा कर जान देने को मजबूर हैं। उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष ने डीएम को लिखे पत्र में कहा है कि ईशदत को निर्णय के अनुपालन में धनराशि वसूल करा कर दिलाएं। उसे अप्रत्याशित घटना से बचाया जाए, चूक होने पर डीएम की जिम्मेदारी होगी।


**NOTICE OF ACQUISITION**

This is to inform the public that **"Eraaya Lifespaces Limited"** (Eraaya) has successfully acquired **"Ebix Inc.,"** along with all of its global subsidiaries and associated companies, pursuant to a formal auction process, in June 2024 conducted in accordance with US bankruptcy laws. The acquisition was completed on **August 29, 2024.** As a result of this acquisition, Ebix Inc. and its subsidiaries, including those incorporated in India, are now controlled and managed under the direction and supervision of Eraaya.

For any queries/Financial aspects, please contact undersigned at **contact@eraaya.com or reach us by phone at +91 98217 00738** to address any concerns or to discuss further action.

**For Eraaya Lifespaces Limited**


# घर से 50 हजार लेकर छात्रा लापता, मुकदमा दर्ज

बस्ती। कोतवाली पुलिस ने रहस्यमय हाल में एक कक्षा छह की छात्रा के लापता होने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। 16 वर्षीय पीड़िता के पिता ने तहरीर में बताया है कि उनकी बेटी कक्षा छह में पढ़ती है। गत 21 सितंबर की शाम करीब छह बजे बिना किसी को कुछ बताए घर से निकल गई। अपने साथ वह आधार कार्ड व 50 हजार रुपया ले गई। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चल सका। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है। वहीं वाल्टरगंज पुलिस ने भी 25 सितंबर को रहस्यमय ढंग से घर से एक किशोरी के लापता होने के मामले में केस दर्ज किया है।

# शक्ति हत्याकांड का एक आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश में दबिश

## नागेश के घर से मिले डीवीआर का पासवर्ड न मिलने से फुटेज नहीं देख सकी पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** शक्ति सिंह हत्याकांड में पुलिस ने नामजद आरोपी मनोज शुक्ला को रमवापुर मोड़ से रविवार को गिरफ्तार कर लिया। उससे नगर थाने में पूछताछ की जा रही है।



**शक्ति** (फाइल फोटो)

मुख्य आरोपी भाजपा नेता राना नागेश प्रताप सिंह की तलाश में कंपनी बाग स्थित जय शक्ति कॉम्प्लेक्स और मैरिज हॉल पर पुलिस पहुंची।

किसान पीजी कॉलेज के सामने स्थित जय शक्ति आश्रम पर भी पुलिस गई। पुलिस की अन्य तीन टीमों ने कई जगह दबिश दी मगर कोई सुराग नहीं मिला।

**भाजपा नेता नागेश के मैरिज हॉल पर पहुंची पुलिस दुकानदारों से पूछताछ**

**पुलिस ने मुख्य आरोपी नागेश के घर से डीवीआर लिया है कब्जे में**

### भाई ने लगाया है अपहरण कर हत्या का आरोप

शिनाख्त के बाद शक्ति के भाई विक्रम ने गांव के ही नागेश सिंह, रवि सिंह, शैलेश सिंह और मनोज शुक्ला पर हत्या का आरोप लगाया था। तहरीर में आरोप लगाया कि इन लोगों ने 24 सितंबर को कोतवाली क्षेत्र के मूड़घाट से शक्ति का अपहरण किया था। तहरीर के आधार पर नगर थाने की पुलिस ने पूर्व विधायक के बेटे और कप्तानगंज विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता राना नागेश प्रताप सिंह सहित चारों नामजद व कुछ अज्ञात के खिलाफ अपहरण करके हत्या और शव छिपाने का प्रयास करने की धारा में केस दर्ज करके जांच कर रही है।

नागेश के घर का सीसीटीवी का डीवीआर पुलिस के हाथ लगा था मगर उसका पॉसवर्ड न मिलने कारण पुलिस फुटेज नहीं देख सकी। बताया जा रहा है कि पुलिस पॉसवर्ड क्रैक करने का प्रयास कर रही है।

नगर थाना क्षेत्र के रानीपुर निवासी शक्ति सिंह का अपहरण कर हत्या और शव छिपाने के आरोप में उसके भाई विक्रम प्रताप सिंह ने गांव के ही भाजपा नेता नागेश प्रताप सिंह, रवि सिंह, शैलेश सिंह और मनोज शुक्ला सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज कराया है। हत्या के पीछे बाबा के जमाने की रंजिश बताई गई है।

बता दें कि रानीपुर बेलाड़ी निवासी शक्ति सिंह की हत्या करके लाश दुबौलिया थानाक्षेत्र के सैफाबाद बंधे के किनारे सरयू नदी में फेंक दी गई थी।



घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ रही पुलिस

29 सितम्बर को प्रकाशित खबर।

26 सितंबर की सुबह कुछ लोगों ने सरयू नदी के तटबंध के पत्थरों पर खून के धब्बे देखे। शक होने पर आगे बढ़े तो पानी में दो बोरे दिखे। सूचना पर पुलिस पहुंची तो बोरे में युवक का शव मिला था। बाद में शक्ति सिंह के रूप में पहचान हुई।

# शांति भंग में तीन का चालान

**वाल्टरगंज।** मुकामी पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में तीन लोगों का चालान किया है। प्रभारी थानाध्यक्ष रमेश कुमार साहनी ने बताया कि सिहबरा निवासी एहतेशाम कुरैशी उर्फ इत्तू कुरैशी, मनोज कुमार निवासी गनेशपुर तथा प्रदीप कुमार निवासी मोहम्मदपुर गनेशपुर को शांतिभंग में चालान कर न्यायालय भेजा गया है। संवाद

# भेड़िया की अफवाह से दहशत वन विभाग ने कहा, उदबिलाव



कसैला गांव में जानवर को देखने के लिए जुटी भीड़। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज (बस्ती)।** हर्रैया थाना क्षेत्र के कसैला गांव में शौचालय के गड्ढे में गिरे एक जानवर को देखकर लोगों ने गांव में भेड़िया आने की अफवाह फैला दी। इससे ग्रामीणों में अफरातफरी मच गई।

रविवार को कसैला गांव में निर्माणाधीन शौचालय के गड्ढे में जंगली जानवर गिर गया। गड्ढे में पानी होने के नाते वह बाहर नहीं निकल पा रहा था। रास्ते से गुजर रहे किसी की नजर उस पर पड़ी तो भेड़िया समझ कर इसकी सूचना गांव के लोगों को दी।

देखते ही देखते भेड़िया आने की सूचना गांव में फैल गई। लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। प्रधान के प्रतिनिधि स्वामी नाथ ने इसकी सूचना डायल 112 पर फोन कर दी। इसके बाद 112 की टीम मौके पर पहुंच गई।

पुलिसकर्मियों ने वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग के प्रेम प्रकाश, रामचेत माली, चंद्र भान



गड्ढे में गिरा उदबिलाव। संवाद

वाचर, राम निवास वाचर पहुंचे। उन्होंने जानवर को देखकर बताया कि भेड़िया नहीं उदबिलाव है।

वनकर्मियों ने उसे गड्ढे से बाहर निकाला। भेड़िया की अफवाह से लोगों में इस कदर दहशत फैल गई कि वे अपने जानवर व बच्चों को घरों के अंदर कर दरवाजा बंद कर दिया।

वन विभाग के लोगों ने जब भेड़िया न होने की पुष्टि की तब जाकर गांव के लोगों ने राहत की सांस ली। पुलि कर्मियों ने लोगों को किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने और किसी तरह की भी कोई सूचना हो तुरंत पुलिस को देने की बात कही।

# भाभी से दुष्कर्म की कोशिश, पीटा भी

## लालगंज पुलिस कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कर छानबीन में जुटी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** लालगंज पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर एक महिला से छेड़खानी और दुष्कर्म की कोशिश के मामले में केस दर्ज किया है।

थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उन्हें घर में अकेला पाकर देवर बाबर ने छेड़खानी की। यौन संबंध बनाने की कोशिश की। इस बारे में जब पति और घर के अन्य सदस्यों को जानकारी दी तो घरवालों ने उसे ही चुप करा दिया।

महिला काआरोप है कि आठ जुलाई की शाम करीब सात बजे एक बार फिर देवर ने उसका हाथ जबरदस्ती पकड़ लिया और कमरे में खींचकर ले गया। जबरन संबंध बनाने की कोशिश करने लगा। विरोध करने पर अश्लील हरकत की। शोर मचाने और चिल्लाने से नाराज होकर अपशब्द कहा।

मारपीट कर जानमाल की धमकी देते हुए कमरे में बंद कर दिया। काफी देर बाद कमरे का दरवाजा खोला गया, तब वह बाहर निकली और परिजनों को घटना के बारे में बताया।

लालगंज के थानाध्यक्ष सुनील गौंड ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर के दर्ज कर विवेचना एसआई देवीशरण यादव को सौंपी गई है। आरोपी को गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

### अदालत से

### अश्लील हरकत करने के आरोपी पर केस दर्ज

बस्ती। वाल्टरगंज पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर किशोरी के साथ अश्लील हरकत व मारपीट के मामले में केस दर्ज किया है। पीड़िता की मां ने तहरीर में बताया है कि 15 वर्षीय बेटी 15 अगस्त को गांव के बाहर दुकान पर जा रही थी। तभी गांव के रमेश ने रास्ते में रोक कर छेड़खानी की। विरोध करने पर अपशब्द कहते हुए मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। उनके घर पर चढ़कर पूरे परिवार को मारापीटा। इसकी शिकायत करने पर जानमाल की धमकी दी गई। पुलिस ने रमेश के अलावा दिनेश, बाबूलाल, सुनील, अनिल, बालमुकुंद व गोलू पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संवाद

# बच्चों के विवाद को लेकर मारपीट, केस दर्ज

जासं, बस्ती: पैकोलिया थाना क्षेत्र के कुनगाई खुर्द गांव की शीला देवी पत्नी विक्रम वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 27 सितंबर को बच्चों के विवाद को लेकर उनके सगे पटीदार द्वारा दरवाजे पर चढ़कर उनकी जेठानी, देवरानी व पतोहू को मारा पीटा गया। जानमाल की धमकी दी गई। पुलिस ने राममूरत वर्मा, उनके पुत्र फूलचन्द्र, लोकनाथ के अलावा पत्नी आरती के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-30-09-2024

# राष्ट्रीय ध्वज से सामान साफ करने वाले आरोपित धराए

जासं, बढ़नी : ढेबरुआ थाने के बढ़नी कस्बे में राष्ट्रीय ध्वज से दुकान में सामान की सफाई करने के आरोप में पुलिस ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों में ढेबरुआ थाने के सिसवा शिवभारी गांव का कमाल अहमद खान पुत्र अब्दुल मोबिन खान व नगर पंचायत बढ़नी के वार्ड नंबर 9 राम जानकी मंदिर कस्बा का फिरोज अहमद पुत्र फैज मोहम्मद शामिल हैं। विश्व हिंदू परिषद के कुछ पदाधिकारियों एवं नगर के लोगों ने एक्स पर पोस्ट कर एसपी, डीएम, डीआईजी को टैग कर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने केस दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# शांति व्यवस्था में खलल डालने वालों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

- इटवा थाने पर नवरात्र, दुर्गा पूजा व दशहरा पर्व को लेकर हुई बैठक
- सौहार्द से मनाएं त्योहार, अराजकता की तो बख्शे नहीं जाएंगे : सीओ

जागरण संवाददाता, इटवा : नवरात्र, दुर्गा पूजा व दशहरा पर्व के दृष्टिगत रविवार की सायं इटवा थाने पर नागरिकों, धर्म गुरुओं की बैठक आयोजित की गई। डीजे संचालकों और चौकीदारों की भी मीटिंग की गई। सभी को शासन एवं न्यायालय के आदेशों व निर्देशों से अवगत कराया गया। गाइडलाइंस के अनुसार ही त्योहार मनाने की अपील की गई।

उपजिलाधिकारी कल्याण सिंह मौर्य ने कहा कि स्थापित होने वाले प्रतिमा पंडाल के पास अग्निशमन की व्यवस्था की जाए। मूर्ति विसर्जन पर प्रकाश के लिए निकाय प्रशासन पहले से तैयारी कर ले। शांति व्यवस्था में सभी का सहयोग जरूरी है, किसी ने खलल डालने का प्रयास किया तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस



इटवा थाने पर पीस कमेटी की बैठक में जानकारी देते एसडीएम कल्याण सिंह मौर्य दाएं, सीओ गर्वित सिंह बाएं • जागरण

क्षेत्राधिकारी गर्वित सिंह ने कहा कि प्वाइंट वार पुलिस की तैनाती रहेगी, इसके बाद भी आप सभी का सहयोग आवश्यक है। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव, व्यापार मंडल का महामंत्री अनिल जायसवाल, सूर्यभान, भीखुल्लाह, राम आसरे, राम चंदर, सतीश अन्य लोग उपस्थित रहे।

### त्योहारों पर न करें कोई नई परंपरा की शुरुआत

जासं, सिद्धार्थनगर: विभिन्न थाना क्षेत्रों में रविवार को शांति कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इसमें दुर्गा पूजा, दशहरा, लक्ष्मी पूजा, दीपावली के दृष्टिगत सभी से सहयोग की अपील की गयी। उस्का बाजार थाने में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह कहा कि त्योहार पर कोई नई परम्परा की शुरुआत न करें। अफवाहों से बचें और यदि कहीं पर समस्या हो तो तत्काल पुलिस को सुचित करें।

इसी क्रम में खेसरहा थाने में थाना प्रभारी चंदन कुमार ने कहा कि क्षेत्र में अराजकता फैलाने वालों पर निगाह रखें। यदि कहीं पर भी समस्या हो तो तत्काल पुलिस की मदद लें। इस दौरान क्षेत्र के तमाम प्रतिष्ठित लोग मौजूद रहे।

# 650 शीशी नेपाली शराब बरामद

## एसएसबी जवानों ने बढ़नी तिराहे से दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**ढेबरुआ।** एसएसबी की 50वीं वाहिनी सीमा चौकी बढ़नी के जवानों ने बढ़नी तिराहे पर एक कार में दो व्यक्तियों पकड़ा। कार की तलाशी में 650 शीशी नेपाली शराब बरामद हुआ। उसके बाद जवानों आगे की कार्रवाई के लिए कस्टम कार्यालय बढ़नी को सुपुर्द कर दिया।

समव्य प्रभारी भूपेन्द्र राम ने बताया कि शनिवार रात सूचना मिली कि अवैध नेपाली शराब नेपाल से तस्करी कर शोहरतगढ़ जाने वाली है। जवान बढ़नी चौराहे के तिराहे के पास चेकिंग करने लगे। तभी एक कार बढनी तिराहे से ढेबरुआ की तरफ आता हुआ दिखा। जैसे ही कार को जवानों ने रोकने का इशारा किया, तो कार चालक भागने लगा। उसे भागता हुआ देखकर जवानों घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ करने पर कार दो व्यक्ति सही जवाब नहीं दे पा रहे थे।

उसके बाद कार की तलाशी ली गई तो 650 शीशी नेपाली शराब बरामद हुई। पूछताछ में दोनों लोगों ने अपना नाम विक्रम सिंह निवासी झंडेनगर जिला कपिलवस्तु नेपाल बताया, जबकि दूसरा व्यक्ति ने अपना नाम महेंद्र कुमार निवासी माधवानगर बढ़नी थाना ढेबरुआ बताया है।

इस दोनों लोग से गहनता से पूछताछ करने पर बताया कि 650 शीशी नेपाली शराब नेपाल के व्यापारी आशीष का है। इसरिता नाम की महिला विभिन्न रास्तों से 650 शीशी शराब कार में लोड किया। इसे शोहरतगढ़ पहुंचने के लिए 15 सौ रुपये मिलने थे। पकड़े गए दो अभियुक्तों और बरामद नेपाली शराब सहित कार को बढ़नी कस्टम को आगे की कार्रवाई के लिए सुपुर्द कर दिया गया।



एसएसबी की गिरफ्त में 650 शीशी नेपाली शराब के साथ आरोपी। स्रोत एसएसबी

# कागज में खेल, पकड़ में आ रहे लेखपाल, कस रहा शिकंजा

## बांसी में अपात्रों को जमीन पट्टा करने, नौगढ़ में अवैध प्लाटिंग रोकने में नाकामी, शोहरतगढ़ क्षेत्र में मुआवजा में गड़बड़ी के मामले में हुई कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** कागज में खेल करके अपात्रों को लाभ पहुंचाने में विभागीय लोग कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। पात्रों को दरकिनार कर यह कार्य धड़ल्ले से किया जा रहा है। इस खेल में लाभ के असली हकदार वंचित हो रहे हैं। कागज में खेल करके अपात्र लोगों को लाभ देने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। जो इस बात की पुष्टि करा रहा है कि राजस्व विभाग में गड़बड़ी बेधड़क किया जा रहा है। एक माह के भीतर तीन तहसील के आठ लेखपाल और दो कानून-गो पर निलंबन की कार्रवाई हो चुकी है। जांच में उक्त सभी के खिलाफ सभी शिकायतें सही पाई गईं।

> शिकायत मिलने पर मामले की जांच कराई गई, जिसमें गड़बड़ी मिलने पर लेखपालों पर कार्रवाई की गई है। बांसी तहसील में पट्टे के मामले की जांच चल रही है। जांच में जो दोषी मिलेगा कार्रवाई की जाएगी। -डॉ. राजा गणपति आर, जिलाधिकारी

बांसी तहसील में अपात्र व्यक्ति को पट्टा करने में तीन लेखपाल और दो कानून-गो को निलंबित किया जा चुका है। सदर तहसील में अवैध प्लाटिंग रोकने में नाकाम एक लेखपाल और शोहरतगढ़ क्षेत्र में पात्रों के बजाए अपात्रों को बाढ़ राहत सामग्री देने में चार लेखपाल निलंबित कर दिए गए हैं। इन मामलों की विभागीय जांच भी चल रही है। जांच में और लोगों के जद में आने से इन्कार नहीं किया जा सकता है। गड़बड़ी पाए जाने पर कार्रवाई होनी तय है।



भूमिहीनों को दे दी फसल क्षतिपूर्ति, तीन निलंबित

28 सितंबर प्रकाशित खबर।

**अपात्रों को रेवड़ी की तरह पट्टा कर दी जमीन :** बांसी तहसील क्षेत्र के बेलवा लगुनही गांव में मुख्य मार्ग पर 103 लोगों को जमीन का पट्टा कर दिया गया है। इसमें सभी लोग मकान, दुकान बनाकर काबिज भी हो गए। सड़क के पास महंगी भूमि थी, इसलिए राजस्व कर्मियों की गठजोड़ से रुपये लेकर करोड़ों की भूमि पट्टा पर दे दी गई। इसमें पात्रता नहीं, पैसा देखा गया। इस मामले में शिकायत की गई। जिलाधिकारी ने इसे गंभीरता से लिया। उन्होंने शिकायत के आधार पर जांच कराई तो 103 पट्टा अवैध पाया गया। इसमें अब तक तीन लेखपाल और दो कानून-गो निलंबित हो चुके हैं। 49 और पट्टा अवैध होने के मामले की जांच चल रही है। इसमें किस-किस पर गाज गिरेगी, कुछ कहा नहीं जा सकता है। वैसे जांच में कई और लेखपालों के कार्रवाई की जद में आने की बात सामने आ रही है। इसके साथ ही भूमि घोटाले में तत्कालीन एसडीएम की भूमिका की जांच आयुक्त झांसी करेंगे। अभी इस मामले में कार्रवाई का दायरा और बढ़ेगा।

### भूमिहीनों को दे दिया फसल क्षति का मुआवजा

बाढ़ से होने वाली क्षति का मुआवजा देने के लिए जिलाधिकारी की ओर से तत्काल सर्वे और मुआवजा देने के आदेश थे। इसमें सर्वे और सूची बनाने में लेखपालों की ओर से बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई। पात्र व्यक्ति छूट गए और भूमिहीनों को फसल क्षतिपूर्ति का लाभ दे दिया गया। इस मामले में शिकायत हुई। डीएम के आदेश पर एसडीएम ने मामले की जांच की तो अनियमितता उजागर हुई। इसके बाद तीन लेखपालों को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही मुआवजा राशि के वितरण की जांच जारी है। वहीं, अनुशासनहीनता के मामले में शोहरतगढ़ तहसील के ही एक लेखपाल को निलंबित कर दिया गया।

### घर बैठे लगा दी रिपोर्ट

राजस्व विभाग के जुड़े लोगों के मुताबिक नुकसान के सर्वे में अक्सर गड़बड़ी की जाती है। बिना मौके पर गए रिपोर्ट लगा दी जाती है। इसमें राजस्वकर्मी के कुछ चुनिंदा लोग रहते हैं, जिनकी ओर से सूची बना दी जाती है। उसी सूची आगे बढ़ा देते हैं। इससे अपात्र चयनित हो जाते हैं और पात्र वंचित रह जाते हैं। बाढ़ प्रभावित अन्य क्षेत्र के मुआवजे की जांच में और लोग पकड़ में आ सकते हैं।

# 55 वाहनों का चालान, 61 हजार जुर्माना वसूला

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**सिद्धार्थनगर।** यातायात पुलिस की ओर से रविवार को एंबुलेंस चालकों को जागरूक किया गया कि जब एंबुलेंस में मरीज न हो तो हूटर/सायरन का उपयोग न करें।

इसके साथ ही दो पहिया पर तीन सवारी, बिना हेलमेट वाहन न चलाएं। चेकिंग के दौरान पुलिस ने 55 वाहनों का चालान करते हुए 61500 रुपये जुर्माना वसूल किया।

प्रभारी यातायात अमरेश कुमार ने टीम के साथ साड़ी तिराहा, पावर हाउस तिराहा, पेट्रोल पंप तिराहा, सनई आदि स्थानों पर पीए सिस्टम से यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। तीन वाहनों से ब्लैक फिल्म हटाया गया।

एंबुलेंस चालकों को जागरूक किया कि जब एंबुलेंस में मरीज न हो तो हूटर/ सायरन का उपयोग न करें। सड़कों के किनारे अवैध रूप से खड़े बड़े वाहनों को जिनसे दुर्घटना की आशंका/जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। यातायात नियमों का पालन न करने वाले कुल 55 वाहनों का चालान किया गया।

# त्योहार में किसी की आस्था को ठेस न पहुंचाएं : एसडीएम

**गोल्हौरा (एसएनबी)।** दुर्गा पूजा व दशहरा त्योहार को त्योहार की तरह मनाएं। इसमें किसी की आस्था को ठेस न पहुंचाएं। न ही डीजे पर अभद्र गाने बजाएं।

उक्त बातें उपजिलाधिकारी प्रदीप यादव ने कहा। वे रविवार की सायं गोल्हौरा थाना परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आगामी त्योहार दुर्गा पूजा व दशहरा में ऐसा कुछ न करें, जिससे किसी की आस्था को ठेस पहुंचे। 30 डिसेबल से अधिक आवाज में डीजे न बजाएं। रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक डीजे बजाना प्रतिबंधित है। मूर्ति विसर्जन के दौरान नशे में धुत लोगों को शामिल न होने दें। इसी क्रम में पुलिस क्षेत्राधिकारी गर्वित-सिंह ने कहा कि दुर्गा पूजा पांडाल में बिजली के तार नंगे व लटके हुए न रखें। कहीं भी कोई नई परम्परा की शुरुआत नही करेगा। थानाध्यक्ष बृजेश सिंह ने कहा कि मूर्ति पूजा स्थल पर एक व्यक्ति 24 घण्टे मौजूद रहेगा। हर पूजा स्थल पर 4 वालेंटियर हम बनाएंगे। जहां रात्रि में जागरण होगा वहां इसकी संख्या 10 होगी, और हम स्वयं भी मौके पर रहेंगे। जागरण आयोजक दर्शक दीर्घा में महिला व पुरुषों के अलग बैठने की व्यवस्था करेंगे। उक्त अधिकारियों ने बैठक में शामिल लोगों से सीधा संवाद स्थापित कर पूजा में होने वाली समस्याएं सुनी व समाधान का आश्वासन दिया। बैठक में एहतशामुद्दीन, अखिलेश सिंह, बिहारी लाल अग्रहरि, विनोद शर्मा, ष्ण कुमार चौधरी, ओमप्रकाश यादव, राहुल गुप्ता, शिवप्रकाश मिश्र आदि समेत तमाम क्षेत्रवासी, पुलिसकर्मी शामिल रहे।



पीस कमेटी को सम्बोधित करते अधिकारी व शामिल लोग। फोटो : एसएनबी

# सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील

**खेसरहा।** स्थानीय थाना सभागार में रविवार कोनायब तहसीलदार बांसी अमित सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें तहसीलदार ने क्षेत्रीय लोगों से संवाद करते हुए बताया कि मूर्ति बैठाने के पहले प्रशासन से अनुमति लेना होगा। जिससे उस स्थान का निरीक्षण किया जा सके। शासन के मंशानुरूप मूर्ति बैठाने वालों को बताए गए नियम व शर्तों का पालन करना होगा। बताया कि मूर्ति विद्युत पोल से दूर बैठाएं, डीजे का प्रयोग न करें, लाउडस्पीकर की आवाज धीमी गति से बजाए जिससे किसी को कोई परेशानी न हो। थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि त्योहार को शांति पूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए हर स्थान पर पुलिस की निगरानी होती रहेगी। संवाद

# पुलिस ने चलाया स्वच्छता अभियान

**सिद्धार्थनगर।** जनपद के सभी थानों, चौकियों, कार्यालयों में रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। लोगों को सफाई के प्रति प्रेरित किया गया। थानों, चौकियों, पुलिस कार्यालय, क्षेत्राधिकारी कार्यालयों परिसर में श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कार्यालयों, कंप्यूटरों, टेबलों, आलमारियों तथा सभी इलेक्ट्रानिक उपकरणों की सफाई की गई। सभी बैरकों, कूलरों एवं परिसरों के आसपास कचरे को हटाया कर प्लास्टिक कचरे, गीले कचरे व सूखे कचरे का संग्रह एवं निपटान अलग-अलग कराया गया। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा श्रमदान कर इसमें सहयोग किया गया। संवाद

# शांतिपूर्ण मनायें दुर्गा पूजा समारोह व दशहरा का त्यौहार: एसडीएम

**इटवा(एसएनबी)**। दुर्गा पूजा समारोह तथा दशहरा का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके मनायें।किसी वर्ग के लोगों को ठेस पहुंचाने का कार्य कत्तई नहीं करना चाहिए।कानून तोड़ने वालों के विरुद्ध प्रशासन कठोर कार्यवाही अवश्य करेगा।

उक्त जानकारी पुलिस एसडीएम कल्याण सिंह मौर्या ने इटवा थाना पर आयोजित पीस कमेटी की बैठक में दिया है।उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है।असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।किसी को भी कानून तोड़ने की इजाजत नहीं है। सभी लोग शांतिपूर्ण तरीके से दुर्गा पूजा समारोह तथा दशहरा का त्यौहार मनायें।किसी को ठेस पहुंचाने का कार्य कत्तई न करें। किसी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल तहसील प्रशासन अथवा पुलिस से सम्पर्क करें।इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी गर्वित सिंह ने कहा कि अपराध तथा अपराधियों पर नियंत्रण के लिए आम जनता का सहयोग बहुत जरूरी है।पुलिस आप लोगों की सेवा में सदैव तत्पर है।किसी प्रकार की कठिनाई होने पर हमसे जरूर सम्पर्क करें। आपसी भाई चारा मजबूत रखें। प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव ने कहा कि यहां के लोग बहुत अच्छे हैं।सभी प्रकार का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाते हैं। आप लोग दुर्गा पूजा समारोह तथा दशहरा के त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं।कानून तोड़ने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। इस बैठक में दुर्गा पूजा समारोह के तमाम कमेटियों के पदाधिकारी, मोईद,रिजवान अहमद सिद्दीकी सहित क्षेत्र के तमाम ग्राम प्रधान तथा धर्मगुरुओं के अलावा पीस कमेटी के लोग मौजूद रहे।



पीस कमेटी की बैठक में जानकारी देते एसडीएम व सीआ।

# साइड देने के प्रयास में पलटा ट्रक

**बिस्कोहर(एसएनबी)**। बिस्कोहर मार्ग पर हो रहे पुल का निर्माण अधूरा होने के कारण एप्रोच के बगल मे ट्रक पलट गया। इटवा की तरफ से कबाड़ लाद कर ट्रक यूपी 55सी टी 8876 बिस्कोहर के तरफ जा रही थी।इस दौरान उक्त पुल के पास बने एप्रोच से एक और गाडी गुजर रही थी। उसको साइड देते वक्त ट्रक का पहिया धस जाने से ट्रक पलट गया। इस घटना में ड्राइवर और कंडेक्टर बाल बाल बच गए।



# तिरंगे का अपमान करने वाले पर दर्ज हुआ मुकदमा

बढ़नी। बढ़नी कस्बे के चट्टी बाजार में एक तंबाकू की दुकान पर एक व्यक्ति द्वारा राष्ट्रीय ध्वज से समान साफ करने का वीडियो शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इससे नगर के कई लोगों में आक्रोश था। पुलिस ने संज्ञान लेकर जांच कराने के बाद केस दर्ज लिया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर चौकी प्रभारी बढ़नी सभाशंकर यादव ने जांच की तो मामला सही पाया गया। पुलिस ने एसआई जय प्रकाश पांडेय की तहरीर पर आरोपी के फिरोज अहमद पुत्र हाजी फैज मोहम्मद निवासी वार्ड नंबर नौ रामजानकी मंदिर डाक खाना रोड बढ़नी थाना ढेबरुआ के खिलाफ राष्ट्र गौरव अपमान निवारण अधिनियम 1971 के तहत रविवार को मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। थानाध्यक्ष ढेबरुआ संतोष सिंह ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध राष्ट्र गौरव अपमान निवारण अधिनियम 1971 के कानून के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# दुर्गा पूजा को लेकर पीस कमेटी की बैठक

ककरहवा। मोहाना थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस चौकी ककरहवा में दुर्गा पूजा को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई, जिसमें 16 दुर्गा मूर्तियों की स्थापना पर चर्चा हुई। कहा गया कि डीजे बजाने के लिए सभी गाइड लाइन के निर्देशों का पालन करना होगा। चौकी प्रभारी राकेश त्रिपाठी समेत वीरेन्द्र मिश्रा, श्रीपति, बालमुकुंद जायसवाल, राकेश पांडेय, बिन्दु जायसवाल, बृजलाल, राम चरन जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# सभी थाना चौकियों में चला सफाई अभियान

जासं, सिद्धार्थनगर : पुलिस विभाग की ओर से सभी थानों और चौकियों पर सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान थानों, चौकियों, पुलिस कार्यालय, क्षेत्राधिकारी कार्यालयों परिसर में कार्यालयों, कम्प्यूटरों, टेबलों, आलमारियों तथा सभी इलेक्ट्रानिक उपकरणों की सफाई की गयी। सभी बैरकों, कूलरों एवं परिसरों के आसपास कचरे को हटाया कर प्लास्टिक कचरे, गीले कचरे व सूखे कचरे का संग्रह एवं निपटान अलग-अलग कराया गया।

सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा श्रमदान कर इसमें सहयोग किया।

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-30-09-2024

# दहेज हत्यारोपी सास ससुर दोषमुक्त

संतकबीरनगर (एसएनबी)। न्यायालय अपर सत्र न्यायधीश एफटीसी द्वितीय देवेन्द्र नाथ गोस्वामी की कोर्ट ने दहेज हत्यारोपी सास-ससुर को साक्ष्य के अभाव में संदेह का लाभ देते हुए दोष मुक्त कर दिया है। सास-ससुर पर आरोप था कि दहेज में सोने की चेन और भैंस न मिलने के कारण बहू मीरा की गला दबाकर हत्या किए हैं।

बचाव पक्ष के अधिवक्ता संजय उपाध्याय ने बताया कि ग्राम सेमरडांड़ी थाना धनघटा के वादी मुकदमा शम्भू नाथ पाण्डेय ने 13 जून 2005 को थाना धनघटा में प्रार्थना पत्र दिया कि उसने अपनी बेटी मीरा पांडेय की शादी तीन साल पहले ग्राम केकरहा थाना धनघटा निवासी दिनेश पांडेय के बेटे अरविंद पांडेय उर्फ गुड्डू पांडेय के साथ की थी। शादी में नगद तथा ढेर सारा सामान दिया था लेकिन ससुराल वाले उनकी लड़की को प्रताड़ित करते हुए दहेज में चेन व भैंस की मांग की और कहे कि नहीं दिया तो तुम्हें प्रताड़ित करते रहेंगे। 13 जून की सुबह जब मैं अपनी लड़की से भेंट करने गया तो उसके पहले ही लड़की के ससुर दिनेश पांडेय, पति अरविंद पांडेय, देवर रत्नेश, सास उर्मिला, ननद विनीता तथा दामाद ने मिलकर हमारी बेटी को मारा पीटा और गला दबाकर हत्या कर दी थी। आरोप है कि उक्त सभी लोगों ने मुझे घर में पकड़ कर लाठी-डंडे से मारा-पीटा जिससे मेरे चेहरे पर गंभीर चोटें आई। बाद में मुझे भगा दिया तथा मेरी लड़की को देखने तक नहीं दिया गया। थाना की पुलिस ने केस दर्ज किया। तत्कालीन क्षेत्राधिकारी मेंहदावल विनीत भटनागर ने विवेचना के उपरांत अन्य आरोपियों का नाम विलोपित करते हुए ससुर दिनेश पांडेय, पति अरविंद पांडेय व सास उर्मिला के विरुद्ध दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने, मारने-पीटने तथा अपशब्द कहते हुए गला दबाकर हत्या करने का आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था। कोर्ट में वादी मुकदमा व अन्य गवाहों की गवाही तथा अभिलेखीय साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। विचारण के दौरान पति अरविंद पांडेय की मृत्यु हो गई। अपर सत्र न्यायधीश एफटीसी द्वितीय देवेंद्र नाथ गोस्वामी की कोर्ट ने पक्षों की बहस सुनने के उपरांत ससुर दिनेश पांडेय व सास उर्मिला पांडेय निवासीगण ग्राम केकरहा थाना धनघटा को साक्ष्य के अभाव में संदेह का लाभ पाते हुए दोषमुक्त कर दिया।

**सास ससुर पर दहेज में सोने की चेन और भैंस न मिलने के कारण बहू मीरा की गला दबाकर हत्या करने का था आरोप**

# सहमति से फिर से पांच परिवार रहेंगे एक साथ

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** साथ-साथ कार्यक्रम (टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल) के तहत रविवार को परिवार परामर्श केन्द्र महिला थाना सुश्री सरोज शर्मा एवं नियुक्त सदस्य रिफातुल्लाह अंसारी की अध्यक्षता में कुल 05 मामले आये। इन सभी मामलों में सुलह समझौता करवाया गया।

महिला थाना ने बताया कि प्रथम पक्ष अफसाना खातून पुत्री मुख्तार अहमद निवासी ग्राम-विशनपुर थाना-बांसगांव जनपद-गोरखपुर व द्वितीय पक्ष इमरान पु॰ खालिद निवासी ग्राम-नन्दौर चौराहा थाना बखिरा जनपद संतकबीरनगर, प्रमिला देवी पुत्री मुरली निवासी ग्राम-भकरही विश्वेशवरगंज थाना-दुबौलिया जनपद बस्ती व द्वितीय पक्ष रांजा बाबू पुत्र राममगन निवासी ग्राम-रजापुर सरईया थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर तथा रेनू पत्नी विजय निवासी ग्राम-डीघा एवं विजय पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम-डीघा थाना कोतवाली खलीलाबाद के मध्य पारिवारिक विवाद के कारण इनका रिश्ता टूटने की कगार पर था। दोनों पक्षों को काफी समझाने बुझाने के उपरान्त खुशी-खुशी रहने को तैयार है। उन्होंने बताया कि माया पत्नी नन्हेलाल निवासी ग्राम व थाना-महुली, नन्हेलाल पुत्र रामअचल निवासी ग्राम व थाना-महुली जनपद संतकबीरनगर तथा शीला देवी पत्नी विकास निवासी ग्राम-सनवरिया, थाना-बेलहरकला, विकास पुत्र बुद्धन निवासी ग्राम-सनवरिया थाना- बेलहरकला के मध्य पारिवारिक विवाद के कारण इनका रिश्ता टूटने की कगार पर था। दोनों पक्षों को काफी समझाने बुझाने के उपरान्त दोनों पक्ष एक साथ खुशी-खुशी रहने को तैयार है। उन्होंने बताया कि इन सभी पक्षों में आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया है।

**नियुक्त सदस्य देते हैं 'जजमेंट' इंस्पेक्टर लगाती हैं मुहरः** परिवार परामर्श केन्द्र का उद्देश्य टूटते परिवारों को जोड़ना और खासतौर पर दांपत्य संबंधों में आने वाली खटास को प्यार-मोहब्बत के वातावरण में दूर करना होता है लेकिन थाने इस केन्द्र का माहौल पूरा 'अदालती' दिखाई देता है। नियुक्त सदस्य न्यायाधीश की भूमिका में 'जजमेंट' देते हैं और उनके सामने पेश होने वाले दंपतियों की चाहे वे किसी भी स्टेटस के हों उनसे पूरे 'पुलिसिया अंदाज़' में संवाद करते हुए अपना 'फैसला' सुनाते हैं। नियुक्त सदस्य ने जजमेंट सुनाते हुए मामला न्यायालय या उसके मीडिएशन में भेज दिया। जिस पर इंस्पेक्टर महिला थाना ने भी अपनी मुहर लगा दी। पीड़ित पति का बयान भी बमुश्किल दर्ज किया गया। यदि इसी तरह का माहौल कायम रहा तो इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाप्त हो जाएगा और यह कार्यक्रम सिर्फ खानापूरी तक सिमट कर रह जाएगा।

# फरार चल रहे वारंटी को पुलिस ने भेजा भेज

**संतकबीर नगर :** धनघटा पुलिस ने फरार चल रहे वारंटी सियरकला गांव निवासी रामकेश को उसके घर के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने के बाद उसे जेल भेज दिया। उप निरीक्षक प्रमोद कुमार नायक ने बताया कि वारंट जारी होने के बाद भी आरोपित कोर्ट में पेश नहीं हो रहा था। पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी।

**शांतिभंग की आशंका में छह लोगों को दबोचा** : संतकबीर नगर : जनपद की चार थाने की पुलिस ने शांति भंग की आशंका में रविवार को छह लोगों को पकड़कर थाने पर लाई। विवाद के कारण के बारे में पूछताछ की। इसमें धनघटा पुलिस ने दो, महुली पुलिस ने एक, बखिरा पुलिस ने दो तथा धर्मसिंहवा पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। ये लोग पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट करने पर उतारू थे।

# मानक के अनुरूप ही रखी जाय डीजे की ध्वनि : सीओ

**संतकबीरनगर (एसएनबी)**। आगामी त्योहार दुर्गा पूजा के दृष्टिगत कोतवाली खलीलाबाद में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें दुर्गा प्रतिमा पाण्डालों व डीजे आयोजकों/संचालकों को क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजीत चौहान ने आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि परंपरागत रूप से जो कार्यक्रम आयोजित होते हैं वही आयोजित किए जाएंगे। परंपरागत जुलूस निकाले जाएंगे। डीजे की ध्वनि मानक के अनुरूप ही रखी जाय।

कोतवाली खलीलाबाद में पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजीत चौहान द्वारा प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद सतीश कुमार सिंह के साथ आगामी त्योहार दुर्गा पूजा के दृष्टिगत कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना कोतवाली खलीलाबाद पर आयोजकों/संचालकों के साथ पीस कमेटी की बैठक की। जिसमें सभी को बताया कि परंपरागत रूप से जो कार्यक्रम आयोजित होते हैं वही आयोजित किए जाएंगे। परंपरागत जुलूस निकाले जाएंगे। सीओ ने सभी को उनकी जिम्मेदारियों के संबंध में बताया और कहा कि उनके द्वारा वालंटियर्स नियुक्त किए जायें जो व्यवस्था बनाने में मदद करेंगे। साथ ही सभी को सख्त हिदायत दी गई कि डीजे की ध्वनि मानक के अनुरूप ही रखी जाय।

# बाइक चोरी के मामले में पुलिस से शिकायत

संतकबीरनगर। एक सप्ताह पूर्व खलीलाबाद रेलवे स्टेशन के स्टैंड से गायब बाइक मामले में पीड़ित ने रविवार को पुलिस से लिखित शिकायत की।

महुली क्षेत्र के नपं हरिहरपुर निवासी प्रेमचंद पुत्र विभूति का आरोप है कि वह 21 सितंबर को खलीलाबाद रेलवे स्टेशन आए थे। वह अपनी बाइक स्टैंड पर खड़ी किए थे। वापस लौटे तो स्टैंड पर उनकी बाइक नहीं मिली। काफी तलाश के बाद भी बाइक का पता नहीं चला। पीड़ित ने रविवार को कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। कोतवाल ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# चार दरोगा समेत 24 पुलिस कर्मियों के कार्य क्षेत्र बदले

- दुर्गेश बने रहेंगे एएसपी के पेशकार, अरविंद को बिड़हर चौकी का प्रभार

संतकबीरनगर। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने कानून व्यवस्था के मद्देनजर चार दरोगाओं समेत 24 पुलिस कर्मियों के कार्य क्षेत्र में फेरबदल किया। पूर्व में एसआई दुर्गेश कुमार पांडेय का हुआ तबादला संशोधित करते हुए उन्हें एएसपी के पेशकार पद पर कायम रखा। जबकि धनघटा थाने पर एसआई अरविंद कुमार यादव का हुआ तबादला संशोधित करते हुए उन्हें उसी थाना क्षेत्र की चौकी बिड़हर घाट का प्रभार सौंपा।

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि एसआई जितेंद्र द्विवेदी और एसआई रामेश्वर प्रसाद को यूपी डायल 112 नंबर में तैनाती दी है। हेड कांस्टेबल पंकज राय, सर्वेश कुमार यादव, कांस्टेबल विनोद मौर्या, अमित कुमार, अंकित यादव, अरुण गौड़, विपिन मिश्र, अरुण गौड़, आशीष शुक्ला, बबलू कुमार यादव, आलोक कुमार, अंगद यादव, मुकेश पाल, संतोष यादव, किशन कुमार, महिला आरक्षी नेहा पाल को भी डायल 112 नंबर में तैनाती दी गई है। महिला सिपाही रचना यादव को डीसीआरबी, अनुपमा पांडेय को थाना धनघटा, रेनू पाल को जन शिकायत प्रकोष्ठ भेजा गया है।

# जनसहयोग से चार सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए

संतकबीरनगर। धनघटा पुलिस ने रविवार को ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत जनसहयोग से 04 सीसीटीवी कैमरा लगवाया। पुलिस ने कैमरे लगवाकर सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्ति को माल्यार्पण कर सम्मानित किया। एसओ अनिल कुमार ने कैमरे का महत्व बताते हुए कहा कि जब लोग घर खाली होता है तो कैमरे रखवाली करते है। लोगों से अपील किया कि वे अपने-अपने घरों, कॉलोनियों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे जरूर लगवाएं। क म से कम एक कैमरे से सड़क पर भी निगरानी रखें। जिससे कि अपराधिक व असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा सके।

# पुलिस ने किया एमवी एक्ट में 127 वाहनों का चालान

संतकबीरनगर। एसपी सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को सभी थाना क्षेत्रों की पुलिस ने संदिग्धों की तलाश में वाहनों की चेकिंग की। पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत 127 वाहनों का चालान किया। इसके अलावा 1,40,000 रुपये शमन शुल्क की वसूली की।

# डग्गामार वाहनों का धड़ल्ले से हो रहा संचलन

संतकबीरनगर। ओवरलोड व डग्गामार वाहनों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारी इन वाहनों पर कार्रवाई करने से परहेज करते हैं। ऐसे वाहनों पर कार्रवाई न होने से ओवरलोडिंग पर रोक नहीं लग पा रही है। हर दिन हाइवे, बीएमसीटी मार्ग पर लोग चोटिल हो रहे हैं। जनपद के ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों पर सरकारी वाहनों के संचालन न होने से निजी वाहनों से सवारी भी ढोई जा रही है।

# परिजनों से परेशान होकर किशोरी ने छोड़ दिया घर

संतकबीरनगर। तीन दिन पूर्व बखिरा क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी घर वालों से परेशान होकर कही चली गई। पीड़ित मां का आरोप है कि 26 सितंबर को उसकी 14 वर्षीय बेटी अपने पिता और परिवार वालों से परेशान होकर कहीं चली गई। बेटी वापस घर नहीं लौटी तो उसकी तलाश शुरू की गई। नाते-रिश्तेदारों के घर पता किया गया, लेकिन बेटी नहीं मिली। पीड़ित मां ने रविवार को बखिरा पुलिस से बेटी को ढूंढने की गुहार लगाई। एसओ श्याम मोहन ने बताया कि किशोरी के लापता होने के संबंध में गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है।

# पीस कमेटी की बैठक में नई परम्परा पर रोक

मगहर। पीस कमेटी की बैठक रविवार को मगहर पुलिस चौकी पर आयोजित की गई। सदर एसडीएम शैलेश दूबे व सीओ सिटी अजीत चौहान ने आगामी पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एसडीएम शैलेश दूबे ने कमेटी के लोगों से कहा कि पण्डाल में सुरक्षा को लेकर सजग रहे। तात्कालिक घटना से निपटने का इंतजाम करें। महिला सुरक्षा पर ध्यान दें और सर्तकता बरतें। मूर्ति के क्रम को लेकर विवाद न करे। इसका खुद निर्धारण कर लें। पुलिस चौकी पर इसकी सूचना दें। छोटे-छोटे मामलों को निपटाने का प्रयास करें। पुलिस क्षेत्राधिकारी अजीत चौहान ने कहा कि विसर्जन का पुख्ता इंतजाम रहेगा। दुर्घटना को रोकने का प्रयास किया जाएगा। कोई भी वाद विवाद होने पर सभी जिम्मेदारी आयोजक की होगी। इसके लिए दुर्गा पूजा समिति के जिम्मेदारों से बांड भराया जाएगा। जिससे त्योहार सकुशल संपन्न कराया जा सके। नए रूट की परमीशन नहीं होगी। रूट पर सुरक्षा व्यावस्था चाक चौबंद रहेगी।



पीस कमेटी की बैठक करते एसडीएम शैलेश दूबे व सीओ सिटी अजीत चौहान।

## त्योहारों पर पुलिस प्रशासन से सुरक्षा की मांग

मेंहदावल। मेंहदावल थाना परिसर में रविवार को दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों व डीजे संचालकों, मूर्तिकारों तथा गणमान्य लोगों के साथ पीस कमेटी की बैठक हुई। नवरात्र, दशहरा व त्योहार को देखते हुए प्रशासन ने जहां अपनी बात रखी वहीं सभी ने पुलिस प्रशासन से कड़ी सुरक्षा की मांग रखी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे उपजिलाधिकारी उत्कर्ष श्रीवास्तव ने कहा कि दुर्गा पूजा महोत्सव व दशहरे का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से हो इसके लिए सभी का सहयोग जरूरी है। एक दूसरे की भावनाओं को ध्यान में रखकर ही त्योहार मनाएं।

# शांतिपूर्ण मनाएं पर्व, निर्धारित स्थल पर होगा विसर्जन : एसडीएम

जासं, मगहर : उप जिलाधिकारी शैलेश दूबे ने कहा कि नवरात्र व दशहरा पर्व पर शांतिपूर्ण व्यवस्था कायम रखें। प्रत्येक समिति के लोग पूजा पंडाल की सुरक्षा व जुलूस के लिए 10 वालेंटियर अवश्य बनाएं। भीड़ होने पर महिला सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। निर्धारित स्थल पर ही प्रतिमा का विसर्जन करें।

उप जिलाधिकारी (एसडीएम) रविवार को मगहर पुलिस चौकी पर शांति कमेटी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित निर्देश दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी अजीत चौहान ने कहा कि कोई भी वाद विवाद होने पर सभी जिम्मेदारी आयोजक की होगी। इसके लिए दुर्गा पूजा समिति के जिम्मेदारों से प्रपत्र भरवाया जाएगा। इस दौरान पूर्व चेयरमैन नुरुज्जमा अंसारी, सभासद आतिफ ओबैद मेंहदी हसन, अब्दुल कलाम, मोहम्मद असअद, सेराज खान, कोतवाली प्रभारी सतीश सिंह, मनीष जायसवाल, आरके शर्मा, मजहरुल हक अंसारी, अशोक सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।



मगहर पुलिस चौकी पर बैठक में उपस्थित शांति कमेटी के सदस्य • जागरण

## डीजे की ध्वनि को मानक के अनुरूप रखें, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

जासं, मेंहदावल : मेंहदावल के एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी केशवनाथ ने रविवार को मेंहदावल थाने पर शांति समिति की बैठक की। इन्होंने थानाध्यक्ष रामकृपाल सिंह की उपस्थिति में दुर्गा पूजा व मूर्ति विसर्जन, दशहरा आदि पर्व को सकुशलपूर्वक संपन्न कराने के लिए आयोजकों के साथ विमर्श किए। इन्होंने कहा कि कोई नई परंपरा कायम न होने पाए, इसको लेकर पुलिस संवेदनशील है। इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट किए जाने वाले मैसेज की मानीटरिंग की जा रही है। पर्व में शांति व कानून व्यवस्था में खलल डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यदि कहीं कोई संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत पुलिस को अवगत कराएं। उनका नाम, पता गोपनीय रखते हुए त्वरित कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम के आयोजक व संचालक डीजे की ध्वनि को मानक के अनुरूप ही रखेंगे।

पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए कल होगी बैठक : संतकबीर नगर: डीएम महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एक अक्टूबर यानी मंगलवार को दोपहर के 12 बजे से बैठक होगी। इसमें दशहरा, महानवमी, विजयादशमी को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए विचार-विमर्श किया जाएगा। शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए की गई तैयारियों के बारे में चर्चा की जाएगी। इसमें एसपी, एएसपी, सभी सीओ व थानाध्यक्ष, संभ्रांत व्यक्तियों के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। एडीएम वित एवं राजस्व जय प्रकाश ने यह जानकारी दी है।

## शांति व कानून व्यवस्था को बनाए रखने में सहयोग करें आयोजक

जासं, महुली: महुली थाने में रविवार को शांति समिति की बैठक हुई। इसमें थानाध्यक्ष हरेश तिवारी ने दुर्गा पूजा, दशहरा आदि पर्व को सकुशलपूर्वक संपन्न कराने के लिए आयोजकों के साथ विचार-विमर्श किया। शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी से सहयोग करने की अपील की। थानाध्यक्ष ने कहा कि पूर्व में जहां कार्यक्रम आयोजित होते रहे हैं, वहीं पर आयोजित किए जाएंगे। केवल परंपरागत जुलूस ही निकाले जाएंगे। सभी डीजे संचालकों से बंध पत्र भरवा लिया गया है। उन्हे उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करने के लिए कहा गया है। दुर्गा पूजा, दशहरा, मूर्ति विसर्जन में इसका उल्लंघन करने पर संबंधित डीजे संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# वर्चस्व की लड़ाई में फंसा है सेमरियावां का विकास

- तीन वर्ष बाद भी क्षेत्र पंचायत सेमरियावां की नहीं हो पाई बैठक
- आज होने वाली बैठक फोर्स नहीं मिलने से पांच नवंबर तक टली

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगरः जनपद के सबसे बड़े ब्लाक सेमरियावां का विकास वर्चस्व की लड़ाई में फंसा है। तीन वर्ष बाद भी क्षेत्र पंचायत की बैठक नहीं हो पाई है। ऐसा भी नहीं है कि यहां बैठक का प्रयास नहीं हुआ, लेकिन हर बार कोई न कोई पेंच फंस गया। कभी बीडीसी नहीं आए तो कभी प्रशासन ने ही बैठक कराने से हाथ खड़ा कर दिया। बैठक को लेकर जब-जब कोशिश हुई, विवाद हो गया। 11 सितंबर को होने वाली बैठक में तो दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए थे। आरोप-प्रत्यारोप का भी दौर चला। कोरम पूरा नहीं होने के चलते बैठक स्थगित हो गयी। 30 सितंबर की प्रस्तावित बैठक को लेकर पुलिस ने हाथ खड़े कर दिए। अब बैठक पांच नवंबर को प्रस्तावित की गयी है।

मौजूदा प्रमुख और पूर्व प्रमुख की आपसी खींचतान के कारण तीन साल से सेमरियावां ब्लाक के विकास की कार्ययोजना नहीं बन पा रही है। ऐसे में क्षेत्र का विकास कार्य ठप पड़ा है। अब अविश्वास प्रस्ताव के विरोध और समर्थन में दिए गए शपथ पत्र के फर्जीवाड़े में मौजूदा प्रमुख और पूर्व प्रमुख की पत्नी समेत 55 बीडीसी पर मुकदमा दर्ज होने के बाद मामला और उलझ गया है। मुजरिम बने बीडीसी भूमिगत हो गए हैं। सभी को डर सता रहा है कि कहीं पुलिस उन्हें पकड़कर जेल न भेज दे। कहने को लड़ाई मौजूदा और पूर्व प्रमुख की है, पर्दे के पीछे कोई और है। दोनों पक्ष अपना सिक्का जमाने के लिए अपने-अपने मोहरों को आगे किया है। सेमरियावां ब्लाक में 113 ग्राम पंचायतें और 121 क्षेत्र पंचायतें हैं। ब्लाक क्षेत्र के दो लाख 42 हजार मतदाताओं ने 20 जुलाई 2021 को बीडीसी और ग्राम प्रधान का चुनाव किया था। प्रमुख, बीडीसी और प्रधानों के शपथ ग्रहण के बाद से अब तक क्षेत्र पंचायत की बैठक नहीं हो सकी है। तीन साल से विकास के लिए एक भी कार्ययोजना नहीं बन पाई। प्रमुख के शपथ ग्रहण के बाद 14 अक्टूबर 2022 और 14 फरवरी 2023 को भी क्षेत्र पंचायत की बैठक बुलाई गई थी। दोनों बार भी कोरम के अभाव में बैठक पूरी नहीं हो सकी। विभिन्न वजहों से बैठक टलती रही। 28 अगस्त को एक बार फिर क्षेत्र पंचायत की बैठक बुलाई गई थी, पुलिस भर्ती परीक्षा की वजह से बैठक नहीं हो सकी। बाद में 11 सितंबर की तिथि तय हुई, लेकिन हंगामे और विवाद के बाद कोरम के अभाव में यह बैठक भी स्थगित करनी पड़ी।

> प्रशासन क्षेत्र पंचायत की बैठक को लेकर लगातार प्रयास कर रहा है। लेकिन कोरम के अभाव में बैठक नहीं हो पा रही है। पिछले दिनों अविश्वास प्रस्ताव को लेकर दोनों पक्ष से कुछ नोटरी प्राप्त हुई थी। इसकी जब जांच कराई गई तो पता चला कि कुछ लोग दोनों पक्ष की ओर से शपथ पत्र दिए हैं। बाद में डीपीआरओ की तहरीर पर 55 बीडीसी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अब पांच नवंबर को बैठक प्रस्तावित है।
>
> महेंद्र सिंह तंवर, जिलाधिकारी



# एक लाख 40 हजार लगाया जुर्माना

संतकबीरनगर। जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में रविवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 127 वाहन स्वामियों के कागजात में कमी मिलने पर एक लाख 40 हजार जुर्माना लगाया गया। कोतवाली, बखिरा, मेंहदावल, धर्मसिंहवा, दुधारा, बेलहर, महुली और धनघटा क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना हेलमेट, बिना कागजात, सीट बेल्ट आदि का प्रयोग न करने पर 127 वाहन स्वामियों पर एक लाख 40 हजार का जुर्माना लगाया गया। संवाद

# पुलिस फोर्स के अभाव में क्षेत्र पंचायत की बैठक स्थगित

**जासं, संतकबीर नगर :** सेमरियावां ब्लाक सभागार में 30 सितंबर दिन सोमवार को दोपहर के 12 बजे से होने वाली क्षेत्र पंचायत की बैठक स्थगित हो गयी है। दुधारा के थानाध्यक्ष ने यह रिपोर्ट दी है कि आगामी पर्व के दृष्टिगत इस बैठक के लिए पर्याप्त सुरक्षा बल उपलब्ध कराना संभव नहीं है।

इसलिए इसे स्थगित कर दिया गया। बीडीओ विजय कुमार सिंह ने बताया कि अब यह बैठक ब्लाक सभागार में आगामी पांच नवंबर को दोपहर के 12 बजे होगी। इसके बारे में सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों, प्रधानों, जिला पंचायत सदस्यों को अवगत करा दिया गया है।

# सेमरियावां ब्लॉक की बैठक सुरक्षा व्यवस्था के अभाव में स्थगित

## आज होनी थी बैठक, बीडीओ ने कहा- त्योहारों का हवाला देकर दुधारा थाना प्रभारी ने असमर्थता जताई

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। सेमरियावां ब्लॉक की रविवार को प्रस्तावित बैठक आखिरकार स्थगित कर दी गई। बीडीओ ने कहा है कि त्योहारों की वजह से दुधारा थाने से पर्याप्त सुरक्षा बल नहीं मिल पा रहा है। अब यह बैठक पांच नवंबर को कराई जाएगी।

हालांकि, अविश्वास प्रस्ताव मामले में मौजूदा प्रमुख और पूर्व प्रमुख की पत्नी समेत 55 क्षेत्र पंचायत सदस्यों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज होने के बाद इस बैठक पर संकट के बादल नजर आने लगे थे। अमर उजाला ने इसे प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

सेमरियावां ब्लॉक में क्षेत्र पंचायत चुनाव के बाद से ही चर्चा में है। ब्लॉक प्रमुख चुने जाने के बाद तीन साल में इस ब्लॉक एक भी बैठक नहीं हो पाई है। इसकी वजह से विकास की कार्ययोजना भी नहीं बन सकी और क्षेत्र का विकास गति नहीं पकड़ पा रहा है। बीते 11 सितंबर

**क्षेत्र पंचायत चुनाव के बाद तीन साल में नहीं हो सकी है एक भी बैठक**

**अविश्वास प्रस्ताव मामले में 55 सदस्यों पर केस के बाद गहराया संकट**

को क्षेत्र पंचायत की बैठक बुलाई गई थी, लेकिन ब्लॉक कार्यालय के बाहर ही प्रमुख और पूर्व प्रमुख के समर्थकों के बीच विवाद हो गया। हंगामा शांत कराने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा था। उसके बाद कोरम के अभाव में बैठक स्थगित करनी पड़ी थी।

हंगामे के बाद बैठक में मात्र 60 सदस्य ही पहुंचे, जबकि नियम के मुताबिक 80 सदस्यों की मौजूदगी अनिवार्य है। इसके बाद प्रशासन ने 30 सितंबर को बैठक का एजेंडा जारी किया था। 30 सितंबर को होने वाली बैठक पर लोगों की नजरें टिकी हुई थीं। इस बीच 26 सितंबर की देर रात डीपीआरओ की तहरीर पर अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष और विपक्ष में फर्जी शपथ पत्र देने के मामले में पुलिस ने मौजूदा ब्लॉक प्रमुख मजहरुन्निशा और पूर्व ब्लॉक प्रमुख की पत्नी हाजरा खातून के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

इसके बाद प्रस्तावित बैठक पर भी संकट गहरा गया था। अमर उजाला ने 28 सितंबर के अंक में 'तीन साल से विकास कार्य ठप, केस के बाद प्रस्तावित बैठक पर भी संकट' शीर्षक से खबर प्रकाशित कर बैठक को लेकर असमंजस जताया था।


तीन साल से विकास कार्य ठप... केस के बाद प्रस्तावित बैठक पर भी संकट

28 सितंबर को प्रकाशित खबर।

> दुधारा पुलिस ने पत्र के माध्यम से सुरक्षा देने असमर्थता जताई है। प्रशासन का जो निर्णय होगा उसका पालन किया जाएगा। उम्मीद है कि प्रशासन अगली तिथि पर बैठक जरूर कराएगा।
> – मजरूहनिशा, ब्लॉक प्रमुख, सेमरियावां

**अब पांच नवंबर को बैठक होने की उम्मीद**

शुक्रवार की देर रात बीडीओ सेमरियावां विजय कुमार सिंह ने पत्र जारी कर कहा है कि क्षेत्र पंचायत की बैठक 30 सितंबर को दोपहर 12 बजे बुलाई गई थी। इस बीच दुधारा थाने के प्रभारी निरीक्षक ने पत्र भेजकर बताया है आगामी त्योहारों को देखते हुए बैठक के लिए पर्याप्त सुरक्षा बल उपलब्ध कराया जाना संभव नहीं है। इसके बाद ब्लॉक प्रमुख सेमरियावां ने 30 सितंबर को प्रस्तावित बैठक स्थगित कर दी है। अब पांच नवंबर को बैठक होने की उम्मीद है।

# 1.40 लाख रुपये समन शुल्क की हुई वसूली

**जासं, संतकबीर नगर :** जनपद की विभिन्न थानों की पुलिस व यातायात पुलिस कर्मियों ने रविवार को सार्वजनिक स्थानों पर वाहनों की जांच की। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर सख्ती दिखाई। मोटर वाहन अधिनियम के तहत 127 वाहनों से एक लाख 40 हजार रुपये समन शुल्क की वसूली की। इस कार्रवाई से वाहन चालकों में खलबली मची रही।

# शांतिभंग की आशंका में छह गिरफ्तार

संतकबीरनगर। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में रविवार को अभियान चलाकर शांतिभंग की आशंका में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया।

धनघटा पुलिस ने दो, महुली पुलिस ने एक, बखिरा पुलिस ने दो और धर्मसिंहवा पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। संवाद

# महिलाओं को किया गया जागरूक

संतकबीरनगर। मिशन शक्ति के विशेष अभियान के तहत रविवार को शहर के विभिन्न चौराहों पर महिला पुलिस कर्मियों ने महिलाओं को जागरूक किया। महिलाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नंबरों, शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्प डेस्क व कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी और पंपलेट बांटा। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ शक्ति दीदी के रूप में जुड़ कर सशक्त बनाने पर जोर दिया। संवाद

# पांच परिवारों को टूटने से बचाया

संतकबीरनगर। महिला थाने के परिवार परामर्श केंद्र पर साथ-साथ कार्यक्रम के तहत पुलिस ने पांच परिवारों के बीच पैदा हुए विवाद को समाप्त कराकर एक साथ रहने को राजी किया। इसके बाद परिवारों के बीच सुलह-समझौता कराया।

महिला थाने की एसओ सरोज शर्मा एवं नियुक्त सदस्य रिफातुल्लाह अंसारी की अध्यक्षता में पांच मामले आए। अफसाना खातून और इमरान के मध्य पारिवारिक विवाद के कारण रिश्ता टूटने के कगार पर था।

दोनों पक्षों को समझाने-बुझाने के बाद एक साथ खुशी-खुशी रहने को तैयार हुए। इसी तरह से प्रमिला देवी और राजा बाबू, रेनू और विजय, माया और नन्हे लाल, शीला देवी और विकास के मध्य पारिवारिक विवाद के कारण इनका रिश्ता टूटने की कगार पर था।

दोनों पक्षों को एक साथ रहने को राजी किया गया। दोनों पक्षों में सुलह समझौता कराया गया। संवाद

# राहत सामग्री बांटने में लापरवाही पर कार्रवाई

धनघटा। क्षेत्र के चपरा पूर्वी में कार्यरत लेखपाल विवेक रंजन को एसडीएम ने रविवार को कार्यालय से संबद्ध कर दिया।

लेखपाल पर चपरापूर्वी गांव के खालेपुरवा निवासी बाढ़ पीड़ितों ने राहत सामग्री वितरण सूची बनाने में गडबड़ी किए जाने का आरोप लगाकर तहसील पर शनिवार को प्रदर्शन किया था। बाढ़ पीड़ितों का कहना था कि लेखपाल को तत्काल हटाया जाए और जांच कराकर बाढ़ राहत सामग्री बांटी जाए। एसडीएम रमेश चंद ने बताया कि लेखपाल विवेक रंजन को तहसील से संबद्ध कर दिया गया है। पात्र व्यक्ति अगर राहत सामग्री पाने से वंचित रह गया है तो जांच कराकर सामग्री उपलब्ध दी जाएगी। संवाद

# एक वारंटी गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** एसपी के निर्देश पर पुलिस ने जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले आरोपी के खिलाफ अभियान चलाया, जिसमें धनघटा पुलिस ने गैर जमानतीय वारंट के तहत फरार चल रहे रामकेश पुत्र पराग निवासी सियर कला को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज किया। संवाद

# दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी निरस्त

**अदालत से**

**संतकबीरनगर।** अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कृष्ण कुमार पंचम की कोर्ट ने किशोरी को बहला-फुसलाकर दुष्कर्म करने के आरोपी की जमानत अर्जी सुनवाई के बाद निरस्त कर दी है।

किशोरी की मां ने बताया कि उसकी बेटी ननिहाल में रहती है। 14 अप्रैल 2024 को उसकी बेटी मेंहदावल बाजार गई थी। एक युवक अपने भाई और रिश्तेदार के सहयोग और साजिश से बहला-फुसलाकर बेटी को भगा ले गया। थाना मेंहदावल में केस दर्ज हुआ। विवेचक ने विवेचना के बाद किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने दुष्कर्म करने का आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया।

आरोपी ने कोर्ट में जमानत प्रार्थना पत्र दाखिल किया और कहा कि वह बेगुनाह व बेकसूर है। अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कृष्ण कुमार पंचम की कोर्ट ने कहा कि आरोपी पर लगाया गया आरोप गंभीर है।

सुनवाई के बाद मेंहदावल क्षेत्र के ग्राम निवासी आरोपी श्रवण कुमार उर्फ बबलू की जमानत याचिका निरस्त कर दी। संवाद

b

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-30-09-2024

# युवती को भेजा अश्लील मैसेज, युवक पर केस

परसपुर। एक गांव की रहने वाली 19 वर्षीय युवती के मोबाइल पर बार-बार फोन करने व अश्लील मैसेज भेजने के मामले में मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक आकाश कुमार मिश्रा के खिलाफ आईटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। युवती की मां ने रिपोर्ट में कहा है कि क्षेत्र का एक व्यक्ति माह भर से नम्बर बदल-बदलकर उसकी बेटी के मोबाइल पर बार बार अश्लील मैसेज भेजने के साथ फोन करके परेशान कर रहा है।

# शांति भंग की आशंका में तीन गिरफ्तार

रुपईडीह। पुलिस ने दो गांव के तीन लोगों को शांति भंग की आशंका के चलते गिरफ्तार करके चालान भेजा है। प्रभारी निरीक्षक थाना कौड़िया दुर्ग विजय सिंह ने बताया कि क्षेत्र के कुर्बान निवासी सावटपुरवा कल्याणपुर, सुशांत मिश्रा,व आदित्य मिश्रा निवासीगण उमरा को शांति भंग की आशंका के चलते उप निरीक्षक अमरजीत सोनकर, अनिल कुमार यादव ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा।

# छपिया पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को दबोचा

छपिया। नाबालिग बालिका को बहाल फुसला कर भगाने और दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया है। एस ओ कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि आरोपी आनंद कुमार निवासी पसियन पुरवा थाना वजीरगंज को चौकी प्रभारी मसकनवा तेज नारायण गुप्ता ने मनीपुर ग्रंट जाने वाली सड़क से गिरफ्तार किया गया।

# युवती से छेड़छाड़ करने पर केस दर्ज

खरगूपुर। युवती के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने एक युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी युवती ने थाने पर दर्ज कराए गए मुकदमें में आरोप लगाया है कि बीती शाम रात वह पिपरा बाजार गांव में बरही संस्कार में शामिल होने के लिए गयी थी। वहां इसी गांव के आरोपित भरत सिंह पुत्र गजराज सिंह भी आया हुआ था।आरोप है कि उसने नशे की हालत में पीड़िता से उसका मोबाइल मांगा और काफी देर तक उसे घूरता रहा। इसकी जानकारी घर पहुंचकर उसने परिजनों को दी। प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी भरत सिंह के विरुद्ध छेड़छाड़ के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# केमिकल डालकर लूट का प्रयास

तरबगंज, संवाददाता। थाने से महज एक किलोमीटर की दूरी असलहों से लैस तीन बदमाशों ने घर के बाहर बैठे अधेड़ के आंख में केमिकल झोंककर लूट का प्रयास किया। हालांकि पीड़ित के शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए जिसके बाद बदमाशों को उल्टे पांव भागना पड़ा।

घटना थाना क्षेत्र के सोझिया नयेपुरवा राजमार्ग की है। जहा रविवार को दोपहर राममणि पाण्डेय के घर पर अचानक अवैध असलहा से लैस तीन बदमाश आ धमके। दरवाजे पर बैठे अधेड़ पीड़ित को असलहा दिखाकर धमकाया, फिर आंख में केमिकल झोंक दिया। बक्से की चाबी छीनकर बदमाश घर के अंदर प्रवेश कर गए। हालांकि शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। जिससे बदमाशों को उल्टे पांव वापस लौटना पड़ा। पीड़ित सेझिया में घर बनाकर अकेले रहता है। जिसका फायदा उठाते हुए लूट का प्रयास किया गया है। थाना अध्यक्ष राजेश सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# महिला से छेड़छाड़ में तीन पर केस दर्ज

अलावल देवरिया। मोतीगंज थानाक्षेत्र की एक महिला ने न्यायालय के आदेश पर एक नामजद व दो अज्ञात के विरुद्ध छेड़छाड़ व अश्लील हरकतें करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। क्षेत्र की एक महिला ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि वह शौच के लिए गांव के बाहर गन्ने की खेत की ओर गई थी। उसे अकेली पाकर मंसाराम वर्मा निवासी ग्राम पिपरा लालच व दो अज्ञात लोगों ने बदनीयती से गन्ने के खेत में खींचने की कोशिश की।

# दंपति को पीटने में पिता-पुत्र के खिलाफ मुकदमा

परसपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम चंदापुर गुरेटी की पुष्टम उर्फ किरन सिंह ने घरेलू विवाद में अपने जेठ देशराज सिंह व उनके पुत्र पर घर चढ़कर अपशब्द कहते हुए पिटाई का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि आरोपी जेठ व उसके बेटे पर केस दर्ज हुआ है।



रविवार को शिक्षक नेता से मिलने पहुंचा प्रतिनिधि मंडल।

# हमलावरों की गिरफ्तारी की उठाई मांग

गोण्डा। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघके प्रदेश पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधि मण्डल रविवार को राजेश कुमार पाण्डेय के आवास जानकी नगर, रानी पुरवा पर पहुंचकर उनके ऊपर 22 सितंबर की रात को हुए हमले की जानकारी प्राप्त कर घटना की निन्दा की। साथ ही एक प्रेस वार्ता कर हमलावरों की शीघ्र गिरफ्तार की मांग उठाई गई।

# चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

रुपईडीह। पुलिस ने रविवार को करीब छह माह पहले कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बनगाई में हुई चोरी का सामान एलसीडी टीवी व बैटरी के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। प्रभारी निरीक्षक थाना कौड़िया दुर्ग विजय सिंह ने यह जानकारी दी है।

कौड़िया के बनगाई में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय रुपईडीह से करीब 6 माह पहले चोर एलसीडी टीवी व बैटरी उठा ले गए। जिसकी शिकायत विद्यालय की वार्डन नीलम सिंह ने पुलिस से की थी। चौकी प्रभारी आर्य नगर राजेश कुमार दुबे, कांस्टेबल सत्येंद्र कुमार यादव व होमगार्ड रविंद्र कुमार मिश्रा ने चोरी के आरोप में सुनील कुमार पुत्र प्रभुनाथ निवासी भुलईडीह थाना खरगूपुर को चोरी के समान एलसीडी टीवी व बैटरी के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा।

# पंचायत सचिव सहित दो पर मुकदमा दर्ज

धानेपु। न्यायालय के आदेश पर धानेपुर पुलिस ने सेक्रेटरी सहित दो लोगों के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज दर्ज किया है।

ग्राम पंचायत कोनिया बनकट के रहने वाले बुधराम के मुताबिक उसके विपक्षी हरिनरायन पुत्र राजमुनि उर्फ राजमनी व चेतराम वर्मा पंचायत सेक्रेटरी ने मिलीभगत कर जालसाजी करते हुए परिवार रजिस्टर में हेराफेरी करते हुए नाम दर्ज कर दिया गया है। आरोप लगाया है कि उसकी भूमि को हड़प लेना चाहते हैं। जिस पर न्यायालय ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने का आदेश दिया है। थानाध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर दो लोगों के खिलाफ जालसाजी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। और अन्य विधिक कार्रवाई प्रचलित है।

# दुष्कर्म का आरोपी पकड़ा गया

गोंडा। नगर कोतवाली पुलिस ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने और दुष्कर्म के आरोपी विशाल विश्वकर्मा पुत्र घनश्याम विश्वकर्मा निवासी सरौनी पश्चिमी पट्टी थाना केराकत जनपद जौनपुर को दुखहरण नाथ मंदिर के पास से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि बीते 19 अगस्त को कोतवाली नगर क्षेत्र की महिला ने तहरीर दी थी कि उसकी नाबालिग पुत्री को विशाल विश्वकर्मा बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। वह टोरण्ट गैस सर्विस गोण्डा में काम करता है। महिला की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। इसकी विवेचना उप निरीक्षक अंगद कुमार सिंह को सौंपी गई थी। रविवार को विशाल विश्वकर्मा को पुलिस टीम ने दुखहरणनाथ मंदिर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

# दुर्गापूजा में साउंड और डीजे की आवाज धीमी रखें

नवाबगंज/करनैलगंज। शारदीय नवरात्र, रामलीला व दशहरा पर्व के मद्देनजर कोतवाली करनैलगंज में और नवाबगंज थाने में पीस कमेटी बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम भारत भार्गव व सीओ उमेश्वर प्रभात सिंह ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहारों को संपन्न करने के लिए आयोजकों के साथ चर्चा कर जरूरी दिशा निर्देश दिया। नवाबगंज थाना परिसर में रविवार को हुई बैठक में प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह आयोजकों से आग्रह किया की सद्भाव और भक्ति के माहौल में दुर्गा पूजा समपन्न कराए। पूजा समिति के पदाधिकारी साउंड और डीजे की ध्वनि का वाल्यूम सीमित रखें। सभी



नवाबगंज में रविवार को आयोजित बैठक में मौजूद लोग।

पूजा पंडालो पर अग्निशमन की भी व्यवस्था हो। कमेटी के पदाधिकारी वालेंटियर के तौर पर शाम के समय पंडालों में उमड़ने वाली भीड़ को नियत्रित करने मे सहयोग करें। बैठक मे थानाक्षेत्र मे आयोजित होने वाली 179 पूजा मडंली में से अधिकांश के पदाधिकारी रहे। इस मौके पर

- दुर्गापूजा व दशहरा को लेकर बैठक आयोजित
- सीओ ने की अपील, न करें आयोजनों में डीजे का प्रयोग

अपराध निरीक्षक राधेश्याम यादव, चौकी प्रभारियों में संजीव सिंह, उमेश सिंह, एसआई अन्तिमा सिंह, व्यापार मंडल के पदाधिकारियों में देवेन्द्र सिंह सचदेवा, सरदार जिन्दर सिंह, प्रधान पवन सिंह, रिंकू बाबा, सभासद सीताराम गुप्ता, विनोद लोहिया,मधुकर गुप्ता वीरू, अंकुर गुप्ता, शिशिर कुमार, मनीष गुप्ता समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहें। करनैलगंज में सीओ उमेश्वर प्रभात सिंह ने आयोजन में डीजे का प्रयोग न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि बूढ़े, बीमार व गर्भवती महिलाएं डीजे की आवाज से सहम जाते हैं। ऐसा कोई काम न करें जिससे दूसरों को तकलीफ पहुंचे। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रामजीलाल मोदनवाल, पूर्व चेयरमैन शमीम अहमद अच्छन, रामलीला कमेटी अध्यक्ष मोहित पाण्डेय, आशीष गिरि, डॉ रतन शुक्ल, पिंटू मिश्रा, कल्लू गुप्ता, विश्वनाथ साह, शिव पूजन गोस्वामी, अन्नू बाबा, कन्हैया लाल वर्मा, कामता नाथ वर्मा, जुबेर राईनी, मोहम्मद अहमद, शाबिर सिद्दीकी, शिवा भट्ट सहित नगर व ग्रामीण क्षेत्र के दुर्गापूजा समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

रुपईडीह (गोंडा)। कौड़िया थाने की पुलिस ने चोरी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी आर्यनगर राजेश कुमार दूबे ने बताया कि अभियुक्त सुनील कुमार चौधरी निवासी भुलईडीह कमड़ावां थाना खरगूपुर के खिलाफ गत दिनों मुकदमा पंजीकृत हुआ था। सिपाही सत्येंद्र यादव, रविंद्र कुमार मिश्र ने उसको ईंट भट्ठे के पास पकड़ा है। (संवाद)

## युवती के अपहरण का केस दर्ज

**भंभुआ (गोंडा)।** कोतवाली करनैलगंज अंतर्गत एक गांव निवासी महिला की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध युवती के अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में कहा गया है कि उसके पति बीमार थे। बीते 22 सितंबर को वह अपने पति का इलाज कराने अस्पताल गई थी। उसकी 18 वर्षीय पुत्री घर पर थी। बेटी नित्यक्रिया के लिए गई थी, मगर वापस घर नहीं लौटी। काफी खोजबीन की गई, लेकिन कहीं उसका पता नहीं चला। पीड़िता ने मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई किये जाने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। (संवाद)

## सागौन की लकड़ी बरामद, छह पर केस

**मनकापुर (गोंडा)।** मनकापुर टिकरी वन रेंज के लिदेहना बीट प्रभारी राजकुमार मिश्र ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें कहा कि टीम के साथ रात्रि गश्त के दौरान लिदेहना बीट में पेड़ काटने की आवाज सुनाई दी। जब मौके पर पहुंचे तो सर्वेश कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह, राहुल सिंह, सुरेंद्र व दो अन्य लोग निवासी ग्राम लीदेहना दुर्जनपुर भाग गए। जिन्हें टॉर्च की रोशनी में पहचान लिया गया। मौके पर नौ बोटा सागौन की लकड़ी व दो मोबाइल बरामद हुए। कोतवाल संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि बीट प्रभारी की तहरीर पर चार नामजद व दो अज्ञात लोगों के खिलाफ वन संरक्षण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# शराब की दुकानों पर छापेमारी, संचालकों में खलबली

संसू, जागरण • झंझरी: आबकारी व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने शराब की दुकानों पर छापेमारी की। खुले में शराब पी रहे लोगों को सख्त हिदायत दी जा रही है।

मोतीगंज कस्बे में देशी शराब की दुकान है। यहां शराब खरीदने के बाद खुले में ही उसका सेवन किया जाता है। आबकारी व पुलिस विभाग के जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। यही हाल दर्जीकुआं चौराहे से 200 मीटर दूर मनकापुर मार्ग पर भी खुले में शराब पी जाती है। विश्वनागा गांव के पास संचालित

**जागरण प्रभाव**

**आदेश रहे बेअसर, शराब की दुकानों छलकाए जा रहे जाम**



28 सितंबर को प्रकाशित खबर

दुकान के सामने भी खुले में शराब पी जाती है। कई बार नशे की हालात में राहगीर से मारपीट की जाती है। इसको लेकर दैनिक जागरण ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी, इसके बाद शनिवार को आबकारी विभाग की टीम ने छापेमारी की थी। दुकानदारों को हिदायत दी गई थी। रविवार को मोतीगंज पुलिस ने शराब की दुकानों पर छापेमारी की। खुले में शराब पी रहे लोगों को कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। प्रभारी निरीक्षक अनीता यादव ने कहा कि शराब दुकानों का निरीक्षण किया गया है। खुले में शराब पीने वालों को हिदायत दी गई है।

# अब माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष समेत नौ पर मुकदमा

संसू, जागरण• गोंडा : शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कालेज (टामसन) तिराहे पर मारपीट के मामले में नया मोड़ आ गया है। रानीपुरवा जानकीनगर निवासी उदय कुमार पांडेय ने मारपीट के मामले में माध्यमिक शिक्षक संघ (चेत नरायन गुट) के जिलाध्यक्ष राजेश पांडेय समेत नौ आरोपितों के विरुद्ध नगर कोतवाली में मुकदमा कराया है। इससे पहले 23 सितंबर को जिलाध्यक्ष ने उदय कुमार पांडेय, उनके पुत्र, गनर समेत सात लोगों पर मारपीट का मुकदमा कराया था।

रानीपुरवा जानकीनगर निवासी व भारतीय जन समस्या निवारण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय पांडेय ने कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत मेहनौन विधानसभा के कुछ गांवों में सदस्य बनाने गए थे। वहां से शाम को लौटकर लखनऊ जा रहे थे। 22 सितंबर की रात करीब साढ़े नौ वह शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंका तिराहे पर नाश्ता करने के लिए रुके। आरोप लगाया कि इसी बीच नशे में राजेश पांडेय व उनके बेटे आयुष पांडेय व अन्य सात लोग आ गए और अभद्रता की। जान से मारने की धमकी दी। इसका वीडियो उनके पास है। किसी तरह से भाग कर वह अपनी गाड़ी में बैठ गए। गाड़ी के आगे खड़े होकर गाड़ी रोकने लगे। इससे पहले जिलाध्यक्ष राजेश पांडेय ने उदय कुमार पांडेय, उनके पुत्र नितिन पांडेय, प्राइवेट गनर के साथ अन्य पर नाला निर्माण को लेकर पुरानी रंजिश में पिटाई करने का मुकदमा कराया था। नगर कोतवाल मनोज पाठक ने कहा कि राजेश पांडेय की तहरीर पर पूर्व में मुकदमा किया गया था। अब उदय कुमार पांडेय की तहरीर पर राजेश पांडेय, उनके पुत्र आयुष पांडेय व सात अज्ञात आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा किया गया है।

**जिलाध्यक्ष से मिला प्रतिनिधि मंडल, आरोपितों के गिरफ्तारी की मांग- गोंडा :** माध्यमिक शिक्षक संघ (चेत नरायन गुट) के प्रतिनिधि मंडल ने जिलाध्यक्ष राजेश पांडेय से उनके जानकीनगर रानीपुरवा स्थित आवास पर मुलाकात की। घटना की निंदा किए जाने के साथ ही आक्रोश व्यक्त किया। एक सप्ताह में आरोपितों के गिरफ्तारी की मांग की है। प्रदेश महामंत्री अनिरुद्ध त्रिपाठी की अगुवाई वाले प्रतिनिधि मंडल ने घटना की जानकारी प्राप्त की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि रविवार की रात साढ़े नौ बजे शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कालेज तिराहा पर जानकीनगर रानीपुरवा के उदय कुमार पांडेय, उनके पुत्र नितिन पांडेय, प्राइवेट गनर व अन्य साथियों के साथ मिलकर मारापीटा। बंदूक के बट से भी मारा। उन्होंने फोन करके बेटे आयुष को बुलाया तो उनके पैर पर भी आरोपितों ने गाड़ी चढ़ा दी। उनके बेटे को कुचलने का प्रयास किया गया। प्रदेश महामंत्री ने कहा कि जिलाध्यक्ष से मारपीट किए जाने से शिक्षकों में आक्रोश है। तत्काल आरोपितों की गिरफ्तारी की जाए। प्रदेश उपाध्यक्ष मार्कण्डेय सिंह, नरेंद्र सिंह व प्रदेश मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि शिक्षक के साथ मारपीट किए जाने की घटना निंदनीय है, इसमें पुलिस प्रभावी कार्रवाई करें। प्रतिनिधि मंडल में आजमगढ़ के मंडल अध्यक्ष शैलेश सिंह, देवीपाटन मंडल के अध्यक्ष श्रवण कुमार तिवारी, जिलाध्यक्ष बहराइच ललित दीक्षित, राजेश सिंह व अखंड प्रताप सिंह शामिल रहे।

**22** सितंबर को शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंका (टासमन) तिराहे पर हुई थी मारपीट

**23** सितंबर को जिलाध्यक्ष ने भाजपा नेता समेत सात के विरुद्ध दर्ज कराई थी एफआइआर



रानीपुरवा में घटना की जानकारी लेते माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री • जागरण

# युवती के अपहरण में चार पर केस

**मनकापुर (गोंडा)।** युवती को अगवा करने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ अपहरण सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित महिला ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि गैलन ग्रंट जमुनहा निवासी सुनील कुमार, फतई, राजू, राकेश शुक्रवार रात 10 बजे घर पर आए और उसकी लड़की को बोलेरो में जबरन बैठाकर अगवा कर ले गए। इसके पूर्व बीती 14 सितंबर को उसकी लड़की के साथ उक्त गांव के सुनील कुमार, राजू गुप्ता, राकेश कुमार गुप्ता, प्रदीप गुप्ता ने छेड़खानी करके उठा ले जाने की धमकी दी थी। जिसमें छेड़खानी व धमकी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कोतवाल संतोष मिश्र ने बताया कि रविवार सुबह लड़की को बरामद कर लिया गया है। चारों आरोपियों की तलाश की जा रही है। (संवाद)

# भाजपा नेता से मारपीट में शिक्षक नेता समेत आठ पर मुकदमा

## टॉमसन चौराहे पर 22 को हुई थी मारपीट, भाजपा नेता पर पहले दर्ज हुआ था केस

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। नगर कोतवाली क्षेत्र के टॉमसन चौराहे पर 22 सितंबर को हुई मारपीट मामले में एक और एफआईआर दर्ज हुई है। नगर कोतवाली में भाजपा नेता उदय पांडेय ने विधायक मेहनौन विनय द्विवेदी के बहनोई और शिक्षक नेता राकेश पांडेय, उनके बेटे आयुष व सात अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

अमर उजाला फॉलोअप

इसके पूर्व उदय पांडेय के खिलाफ पुलिस एफआईआर दर्ज कर चुकी है। वहीं शिक्षक नेता राजेश पांडेय ने कहा कि पुलिस को उनकी एफआईआर में कार्रवाई करनी चाहिए।

रानीपुरवा जानकीनगर निवासी उदय पांडेय ने आरोप लगाया कि वह 22 सितंबर की सुबह लखनऊ से भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत मेहनौन विधानसभा के ग्राम घरकनपुरवा बुजैना कला व अन्य गांव में सदस्य बनाने गये थे। शाम को लौटकर लखनऊ वापस जा रहे था, उसी दिन रात 09.35 बजे के करीब टॉमसन चौराहे पर नाश्ता करने के लिए रुके। कुछ ही देर बाद राजेश पांडेय, उनके पुत्र आयुष पांडेय और अन्य 7 लोग निवासी रानीपुरवा जानकीनगर गाली देने लगे। उन्होंने जान से मारने की धमकी दी और गाली-गलौज की। उसके बाद मारने लगे, फिर किसी प्रकार से गाड़ी भगाकर जान बचाई। नगर कोतवाल मनोज पाठक ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### शिक्षक संघ ने बैठक कर बनाई रणनीति



जानकीनगर स्थित आवास पर राजेश पांडेय का हालचाल जानने पहुंचे माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री व अन्य। स्रोत: संगठन

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षक नेता राजेश पांडेय के रानीपुरवा आवास पर बैठक की। जिला मंत्री अखंड प्रताप सिंह ने आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग किया। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश महामंत्री अनिरुद्ध तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष मारकंडेय सिंह, प्रदेश मंत्री राकेश सिंह, मंडल अध्यक्ष आजमगढ़ शैलेश सिंह, जिलाध्यक्ष बहराइच ललित दीक्षित, जिला मंत्री बहराइच राजेश सिंह, मंडल अध्यक्ष देवीपाटन श्रवण कुमार तिवारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह आदि रहे। प्रदेश महामंत्री ने कहा कि आरोपितों की गिरफ्तारी न होने पर राज्य स्तर पर आंदोलन होगा।

# 41 पुलिसकर्मियों का तबादला

गोंडा। एसपी विनीत जायसवाल ने 41 पुलिसकर्मियों की तैनाती में फेरबदल किया है। पुलिस लाइन में तैनात नौ मुख्य आरक्षियों को एएसपी पश्चिम की पेशी के साथ ही थानों में तैनाती दी है। गैर जनपद से आए अमित पाठक को सर्विलांस सेल में तैनाती दी है। इसके अलावा थानों में तैनात चार मुख्य आरक्षियों व 28 आरक्षियों की तैनाती में भी बदलाव किया है। (संवाद)

# नशे में युवती को घूरा, मोबाइल मांगा, मुकदमा दर्ज

खरगूपुर (गोंडा)। युवती को नशे की हालत में काफी देर तक घूरने व उसका मोबाइल मांगने के मामले में पुलिस ने एक युवक के विरुद्ध छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज किया है। घटना स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव की है।

गांव निवासी एक युवती ने आरोप लगाया है कि रात में वह पिपरा बाजार में बेचू सिंह के यहां बरही संस्कार में गई थी। वहां इसी गांव का आरोपी भरत सिंह भी आया था। आरोप है कि उसने नशे की हालत में पीड़िता से पहले उसका मोबाइल मांगा और मोबाइल न देने पर आरोपी गलत नजर से काफी देर तक उसे घूरता रहा। जिसकी जानकारी घर पहुंचकर उसने परिजनों को दी।

प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी भरत सिंह ने विरुद्ध छेड़छाड़ के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। विवेचना कर कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-30-09-2024

# अवैध कब्जा हटवाने को सीएम से लगाई गुहार

उतरौला। विकास खंड श्रीदत्तगंज के ग्राम अगया बुजुर्ग निवासनी मुन्नी देवी पत्नी राम गोपाल ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर घर के सहन दरवाजे पर एक व्यक्ति द्वारा किए गए अवैध कब्जा को हटवाए जाने की गुहार लगाई है। पीड़िता बताया कि इससे पहले आलाधिकारियों से फरियाद लगाई गई, लेकिन उसे न्याय नहीं मिला। उन्होंने सीएम से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

# बेतरतीब ढंग से चल रहे ई-रिक्शा, परेशानी

उतरौला। नगर में बहुतायत की संख्या में ई-रिक्शा का संचालन हो रहा है। इसमें अधिकतर ई-रिक्शा चालक बेतरतीब ढंग से फर्राटे भर रहे हैं, जिसके चलते कस्बे के मुख्य मार्ग व विभिन्न चौराहों पर जाम की समस्या बनी रहती है। आलम यह है सामने से आ रहे वाहनों से भिड़न्त हो जाने से लोग चोटिल हो जाते हैं। उन्होंने ई-रिक्शा का रूट निर्धारित करने की मांग की है।

# महिलाओं को किया जागरूक

बलरामपुर : मिशन शक्ति फेज-4 के तहत बेटियों व महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने को अभियान चलाया गया। सेल्फ डिफेंस व वूमेन पावर लाइन 1090, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 आदि की जानकारी दी गई। (जासं)

# अपनों के अंतिम दर्शन को राह निहार रहीं गमगीन आंखें

अमित श्रीवास्तव • जागरण



बेलहसा गांव में मृतका कमला देवी के घर में शोकाकुल परिवारजन एवं ग्रामीण • जागरण

बलरामपुर: जगन्नाथपुरी तीर्थ यात्रा से लौट रही यात्रियों से भरी बस उड़ीसा के बालासोर जिले के जलेश्वर थाना क्षेत्र में पलट जाने से बस में सवार गौरा चौराहा के पिपरा गांव निवासी राजेश कुमार मिश्र व बेलहसा गांव निवासिनी कमला देवी की मौत हो गई थी। अब तक मृतकों के शव घर नहीं पहुंचे हैं। स्वजन का रो-रोकर हाल बेहाल है। हर पल अपनों को खोने के गम में घर वाले आंसू बहा रहे हैं। फोन की घंटी बजने पर यही अहसास होता है कि शवों के आने की सूचना है। वहीं कई परिवार पल-पल उड़ीसा के अस्पतालों में भर्ती अपने स्वजन का हाल जानने को बेचैन हैं।

**पति के हाथों मुखाग्नि भी नहीं नसीब:** बेलहसा गांव निवासी राम पुद्दन यादव व उनकी पत्नी कमला देवी एक साथ तीर्थयात्रा को गए थे। भगवान के दर्शन तो साथ कर लिए, लेकिन नहीं पता था कि यह तीर्थयात्रा उनके दांपत्य जीवन की अंतिम यात्रा बन जाएगी। जलेश्वर में बस पलटने से कमला दवी की मौत हो गई, तो राम पुद्दन घायल हो गए। उनकी आंखों के सामने जीवनसाथी का साथ छूट गया। अग्नि के सात फेरे लेकर जिसे अपनी पत्नी बनाया, मरणोपरांत उन्हें मुखाग्नि देना भी नसीब नहीं हुआ। कारण, घायल होने के कारण राम पुद्दन उड़ीसा के अस्पताल में ही भर्ती हैं। मृतका के पुत्र राम सागर यादव ने बताया कि रविवार देर रात तक मां का

## फॉलोअप

शव आने की उम्मीद है। सोमवार की सुबह अंत्येष्टि होगी। शव सुरक्षित रखने के लिए बिस्कोहर बाजार से बाडी चिलर लाया गया है। अंतिम संस्कार के लिए अन्य सामग्री की खरीदारी कर सभी तैयारियां कर ली गई है। पिता राम पुद्दन भी घायल हैं। ऐसी दशा में पुत्र के द्वारा ही माता को मुखाग्नि देने की तैयारी है। पीड़ित परिवार को ढांढ़स बंधाने के लिए ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही।

**बेटे से मिली पति के मौत की खबर:** पिपरा गांव निवासी राजेश मिश्र अपने 14 वर्षीय बेटे तुषार मिश्र को साथ लेकर यात्रा पर गए थे। शनिवार सुबह तुषार ने मां पुष्पा देवी और चाचा अवधेश व बृजेश को फोन से पिता की मौत की सूचना दी थी। पुष्पा अपने छोटा बेटे सात वर्षीय सागर को चिपका कर दहाड़े मारकर रो रही है। पति के शव आने की राह देखते उनकी आंखे पथरा गई हैं। मृतक के भाई अवधेश ने बताया कि अंतिम संस्कार की तैयारी की जा रही है।

**इनका उड़ीसा में चल रहा इलाज:** गौरा मिश्रौलिया गांव निवासिनी मूला यादव पत्नी राज कुमार यादव, शांति यादव पत्नी ननकने यादव, वीरपुर पोखरा गांव के कपूर सिंह पुत्र मनोज सिंह, उनकी पत्नी हेमलता सिंह, पिपरा घाट निवासी तुषार मिश्र पुत्र राजेश मिश्र, बिट्टा देवी पत्नी राम प्रसाद यादव, राम प्रसाद यादव पुत्र भल्लू यादव निवासी भगवतपुर भगोसर, संजीवन यादव पुत्र संपत यादव निवासी सहियापुर कठेर, पुद्दन यादव निवासी बेलहसा व बुधई लाल गुप्त पुत्र राम सुंदर गुप्त निवासी आदमतारा पचपेड़वा दुर्घटना में घायल हुए है। सभी का इलाज उड़ीसा के अस्पताल में चल रहा है।

# पांच मामले निस्तारित

बलरामपुर : एसपी कार्यालय में रविवार को परिवार परामर्श केंद्र में पांच पारिवारिक मामले निस्तारित किए गए। महिला थाना प्रभारी विनीता चतुर्वेदी ने बताया कि कोतवाली की पूनम बनाम पारस नाथ, इरफान बनाम तसरीकुन, तुलसीपुर की शरीफुन्निशा बनाम शफीक, ललिया की सुशीला बनाम रवि प्रताप व उतरौला की शहाना बनाम कलीम की सुलह कराई गई। परामर्शदाता अरुण, वंदना, देवतादीन दुबे, गुलअफ्शा, हेमा व ज्योति मौजूद रहे। (जासं)

# पिंजरे तक नहीं आया तेंदुआ, विभाग ने 18 दिन के बाद बदल दिया स्थान

## गांव में दहशत आक्रोशित ग्रामीणों ने की थी जगह बदलने की मांग

संवादसूत्र, जागरण • गैंसड़ी (बलरामपुर): 18 दिन बाद अंततः वन विभाग को पिंजरा का स्थान बदलना पड़ा। हलौरा और बदरपुर मार्ग पर पिंजरा लगाया गया था लेकिन, तेंदुआ वहां तक नहीं आया। सिर्फ एक दिन पिंजरे तक आया था और उसका चक्कर काट कर चला गया था। ग्रामीणों ने पिंजरा का स्थान बदलने की मांग की थी।

रविवार को वन कर्मियों ने हलौरा के दक्षिण इंदगाह के पास रफीक लाला और पिंटू के बाग के बीच में पिंजरा लगाया है। ग्रामीणों का मानना है कि तेंदुए की आमद यहां पर ज्यादा है। ग्रामीणों ने ट्रैकिंग कैमरा लगाने की मांग की है। वह अक्सर इसी परिधि में प्रवास कर रहा है। सोहेलवा वन्य जीव प्रभाग के जनकपुर रेंज के हलौरा में करीब डेढ़ माह से तेंदुए के आने से दहशत बनी है।

वन विभाग ने 11 सितंबर को हलौरा के बाहर उत्तर दिशा में हलौरा और बदलपुर मार्ग मोड पर पिंजरा लगाया था। इस बीच सिर्फ एक दिन तेंदुआ पिंजरे के पास आया और अंधर बंधी बकरी को पीछे से पकडने का प्रयास करने लगा जिससे पिंजरे का फाटक बंद हो गया था। उसके बाद तेंदुए ने रास्ता बदल लिया। ग्रामीण रफीक ने बताया कि तेंदुआ आए दिन इंदगाह के पास देखा जाता है। वह रात को गांव के पास घूमता रहता है।

ग्रामीण अपने जानवरों को घर के अंदर बांधते हैं। शाम छह बजे के बाद घर से बाहर कोई भी नहीं निकलता है। इरशाद मास्टर ने बताया कि पिंजरा तो लग गया है लेकिन, तेंदुआ पिंजरे में कैद नहीं हो पा रहा है। ट्रैकिंग कैमरा से उसकी गतिविधि का पता लगता।

वन क्षेत्राधिकारी अमरजीत प्रसाद ने बताया कि पहले भी ग्रामीणों के कहने पर ही पिंजरा गांव की उत्तर दिशा में लगाया गया था। कुछ दिनों से तेंदुए की सक्रियता गांव के दक्षिण में देखे जाने से पिंजरा दक्षिण इंदगाह के पास लगाया गया है। कैमरा भी कल तक लग जाएगा। ग्रामीणों सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है।



हलौरा गांव में पिंजरा लगाते हुए वन विभाग की टीम • जागरण

• वन कर्मियों ने हलौरा के दक्षिण ईदगाह के पास एक बाग के बीच में लगाया पिंजरा

# ओडिशा में हादसे में मृत दोनों श्रद्धालुओं का अंतिम संस्कार आज

**बलरामपुर।** ओडिशा में बस दुर्घटना में जान गंवाने वाले जिले के दोनों श्रद्धालुओं के शव रविवार रात उनके पैतृक गांव पहुंच जाएंगे। सोमवार सुबह उनका अंतिम संस्कार होगा।

गौरा चौराहा थाना क्षेत्र से पिपरा बाजार निवासी राजेश कुमार मिश्र 20 लोगों को बस से तीर्थयात्रा कराने ले गए थे। जगन्नाथपुरी से लौटते समय शुक्रवार रात ओडिशा के बालासोर में बस पलट गई थी। हादसे में राजेश कुमार मिश्र के साथ ही ग्राम बेलहसा की कमला देवी की मौत हो गई थी। गौरा चौराहा व पचपेड़वा क्षेत्र के 10 श्रद्धालु घायल हो गए थे।

शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद ओडिशा से दोनों शव एंबुलेंस से बलरामपुर भेजे गए थे। रविवार को पूरे दिन दोनों मृतकों के घर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों की भीड़ जुटी रही। गौरा चौराहा इंस्पेक्टर सत्येंद्र वर्मा ने बताया कि देर रात शव गांव पहुंच जाएंगे। सोमवार सुबह दोनों का अंतिम संस्कार किया जाएगा। (संवाद)

# 18 दिन बाद भी नहीं फंसा तेंदुआ, बदला गया पिंजरे का स्थान



बलरामपुर में हलौरा गांव के पास लगा पिंजरा। संवाद

जरवा (बलरामपुर)। सोहेलवा वन्य जीव प्रभाग के तुलसीपुर रेंज अंतर्गत हलौरा गांव में डेढ़ माह से तेंदुए की दहशत है। तेंदुए को पकड़ने के लिए गांव में पिंजरा लगाया गया, लेकिन 18 दिन बाद भी तेंदुआ कैद नहीं हो सका। अब वन विभाग ने पिंजरे को दूसरे स्थान पर लगाया है। ग्रामीणों ने वन विभाग से गांव में कैमरा लगवाए जाने की मांग की है।

**ग्रामीणों ने वन विभाग से की पिंजरे के आसपास कैमरा लगवाने की मांग**

ग्रामीण रफीक, इरशाद मास्टर, लाला व पिंटू आदि ने बताया कि सोहेलवा वन्य जीव प्रभाग के तुलसीपुर रेंज अंतर्गत हलौरा गांव में डेढ़ माह से तेंदुए का आतंक व्याप्त है। ग्रामीणों की मांग पर वन विभाग ने गांव के बाहर उत्तर दिशा में बदलपुर मोड़ के पास 18 दिन पहले पिंजरा लगाया था। तेंदुआ एक रात पिंजरे के पास आया और पिंजरे में बंद बकरी को पकड़ने का प्रयास किया।

पिंजरे का फाटक तो बंद हो गया, लेकिन तेंदुआ कैद नहीं हो सका। ग्रामीणों की मांग पर वन विभाग ने स्थान बदलते हुए रविवार को पिंजरा गांव के दक्षिण तरफ ईदगाह के पास लगवा दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पिंजरे के आसपास कैमरे लगा दिए जाएं तो तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखी जा सकती है। (संवाद)

- तुलसीपुर रेंज के रेंजर अमरजीत प्रसाद ने बताया कि पहले गांव के उत्तर तरफ पिंजरा लगाया गया था। अब ग्रामीणों के कहने पर पिंजरा गांव के दक्षिण की तरफ लगा दिया गया है। तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए जल्द ही पिंजरे के पास कैमरे लगाए जाएंगे।

# सागौन की लकड़ी के साथ एक गिरफ्तार

**हरैया सतघरवा (बलरामपुर)।** वन विभाग के बनकटवा रेंज व एसएसबी नौवीं वाहिनी खंगरा नाका की संयुक्त टीम ने तीन बोटा जंगली सागौन की लकड़ी बरामद की है। लकड़ी के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार किया गया है, जबकि दो लोग फरार हो गए। एसडीओ माता बख्श सिंह ने रविवार को बताया कि सोहेलवा वन्यजीव प्रभाग के बनकटवा रेंज तथा नौवीं वाहिनी एसएसबी खंगरा नाका की संयुक्त टीम ने साइकिल पर जंगली सागौन की तीन बोटा लकड़ी ले जा रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। व्यक्ति की पहचान हरैया थाना क्षेत्र के झरिहरडीह गांव निवासी दीपक उर्फ ननके दुबे के रूप में हुई। (संवाद)

## ■ पांच परिवारों में कराया गया सुलह-समझौता

**बलरामपुर।** महिला थाना सभागार में रविवार को परिवार परामर्श केंद्र की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पति-पत्नी के बीच विवादों का निस्तारण कराने के लिए पत्रावलियां प्रस्तुत की गईं। महिला थाना प्रभारी विनीता चतुर्वेदी ने बताया कि परामर्शदाता अरुण कुमार यादव, वंदना मिश्रा, देवतादीन दुबे, महिला कांस्टेबिल गुलअफ्शा बानो, हेमा व ज्योति ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर एक साथ रहने के लिए राजी किया। (संवाद)

## ■ सवारी बैठाने पर मालवाहक वाहन होंगे सीज

**बलरामपुर।** सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए परिवहन विभाग सख्त हो गया है। अब मालवाहक वाहनों में सवारियां बैठाने पर वाहन को सीज कर दिया जाएगा। एआरटीओ बृजेश यादव ने बताया कि पिकअप, ट्रैक्टर-ट्रॉली व ट्रक समेत किसी भी मालवाहक वाहनों में सवारी बैठाना प्रतिबंधित है। ऐसे में माल ढोने वाले वाहन में सवारी बैठाने पर उसे सीज कर दिया जाएगा। (संवाद)

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-30-09-2024

हिन्दुस्त



अतिक्रमण कारियों को फटकार लगाते एसडीएम नानपारा

# एसडीएम ने अतिक्रमण हटवाया

रुपईडीहा। उपजिलाधिकारी नानपारा अश्विनी पांडेय पैदल ही बार्डर से बाजार की ओर पहुंचे। उनके साथ नायब तहसीलदार शैलेश अवस्थी व प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा शमशेर बहादुर सिंह अपने अमले के साथ रोड पर खड़े ठेलों व ई रिक्शों को चेतावनी देते हुए हटाने का निर्देश दिया। थोक सब्जी मंडी में पहुंच कर उन्होंने चाइनीज लहसुन की भी जांच की। उन्होंने स्टेशन रोड का अतिक्रमण नहीं देखा जहां पैदल चलना भी मुहाल है।

# अतिक्रमण हटवाने की चेतावनी

रुपईडीहा। नेपाल सीमा से सटी रुपईडीहा नगर पंचायत में भारी अतिक्रमण को देखते हुए नगर पंचायत अब चेती है। रविवार दोपहर अधिशाषी अधिकारी रंग बहादुर सिंह ने सार्वजनिक एनाउंस कराया है कि सोमवार तक अपना- अपना अतिक्रमण हटा लें अन्यथा आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

हिन्दुस्तान

# एंटी रोमियों की ओर से की जा रही चेकिंग

बहराइच। मिशन शक्ति अभियान के तहत थानों की महिला पुलिसकर्मियों व एन्टी रोमियो टीम द्वारा मन्दिर, बाजारों, प्रमुख मार्गों, स्कूल/कॉलेजों में जागरूकता व चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। महिलाओं एवं बच्चों की मानव तस्करी के बारे में महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया। उन्हें मनचलों, अराजक तत्वों से निपटने संग आत्मरक्षा करने के लिए आवश्यक आत्मरक्षात्मक गुण सिखाये गये। इसके अलावा 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्पलाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा और थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में जानकारी दी गई।

हिन्दुस्तान

# दलित उत्पीड़न मामले में गैरहाजिर गिरफ्तार

बहराइच। जरवलरोड थाने में तैनात दरोगा रंजीत भारती, मुख्य सिपाही कमलेश यादव, सिपाही विकास कुमार ने रेवढ़ा गांव में दबिश दी। पुलिस ने भक्तिनपुरवा निवासी पेशकार को कोर्ट से गैर हाजिर रहने पर वारंट होने के चलते गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किए जाने पर जेल भेज दिया गया है।

हिन्दुस्ता

# तस्करी कर नेपाल से लाई जा रही किशोरी बरामद की

## कार्रवाई

बहराइच, संवाददाता। भारत- नेपाल सरहद के भारतीय इलाके में स्थित इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट पर शनिवार रात एसएसबी की बीआईटी टीम ने नेपाली किशोरी बरामद की गई है। किशोरी को नेपाल से भारतीय इलाके में किशोरी को ला रहे तस्कर को भी धर दबोचा। नेपाली किशोरी को नेपाल की माइती संस्था व नेपाली पुलिस के हवाले कर दिया गया है। तस्कर से एसएसबी पूछताछ कर रही है।

सशस्त्र सीमा बल 43 वीं बटालियन के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत को शनिवार शाम भनक लगी कि कोई मानव तस्कर नेपाल से किसी नेपाली किशोरी को लेकर आ रहा है। उन्होंने डिप्टी कमांडेंट दिलीप कुमार को एसएसबी की बीआईटी टीम को सतर्क करने के निर्देश दिए। बीआईटी टीम ने एक भारतीय युवक को एक नेपाली किशोरी के साथ आते देखा। गहन पूछताछ में युवक बार- बार बयान बदल रहा था। कड़ाई से पूछताछ में युवक की पहचान लखीमपुर जिले के शारदा नगर थाने के बड़ा गांव मनकौड़ा निवासी 19 वर्षीय मुस्लिम पुत्र हनीफ के रूप में हुई, जबकि 15 वर्षीय किशोरी नेपाल के दैलेख जिले की निकली। युवक किशोरी को बहाने से लेकर आ रहा था। किशोरी को नेपाली पुलिस को सौंप दिया गया है।

## नेपाल पुलिस ने स्मैक सहित दो गिरफ्तार किए

रुपईडीहा। पड़ोसी देश नेपाल के जिला बांके की पुलिस ने नेपालगंज उप महानगर पालिका वार्ड नं 20 रांझा से 8 ग्राम 2 मिलीग्राम स्मैक के साथ जिले की डुडुवा गांव वार्ड नं 5 निवासी 36 वर्षीय संतराम अहीर को गिरफ्तार किया है। बांके जिले के डीएसपी व पुलिस प्रवक्ता नारायन डांगी ने बताया कि लगदाहवा से रांझा की ओर से आ रहे एक बाइक सवार को रोककर तलाशी के दौरान यह बरामदगी की है। इसी तरह कोहलपुर में 24 वर्षीय अविनाश चौधरी को 2 ग्राम 60 मिलीग्राम व 18 हजार रुपए नकद बरामद कर एसपी कार्यालय नेपालगंज ले जाया गया है।

हिन्दुस्तान

# रुपईडीहा में नेपाली होटलों के दलालों का फैला जाल

रुपईडीहा, संवाददाता। कस्बे में संचालित रोडवेज बस डिपो पर नेपाली होटलों के दलालों का जाल फैला हुआ है। भोर ही सीमा पार कर दलाल डिपो पर पहुंच रहे हैं। गैर प्रांतों से आने वाले नेपाली यात्रियों को होटलों में ठहरने का सब्जबाग दिखाकर ठग रहे हैं। इसका विरोध करने पर चालक व परिचालकों से मारपीट की भी नौबत आ रही है, लेकिन कुछ दूरी पर स्थित थाने की पुलिस इससे बेखबर है।

पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के बड़ी संख्या में कामगार भारतीय क्षेत्रों में काम के सिलसिले में रहते हैं। विशेष पर्व दशहरा को लेकर इस समय गैर प्रांतों से नेपाली कामगार अपने वतन लौट रहे हैं। हरिद्वार, उत्तराखंड, दिल्ली, गुजरात, लखनऊ व दूसरे राज्यों से सुबह ही रोडवेज से वह रुपईडीहा डिपो पर पहुंच रहे हैं। इन कामगारों को सीमा से लगे होटलों में ठहराव को लेकर दलाल खुली सीमा का फायदा उठाकर सुबह तीन से चार बजे ही दबे पांव डिपो पर आ रहे हैं। सस्तेदर पर विश्राम का झांसा देकर डिपो पर ही 500 से 1000 रुपये वसूल ले रहे हैं।

> “ नेपाली दलालों के रोडवेज डिपो से यात्रियों को जबरन ले जाने की शिकायत नहीं मिली है। पूरे मामले की जांच की जाएगी। पुलिस जवान डिपो पर नजर रखेंगे।
>
> **शमशेर बहादुर सिंह**, एसएचओ, रुपईडीहा

हिन्दुस्तान

# भेड़िए ने फिर उड़ाई नींद, तेज हुई पहरेदारी

■ अमरनाथ त्रिवेदी

■ सुस्त कवायद में आई तेजी, दौड़ने लगीं आला अफसरों की गाड़ियां
■ ग्रामीणों में दोबारा गहराई भेड़िए के हमले की दहशत

महसी। पंद्रह सितंबर को पिपरी मोहन गांव में 13 वर्षीय अरमान पर हमले के बाद इलाके में हमले नहीं हुए, तो भेड़ियों के हमले से बेफिक्र ग्रामीण राहत की सांस लेने लगे, वहीं प्रशासनिक अमले की राहत एवं बचाव की कवायदें भी सुस्त पड़ गईं। वन विभाग भी लोकेशन न मिलने का दावा करता रहा, लेकिन 10 दिन बाद गुरुवार की रात अलग-अलग गांवों में दो मासूमों पर हमलाकर फिर से प्रभावित इलाके में ग्रामीणों व प्रशासन की नींद उड़ा दी है। हालांकि वन विभाग इसे भेड़िए के हमले से इनकार किया है।

ढाई माह में पांच भेड़ियों के पकड़े जाने के बाद अपने कुनबे से बिछड़ने के गम में छठा भेड़िया 10 दिन साइलेंट मोड में रहा, तो सभी को भेड़ियों के आतंक से निजात की उम्मीद बंध गई। जहां ग्रामीणों में भेड़ियों का खौफ कम हो गया था, वहीं वन विभाग व प्रशासनिक तंत्र सहित आला अफसरों की राहत एवं बचाव कार्य की कवायदें भी सुस्त हो गई थीं। इन दो मासूमों पर हमले के बाद एक बार फिर से इलाके में मासूम बच्चों की जान की सुरक्षा की चुनौतियां खड़ी हो गई हैं। राहत की सांस ले रहे ग्रामीणों में दोबारा भेड़िए के हमले की दहशत गहरा गई है।



रायपुर में रात्रि गश्त में पहुंचे नोडल अधिकारी सीवीओ राजेश कुमार उपाध्याय

## बराबर गांव मा आवत रहे ब्लॉक के कर्मचारी

महसी। भेड़ियों आतंक शुरू होने के बाद जब से प्रभावित गांवों में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। तब से अब तक महसी ब्लॉक के कर्मचारी गांवों में बराबर रात्रि गश्त में जाते रहे। जबकि कई दिनों तक कोई हमला न होने पर तमाम कर्मचारियों ने गुरुवार को दो मासूमों पर हमला होने से पहले सिर्फ फोटो खिंचवाने तक सीमित रहे।

सरकारी मशीनरी द्वारा किए जा रहे राहत एवं बचाव कार्यों तथा जागरूकता अभियान की सुस्त कवायदें तेज हो गई और उसी रात हमले के बाद से ही गांवों में आला अफसरों की गाड़ियां दौड़ने लगीं।

# चोरी के सामान के साथ दो गिरफ्तार

बहराइच। रामगांव थाने में तैनात दरोगा विनोद सिंह, सिपाही अमजद अली, विजय शंकर सिंह, संदीप उपाध्याय, सिपाही राज कुमार, विवेक कुमार, कृष्ण कुमार चौधरी ने रामदासपुरवा गांव के पास दबिश दी। पुलिस ने सोहरवा के रामदासपुरवा निवासी जंगली, मोहम्मद नगर के फत्तेपुरवा निवासी सुशील पाल उर्फ जैनी को पकड़ा। इनके पास से एचपी कंप्यूटर मानीटर, सीसीटीवी कैमरा, चांदी का सिक्का, दस हजार, आरी ब्लेड सहित, बेलचा, तार कटर बरामद किया।

# लापता अधेड़ का नहीं लगा सुराग

बहराइच। नवाबगंज थाने के मिर्जा फांटा निवासी शोभाराम 21 सितम्बर को घर से निकले थे। फिर उनका कोई पता नहीं चला। रात में घर नहीं पहुंचने पर 22 सितम्बर सुबह से परिजनों ने उनकी तलाश में हर संभावित जगह को छान मारा। कोई जानकारी न लगने पर थाने में भी तहरीर दी गई है।

# चोरी का सामान बरामद

रामगांव : थानाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने बताया कि सोहरवा के रामदासपुरवा निवासी जंगली व ग्राम फत्तेपुरवा मोहम्मदनगर निवासी सुशील पाल उर्फ जैनी को रामदासपुरवा के पास से गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से एक कंप्यूटर मानीटर, एक सीसी कैमरा, एक चांदी का सिक्का, दस हजार रुपये व उपकरण बरामद किया गया है। (संसू)

# भेड़िये को आबादी से दूर रखने की कोशिश में जुटा वन विभाग

संसू, जागरण• महसी (बहराइच) : भेड़िये के सरदार को पकड़ने के लिए वन विभाग की चौकसी जारी है। हमलों पर नियंत्रण के लिए पहरा और कड़ा कर दिया गया है। वन कर्मियों ने पूरी ताकत लगा दी है, लेकिन उसकी लोकेशन नहीं मिल रही है। भेड़िये को आबादी से दूर रखने के लिए गांवों में शाम होते ही गोले-पटाखे की आवाज गूंजने लगती है।

कछार में आतंक का पर्याय बने भेड़िये के कुनबे के पांच भेड़िये सदस्य पकड़े जा चुके हैं। कुनबे का सरदार छठवां भेड़िया अभी भी पकड़ से बाहर है। वह वनकर्मियों के साथ लुकाछिपी का खेल खेल रहा है। गुरुवार को सिसैया गांव स्थित कछार में वह विचरण करता दिखाई दिया था। वन विभाग ने उसे पकड़ने के लिए जाल बिछाया, लेकिन वह भाग निकला था। उसके लगातार लोकेशन बदलते रहने से वन कर्मी हलकान हैं। डीएफओ अजीत प्रताप सिंह का कहना है कि पहरा कड़ा कर दिया गया है। पूरे क्षेत्र को तीन सेक्टर में बांटकर निगरानी की जा रही है। वन विभाग की 25 टीमें कांबिंग कर रही हैं। पूरी रात गश्त के साथ ड्रोन से सर्च आपरेशन के साथ लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे है। उन्होंने कहा कि कई दिनों से भेड़िए का कोई हमला सामने नहीं आया है।



# कार, नकदी व जेवरात के साथ सात गिरफ्तार

जासं • बहराइच: जिले की एसओजी टीम व देहात कोतवाली पुलिस ने इलाके में हो रही चोरी की घटनाओं का राजफाश करते हुए सीतापुर निवासी सात लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पांच लाख से अधिक की नकदी, 10 किलो से अधिक सोने-चांदी के जेवरात व एक कार बरामद की गई है। पकड़े गए आरोपितों का आपराधिक इतिहास भी है । कई जिलों में इनके खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक सिटी रामानंद कुशवाहा ने बताया कि देहात कोतवाली इलाके में बंद घरों की रेकी कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले सात लोगों को त्रिमुहानी मोड़ के पास से शनिवार की भोर गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपितों में सीतापुर जिले के रेउसा थाना के कस्बा निवासी संजय कुमार पुत्र उमाशंकर व संजय कुमार पुत्र त्रिकोलीनाथ, तंबौर थाना क्षेत्र के बहेटा निवासी संजय रस्तोगी, शीर्षटोला कस्बा निवासी सलमान, खैराबाद थाना के उड़हन सराय निवासी सिराज, थानगांव इलाके के शमशेरीपुरवा निवासी कासिम व आलम उर्फ कल्लू शामिल हैं। आरोपितों के पास से एक कार, 5,02,600 रुपये, दो चेन, अंगूठी, चांदी के सिक्के, करधन, पायल, पायजेब, बिछुआ, सीसी कैमरा, डीवीआर सहित कई अन्य सामान बरामद किया गया है। गिरफ्तारी टीम में एसओजी प्रभारी दिवाकर तिवारी, एसआइ अनुज त्रिपाठी, सर्विलांस सेल के करुणेश शुक्ल, एसआइ अमित प्रकाश, विनय पांडेय, दीनानाथ, प्रभात कुमार, महिला एसआइ कोमल आदि शामिल रहे।



पुलिस लाइन सभागार में चोरी का राजफाश करते एएसपी नगर रामानंद कुशवाहा • जागरण

• पकड़े गए सीतापुर के आरोपित है आपराधिक इतिहास, कई जिलों में दर्ज हैं मुकदमे

# अफवाहों पर न दें ध्यान

रामगांव (बहराइच)। एसडीएम महसी अखिलेश कुमार सिंह और क्षेत्राधिकारी रूपेंद्र गौड़ की अध्यक्षता में थाना रामगांव में रविवार को शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में समाजसेवी, व्यापारी, धार्मिक नेता, प्रधान, बीडीसी और विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर एसडीएम ने कहा कि कोई भी नई परंपरा की शुरुआत नहीं होने दी जाएगी। दुर्गा पूजा व दशहरा त्योहारों में शांति और सौहार्द का वातावरण बनाए रखें और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। (संवाद)

# सीओ ने पैदल गश्त कर परखी सुरक्षा

**नवाबगंज।** सीओ नानपारा प्रद्युम्न सिंह शनिवार की रात नेपाल सीमा से सटे नवाबगंज थाना क्षेत्र पहुंचे। उन्होंने थाना प्रभारी शीला यादव के साथ नवाबगंज कस्बा समेत हज्जिन मस्जिद चौराहा, चौक घंटाघर, छावनी चौराहा आदि स्थानों की सुरक्षा का जायजा लिया। साथ ही पुलिस कर्मियों को आगामी पर्व को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध के लिए निर्देशित किया। इस दौरान आरक्षी राधेश्याम, आजाद सिंह, भोला यादव आदि मौजूद रहे। (संवाद)

# चोरी के सामान के साथ दो गिरफ्तार

**बहराइच।** सीओ महसी रुपेंद्र गौड़ ने बताया कि रविवार को रामगांव पुलिस ने रामदासपुरवा निवासी जंगली व फत्तेपुरवा निवासी सुशील पाल उर्फ जैनी को गिरफ्तार किया। दोनों के पास से 19 इंच का एक कंप्यूटर मॉनीटर, एक सीसीटीवी कैमरा, एक चांदी का सिक्का व 10000 रुपये नकद के साथ चोरी में प्रयुक्त एक अदद आरी, एक अदद लोहे का बेलचा आदि बरामद हुआ है। (संवाद)

# मारपीट का एक वारंटी गिरफ्तार

**बहराइच।** सीओ कैसरगंज अनिल कुमार सिंह ने बताया कि जरवलरोड थाना क्षेत्र के भक्तिनपुरवा निवासी पेशकार पर एससी-एसटी एक्ट व मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज है। आरोपी न्यायालय पर हाजिर नहीं हो रहा था। जिसे जरवलरोड पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। (संवाद)

# आपसी सौहार्द से मनाएं सभी पर्व

**रुपईडीहा, संवाददाता।** थाने में रविवार शाम शान्ति कमेटी की बैठक हुई। संचालन करते हुए डॉ. सनत कुमार शर्मा ने कहा कि पूरे थाना क्षेत्र में प्रतिमाओं को लेकर कोई विवाद की सूचना नहीं है। भक्ति भाव से सारी समितियों पर पूजा होगी। रुपईडीहा पंचायत के चेयरमैन डॉ. उमाशंकर वैश्य ने कहा कि शारदीय नवरात्र पवित्र पर्व है। माता की आराधना श्रद्धा पूर्वक सामूहिक रूप से प्रेम पूर्वक की जाए।

वहीं कैसरगंज थाने में उप जिलाधिकारी आलोक प्रसाद की अध्यक्षता में पीस कमेटी की एक बैठक हुई। जिसका संचालन प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह ने किया। एसडीएम ने कहा कि किसी नई परम्परा की शुरुआत नहीं होने दी जाएगी। दुर्गा पूजा व दशहरा का पर्व आपसी सौहार्द के साथ मनाएं। नशे की स्थिति में किसी भी प्रकार के व्यक्ति को पूजा पंडाल में प्रवेश न दें। विषम परिस्थितियों में पुलिस प्रशासन को सूचित कर सहयोग करें।

# प्रेम व सौहार्द के साथ मनाएं दुर्गा पूजा व दशहरा

कैसरगंज। एसडीएम आलोक प्रसाद की अध्यक्षता में कोतवाली कैसरगंज में दुर्गा पूजा व दशहरा पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सभी धर्मों के धर्मावलंबी मौजूद रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम ने कहा कि कहीं भी नई परंपरा की अनुमति नहीं है। आपसी प्रेम व सौहार्द के साथ पर्व मनाएं। नशे की हालत में किसी भी पूजा पंडाल में प्रवेश न दें। प्रशासन व पुलिस की टीमें अराजक तत्वों से सख्ती के साथ निपटेंगी। बैठक में कोतवाल राजनाथ सिंह, प्रभात सिंह, कौशलेंद्र चौधरी, बुद्धि सागर गुप्ता, मौलाना खालिद आदि मौजूद रहे। (संवाद)

# जाम से निजात को शुरू हुई रूट डायवर्जन की व्यवस्था

संवाद न्यूज एजेंसी

बहराइच। जिला व पुलिस प्रशासन की ओर शहरवासियों को जाम से निजात दिलाने की पहल रविवार से शुरू कर दी है। प्रशासन द्वारा शहर में रूट डायवर्जन की व्यवस्था बनाकर धरातल पर उतार दिया है। अब ई रिक्शा संचालक निर्धारित रूट पर ही वाहनों का संचालन कराएंगे।

शहर में अव्यवस्थित ढंग से फर्राटे भर रहे ई रिक्शा संचालकों के चलते शहर आए दिन जाम की चपेट में रहता था। जिससे शहरवासियों को खासी परेशानी उठानी पड़ती थी। व्यापारियों की दुकान के सामने आए दिन लगने वाले जाम से व्यापारियों के व्यवसाय पर भी खासा असर पड़ रहा था। शहरवासी जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए प्रशासन से ठोस कार्ययोजना बनाने की मांग करते आ रहे थे।

## ई रिक्शा संचालक अब निर्धारित रुट पर ही चलाएंगे वाहन

जिला व पुलिस प्रशासन की ओर से अब शहरवासियों को जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए रूट डायवर्जन कर व्यवस्था को रविवार से ही धरातल पर उतार दिया है। हालांकि प्रशासन पहले यह व्यवस्था एक अक्तूबर से लागू करने जा रहा था, लेकिन ई रिक्शा संचालकों की मनमानी से प्रशासन ने यह व्यवस्था रविवार से ही तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया है।

व्यवस्था को चाक चौबंद बनाने के लिए प्रशासन ने शहर के मुख्य चौक बाजार समेत अन्य भीड़-भाड़ वाले चौराहों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती कर दी है। प्रशासन की रूट डायवर्जन की व्यवस्था सुबह नौ बजे से रात दस बजे प्रभावी रहेगी।

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:--30-09-2024

# राप्ती नदी में पानी बढ़ा तो लैबुडवा में कटान तेज

**बाढ़ का खतरा**

इकौना। राप्ती नदी की बाढ़ के साथ कटान से आठ घर नदी में समा गए हैं। लेकिन कटान रोकने का समुचित उपाय नहीं किया गया। रविवार को लोग अपने घरों को उजाड़ रहे थे।

विकासखंड इकौना ग्राम लैयबुडवा निवासी अलखराम यादव, पूर्व प्रधान कन्धई लाल, शिवकुमार, राघव राम, देवेंद्र प्रताप, सरबजीत,दिनेश कुमार, राकेश कुमार, अशोक कुमार का पक्का मकान राप्ती नदी के कटान की भेंट चढ़ गए हैं। इस गांव को बचाने के लिए तीन वर्ष पूर्व बचाव का प्रयास किया गया था। लेकिन बचाव के लिए किया गया कार्य ग्रामीणों के घरों को नहीं बचा सका। शिवकुमार व देवेंद्र का रिहायसी पक्का मकान व टीन सेड नदी में समाहित हो चुका है। राप्ती नदी बाढ़ का पानी घटते ही मुहाने पर बना पक्का मकान कटते जा रहे हैं और लोग अपने हाथों से घरों को उजाड़ रहे हैं। कटान को रोकने के लिए बाढ़ विभाग के अधिकारियों ने आश्वासन दिया था। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीण छेदीराम,चिताराम, अखिलेश, छोटेलाल, हरिराम आदि दो दर्जन घर कटान की चपेट में आ गए हैं।



लैबुडवा गांव में कटान के मुहाने पर पक्का घर।

## खतरे के निशान से 70 सेंटीमीटर ऊपर राप्ती

जमुनहा। दो दिनों तक लगातार बारिश के बाद राप्ती नदी में बाढ़ आ गई। रविवार को राप्ती का जलस्तर कम हो गया। फिर भी राप्ती नदी बैराज पर रविवार शाम छह बजे तक खतरे के निशान से 70 सेंटीमीटर ऊपर बह रही थी। बाढ़ से प्रभावित गांवों में पानी कम हो गया है। राप्ती बैराज का जलस्तर शनिवार शाम छह बजे तक 127.70 के निशान के बजाय 128.85 तक पहुंच गया। जो खतरे के निशान से एक मीटर 15 सेंटीमीटर ऊपर था। रविवार शाम को जलस्तर 128.40 हो गया।

# 75 वाहनों का चालान लगाया गया जुर्माना

श्रावस्ती। पुलिस की ओर से चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत शनिवार को चेकिंग लगा कर 75 वाहनों का ई चालान किया गया। इसके साथ ही एक लाख 15 हजार रुपए का ई चालान किया गया।

# पैदल गश्त कर दिया सुरक्षा का भरोसा

श्रावस्ती। रविवार को पैदल गस्त के दौरान पुलिस कर्मियों ने प्रमुख कस्बों व क्षेत्रों में पैदल मार्च करके लोगों से बातचीत की। इस दौरान संदिग्ध लोगों के दिखने पर पुलिस को सूचित करने तथा बिना पुलिस वेरिफिकेशन के चौकीदारों को न रखने की अपील की।

# 75 वाहनों का ई–चालान

श्रावस्ती : यातायात नियमों का पालन कराने के लिए पुलिस ने अभियान चलाकर वाहनों की जांच की। नियमों का उल्लंघन करने वाले 75 वाहनों का ई–चालान किया गया। एक लाख 15 हजार रुपये जुर्माना वसूल किया गया। वाहन चालकों को जागरूक किया गया (वि.)